CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 24°C
न्यूनतम : 12°C

मुजफ्फरनगर, बुधवार 25 फरवरी 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 40 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 7 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मोदी डरपोक हैं, युवा कांग्रेस कार्यकर्ता नहीं : खड़गे पेज 2



आईसीसी रैंकिंग में भारत और ऑस्ट्रेलिया की महिलाओं को फायदा खेल टाइम्स



कानूनी ब्लैक होल्स की धारणा सम्पादकीय



ट्रम्प के इमरजेंसी टैरिफ की वसूली आज से बंद पेज 12

# अब 8वीं के बच्चे पढ़ेंगे ज्यूडीशियरी में करप्शन क्या है

**नई दिल्ली।** नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) ने 8वीं क्लास की नई सोशल साइंस टेक्स्टबुक में ज्यूडीशियरी में करप्शन पर एक सेक्शन शुरू किया है। यह पहली बार है जब 8वीं के बच्चे ज्यूडीशियरी में करप्शन क्या होता है, इसके बारे में पढ़ेंगे।

इस चैप्टर में सुप्रीम कोर्ट के 81 हजार, हाईकोर्ट्स के 62 लाख 40 हजार, डिस्ट्रिक्ट और सबऑर्डिनेट कोर्ट के 4 करोड़ 70 लाख पेंडिंग केस की संख्या भी बताई गई है। यह पिछले एडिशन के मुकाबले एक बड़ा बदलाव है। पिछले चैप्टर में ज्यादा दातर कोर्ट के स्ट्रक्चर और रोल पर फोकस किया गया था। बदले हुए चैप्टर का नाम 'हमारे समाज में ज्यूडीशियरी की भूमिका' है। इसमें कोर्ट की हायरार्की और न्याय तक पहुंच को समझाने से ज्यादा ज्यूडीशियल सिस्टम के सामने आने वाली चुनौतियों जैसे करप्शन और केस बैकलॉग को बताया गया है। करप्शन वाले सेक्शन में बताया गया है कि जज एक कोड ऑफ कंडक्ट से बंधे होते हैं, जो न केवल कोर्ट में बल्कि कोर्ट के बाहर भी उनके व्यवहार को कंट्रोल करता है।





- एनसीईआरटी ने सोशल साइंस में जोड़ा नया सेक्शन
- पेंडिंग केस, पूर्व सीजेआई का भी हवाला दिया गया
- बच्चे पढ़ेंगे ऐसे मोशन पर सही जांच के बाद ही विचार किया जाता है

ज्यूडीशियरी के अंदरूनी अकाउंटेबिलिटी सिस्टम को भी समझाया गया है। सेंट्रलाइज्ड पब्लिक ग्रीवांस रिड्रेस एंड मॉनिटरिंग सिस्टम (सीपी ग्रेम्स) के जरिये शिकायतें लेने के तय तरीके भी बताए गए हैं। किताब के मुताबिक सीपी ग्रेम्स सिस्टम के जरिये 2017 और 2021 के बीच 1,600 ज्यादा शिकायतें मिली थीं। किताब में गंभीर मामलों में जजों को हटाने के संवैधानिक नियम के बारे में भी बताया गया है कि पार्लियामेंट इंपीचमेंट मोशन पास करके जज को हटा सकती है। बच्चे पढ़ेंगे कि ऐसे मोशन पर सही जांच के बाद ही विचार किया जाता है। इस दौरान जज को मामले में अपना पक्ष रखने का पूरा मौका दिया जाता है। चैप्टर में लिखा है कि लोग ज्यूडीशियरी के अलग-अलग लेवल पर करप्शन का सामना करते हैं। गरीबों और जरूरतमंदों की न्याय तक पहुंच की समस्या और बिगड़ सकती है। यह भी बताया है कि राज्य और केंद्र ट्रांसपेरेंसी और पब्लिक ट्रस्ट को मजबूत करने की कोशिशें कर रहे हैं। इसमें टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल और करप्शन के मामलों के खिलाफ फास्ट एक्शन लेना शामिल है।

## युवा कांग्रेस अध्यक्ष चिब भी भारत मंडपम प्रदर्शन मामले में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब को एआई शिखर सम्मेलन के दौरान यहां भारत मंडपम में प्रदर्शन करने के आरोप में पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। युवा कांग्रेस के सूत्रों के अनुसार श्री चिब को सोमवार को पुलिस ने पूछताछ के लिए बुलाया और उसके बाद उन्हें हिरासत में ले लिया। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने श्री चिब को रातभर तिलक मार्ग थाने में हिरासत में रखा और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। दिल्ली पुलिस ने श्री चिब के अलावा युवा कांग्रेस के प्रदर्शनकारी सात अन्य युवाओं को पहले ही हिरासत में लेकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। राहुल गांधी ने एआई शिखर सम्मेलन के दौरान यहां भारत मंडपम में विरोध प्रदर्शन करने के आरोप में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी को तानाशाही करार दिया।

## सातवां रोज़ा

### अल्लाह तक पहुंचने का रास्ता दिखाता है सातवां रोज़ा



रमजान माह का पहला अशरा रहमत का माना जाता है। यानी शुरुआती दस रोजे किसी दरिया के मानिन्द हैं, जिसमें अल्लाह की रहमत का पानी बहता रहता है। रोज़ादार तक्वा को अपनाते हुए जब रोज़ा रखता है, तो वह बेशुमार नेकियों का हकदार हो जाता है। ये नेकियां सदाकत और सदाअत का सैलाब बनकर उसके लिए बख्शीश की दुआ अल्लाह से करती हैं। कुरआने पाक में जिक्र है, ऐ इंसान तू अपने परवरदिगार की तरफ खूब कोशिश करता है, सौ उससे जा मिलेगा। इस जिक्र को रोज़े की रोशनी में देखें, तो उसकी तशरीह इस तरह होगी कि रोज़ा रहमत का दरिया तो है ही, नेकी के सैलाब के साथ अल्लाह तक पहुंचने का जरिया भी है। इसको यूं भी कहा जा सकता है कि जब रास्ता लंबा हो, दुश्वारियां हों, भटकने के आसार हों, कांटों-कंकरों की चुभन से पांवों के लहूलुहान होने का डर हो तो ईमानदारी के साथ रखा गया रोजा राह को हमवार और दुश्वारियों को दरकिनार कर देता है।

# प. बंगाल मतदाता सूची संशोधन पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

## ओडिशा-झारखंड के सिविल जज करेंगे वेरिफिकेशन कार्य में मदद

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अहम आदेश दिया है। अदालत ने कहा है कि चुनाव प्रक्रिया की पवित्रता बनाए रखना सबसे जरूरी है। समय कम है और काम बहुत बड़ा है। ऐसे में न्यायिक अधिकारियों की संख्या बढ़ाना जरूरी है। इसी को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को अतिरिक्त सिविल जज तैनात करने की अनुमति दे दी है। ,सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश तीन साल से अधिक अनुभव वाले सिविल जज, चाहे वे सीनियर डिवीजन के हों या जूनियर डिवीजन के, एसआईआर प्रक्रिया में लगा सकते हैं। यदि इसके बाद भी मानव संसाधन की कमी हो तो झारखंड और उड़ीसा हाईकोर्ट से सेवारत या सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारियों की मदद ली जा सकती है। अदालत ने दोनों राज्यों के मुख्य न्यायाधीशों से ऐसे अनुरोध पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने को कहा है। सुनवाई के दौरान बताया गया कि अब तक 294 जिला और अतिरिक्त जिला जज एसआईआर के अंतिम चरण में तैनात किए गए हैं। इसके बावजूद यह संख्या पर्याप्त नहीं मानी गई। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने बताया कि यदि एक जज रोज 250 मामलों की सुनवाई करे तो भी पूरी प्रक्रिया को पूरा करने में लगभग 80 दिन लग सकते हैं। जबकि अंतिम मतदाता सूची 28 फरवरी को प्रकाशित होनी है। इसलिए समय की भारी कमी है। मुख्य न्यायाधीश अतिरिक्त सिविल जज (सीनियर और जूनियर डिवीजन) तैनात कर सकते हैं, जिनके पास कम से कम तीन साल का अनुभव हो। पहले से तैनात जिला और अतिरिक्त जिला जजों के अलावा जरूरत के अनुसार और न्यायिक अधिकारी लगाए जा सकते हैं। यदि राज्य में उपलब्ध जज पर्याप्त न हों तो झारखंड और उड़ीसा हाईकोर्ट से सेवारत या सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारियों की मदद मांगी जा सकती है। झारखंड और उड़ीसा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों से ऐसे अनुरोध पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने को कहा गया है। तैनात न्यायिक अधिकारी एसआईआर प्रक्रिया में आए दावों और आपत्तियों की निगरानी और सत्यापन में मदद करेंगे। पूरी प्रक्रिया समयबद्ध और निष्पक्ष तरीके से पूरी की जाए, यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है।

तीन साल से अधिक अनुभव वाले सिविल जज, चाहे वे सीनियर डिवीजन के हों या जूनियर डिवीजन के, SIR प्रक्रिया में लगा सकते हैं



इनका खर्च चुनाव आयोग उठाए, 80 लाख दावों का निपटारा बाकी, अंतिम मतदाता सूची 28 फरवरी को प्रकाशित होगी

# अब केरलम के नाम से जाना जाएगा केरल, कैबिनेट की मंजूरी

## पीएम के नए ऑफिस सेवा तीर्थ में हुई पहली मीटिंग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी के नए ऑफिस सेवा तीर्थ में मंगलवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक हुई। इसमें कुल 12,236 करोड़ के प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी गई है। कैबिनेट ने मध्य प्रदेश, बिहार और झारखंड में तीन रेल प्रोजेक्ट समेत कुल 8 फैसले लिए हैं। बैठक में पावर सेक्टर में सुधारों पर पॉलिसी से जुड़े फैसले हुए और केरल सरकार के राज्य का नाम बदलकर केरलम करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

केरल में अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव हो सकते हैं। कैबिनेट ने तीन नए रेल प्रोजेक्ट के तहत गोंदिया-जबलपुर रेल लाइन के डबलिंग, गम्हरिया-चांडिल और पुनारख-किऊल के बीच तीसरी-चौथी रेल लाइन को मंजूरी दी है। साथ ही श्रीनगर में एक नया एयरपोर्ट टर्मिनल बनेगा और अहमदाबाद मेट्रो के फेज 2बी का एक्सटेंशन होगा। कैबिनेट से मंजूरी के बाद अब राष्ट्रपति 'केरल (नाम में बदलाव) बिल, 2026' को संविधान के अनुच्छेद 3 के तहत केरल विधानसभा की राय के लिए भेजेंगे। विधानसभा की राय मिलने के बाद, सरकार संसद में बिल पेश करेगी। संसद से पास होने पर राज्य का नाम आधिकारिक रूप से केरलम हो जाएगा। केरल विधानसभा से 24 जून 2024 को प्रस्ताव पास हुआ था। इस प्रस्ताव के मुताबिक केरल का असल में मलयाली भाषा में नाम केरलम है।

- रेल-मेट्रो और एयरपोर्ट प्रोजेक्ट्स के लिए 12,236 करोड़ रुपये मंजूर

### कच्चे जूट की एमएसपी में 275 रुपये का इजाफा, नया दाम 5,925 रुपये प्रति क्विंटल

**नई दिल्ली।** सरकार ने विपणन सीजन 2026-27 के लिए कच्चे जूट के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को 275 रुपये क्विंटल बढ़ाते हुए 5,925 प्रति क्विंटल तय कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में 'सेवा तीर्थ' में मंत्रिमंडल की मंगलवार को हुई पहली बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं को यह जानकारी दी। विपणन सीजन 2026-27 के लिए कच्चे जूट का घोषित यह समर्थन मूल्य, साल 2018-19 के बजट में घोषित लागत के कम से कम 1.5 गुना के स्तर पर एमएसपी तय करने के सिद्धांत के अनुरूप है।





# योगी के दौरे का दूसरा दिन: एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लिए निवेश आमंत्रण

**सिंगापुर/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने आधिकारिक दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को सिंगापुर के उप-प्रधानमंत्री एवं व्यापार और उद्योग मंत्री तथा राष्ट्रीय सुरक्षा के समन्वय मंत्री और गृह मंत्री से मुलाकात की।

उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल की उपस्थिति में हुई इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य उप्र को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की दिशा में सिंगापुर की विशेषज्ञता और निवेश को आकर्षित करना रहा। चर्चा का केंद्र शहरी नियोजन, आंतरिक सुरक्षा ढांचे और डिजिटल गवर्नेंस में सहयोग बढ़ाने पर रहा। डिप्टी पीएम गान किम योंग के साथ हुई बातचीत में सीएम ने उप्र के 'प्रो-बिजनेस' वातावरण, व्यापक लैंड बैंक और जल्द शुरू होने जा रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की रणनीतिक कनेक्टिविटी का उल्लेख किया।

- सीएम ने सिंगापुर के डिप्टी पीएम सहित कई नेताओं से भेंट की

# हल्द्वानी अतिक्रमण विवाद: जमीन रेलवे की है, अतिक्रमणकारी शर्तें तय नहीं कर सकते

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/हल्द्वानी।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को उत्तराखंड विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देश दिया कि वह एक शिविर लगाए, ताकि रेलवे परियोजना के लिए आवश्यक सरकारी जमीन पर रह रहे और बेदखली का सामना कर रहे परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पुनर्वास के लिए आवेदन कर सकें।

याचिकाकर्ताओं के आग्रह पर कोर्ट ने कहा कि यह शिविर 15 मार्च के बाद लगाया जाए, क्योंकि उन्होंने इसे रमजान के महीने के बाद आयोजित करने की मांग की थी। शीर्ष कोर्ट ने नैनीताल के जिला कलेक्टर और अन्य राजस्व अधिकारियों को आवश्यक सहायता देने का निर्देश दिया। यह पूरी प्रक्रिया 31 मार्च से पहले पूरी की जानी है। शीर्ष कोर्ट ने यह भी कहा कि जिला कलेक्टर हर परिवार की योजना के तहत पात्रता तय करें और अपनी रिपोर्ट कोर्ट में पेश करें। सीजेआई सूर्यकांत और जायमाल्या बागची की बेंच दिसम्बर 2022 में उत्तराखंड हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें हल्द्वानी में सार्वजनिक जमीन पर कथित रूप से कब्जा करने वाले करीब 50 हजार लोगों को हटाने का निर्देश दिया गया था।

- सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड विधिक सेवा प्राधिकरण को शिविर लगाने का दिया निर्देश

# पवन हंस का हेलीकॉप्टर समुद्र में गिरा, सभी 7 लोग सुरक्षित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** विमानन क्षेत्र की सरकारी कंपनी पवन हंस का एक हेलीकॉप्टर मंगलवार सुबह मायाबंदर के पास समुद्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। राहत की बात यह रही कि हेलीकॉप्टर में सवार सभी सात लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया।

अधिकारियों के अनुसार, यह हादसा सुबह लगभग 9:30 बजे हुआ। हेलीकॉप्टर ने श्री विजया पुरम से सुबह करीब 8:45 बजे उड़ान भरी थी और लगभग 45 मिनट बाद समुद्र में गिर गया। प्रारंभिक जांच में तकनीकी खराबी की आशंका जताई गई है। एक वरिष्ठ नागरिक उड्डयन अधिकारी ने बताया कि तकनीकी गड़बड़ी के बाद पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए पानी पर क्रैश लैंडिंग की। सभी यात्रियों और चालक दल के सदस्यों को समुद्र से सुरक्षित निकालकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों का इलाज डा. राजेंद्र प्रसाद अस्पताल में चल रहा है। नागरिक उड्डयन निदेशक नितेश रावत ने बताया कि पायलट सहित कुल सात लोग सवार थे और सभी सुरक्षित हैं। पायलट का बयान अभी दर्ज किया जाना बाकी है। प्रशासन घायलों को श्री विजया पुरम स्थानांतरित करने की कोशिश कर रहा है। घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

- प्रारंभिक जांच में तकनीकी खराबी की आशंका जताई गई

## संक्षिप्त समाचार

### अविमुक्तेश्वरानंद ने दाखिल की अग्रिम जमानत याचिका

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ दर्ज यौन उत्पीड़न के मामले में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने अपने अधिवक्ता राजिर्ष गुप्ता, सुधांशु कुमार और श्री प्रकाश के माध्यम से उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत की अर्जी दाखिल की है। याचिका पर शीघ्र सुनवाई होने की संभावना है।

### लेह जा रही स्पाइसजेट की उड़ान रास्ते से दिल्ली लौटी

**नई दिल्ली।** दिल्ली से लेह जा रही स्पाइसजेट की एक उड़ान इंजन में खराबी के कारण मंगलवार सुबह आधे रास्ते से दिल्ली वापस लौट आई, जहां उसकी आपात स्थिति में सुरक्षित लैंडिंग हुई। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी।

# लोकसभा अध्यक्ष ने 64 पार्लियामेंट्री फ्रेंडशिप ग्रुप्स बनाए

**नई दिल्ली।** लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने मंगलवार को 64 देशों के साथ पार्लियामेंट्री फ्रेंडशिप ग्रुप्स (पीएफजी) का गठन किया है। इन ग्रुप्स का मकसद दूसरे देशों के साथ संसदीय कूटनीति को मजबूत करना और वैश्विक मंच पर भारत की संसद की एकजुट लोकतांत्रिक आवाज पेश करना है।

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद पीएम मोदी ने भारत और अन्य देशों के बीच संवाद बढ़ाने के लिए पीएफजी बनाने का प्रस्ताव दिया था। अब लोकसभा अध्यक्ष ने इसका गठन किया है। 64 ग्रुप्स में लोकसभा और राज्यसभा के कुल 704 सांसद हैं। हर ग्रुप में एक लीडर और 10 सदस्य हैं। इनमें भाजपा के सबसे ज्यादा 30 ग्रुप लीडर हैं। कांग्रेस के 10, समाजवादी पार्टी, द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के 3-3 सांसद ग्रुप लीडर बनाए गए हैं। भाजपा की तरफ से ग्रुप लीडर्स में हेमा मालिनी, मनोज तिवारी, निशिकांत दूबे जैसे बड़े नाम शामिल हैं। कांग्रेस से शशि थरूर, टीएमसी से अभिषेक बनर्जी और एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन औवेसी भी ग्रुप लीडर बनाए गए हैं। हालांकि, पीएफजी के सदस्य कैसे काम करेंगे, अभी इसकी औपचारिक जानकारी नहीं दी गई है। केंद्र सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद दुनियाभर में भारत का पक्ष रखने के लिए 17 मई 2025 को 59 सदस्यों वाले डेलिगेशन की घोषणा की थी। इसमें 51 नेता और 8 राजदूत थे। एनडीए के 31 और 20 दूसरे दलों के नेता थे, जिसमें 3 कांग्रेस नेता भी थे। ये डेलिगेशन दुनिया के 33 देशों, खासकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के सदस्य देशों में गया और वहां ऑपरेशन सिंदूर और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर भारत का पक्ष रखा। इस डेलिगेशन को 7 ग्रुप में बांटा गया था। हर ग्रुप में एक सांसद को लीडर बनाया गया। प्रत्येक ग्रुप 8 से 9 सदस्य थे। इनमें 6-7 सांसद, सीनियर लीडर (पूर्व मंत्री) और राजदूत शामिल थे।



- हर ग्रुप में एक लीडर समेत 11 सांसद
- फ्रांस में थरूर, जापान में अखिलेश यादव नेतृत्व करेंगे

## तुरन्त आवश्यकता

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये

- अलमीरा कारीगर-10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607, 9389076177

## संक्षिप्त समाचार

### शंकराचार्य मामले में कांग्रेस आज यूपी में प्रदर्शन करेगी

**वाराणसी।** यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने शंकराचार्य मामले में पीएम मोदी से हस्तक्षेप की मांग की है, साथ ही कहा कि कल(आज)कांग्रेसी पूरे प्रदेश में प्रदर्शन कर जिलाधीशों के जरिए पीएम को ज्ञापन सौंपेंगे। प्रयागराज में दर्ज हुए मुकदमे में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की गिरफ्तारी कब होगी इसे लेकर संशय बना हुआ है। सोमवार को पूरे दिन चली हलचल के बीच शंकराचार्य की गिरफ्तारी नहीं हुई और देर रात तक इस पर लोगों की निगाह बनी रहीं। आज भी इस मामले में अब तक गिरफ्तारी की अफवाह चल रही है, लेकिन पुलिस टीम कहां है यह नहीं पता।

### राष्ट्र विरोधी ताकतों की भाषा बोल रहे राहुलः अनुराग

**धर्मशाला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर से लोकसभा सांसद अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए उनके नाम की नई फुल फॉर्म बता दी है। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत में अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज राहुल का मतलब है रा से रार, हु से हुड़दंग और ल से लफंगई। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी की राजनीति अब केवल टकराव, विरोध और भ्रम फैलाने तक सीमित रह गई है। ठाकुर ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ अपनी भूमिका निभानी चाहिए। अनुराग ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी अब राष्ट्र विरोधी ताकतों की भाषा बोल रहे हैं। ऐसा लगता है मानो राहुल अब राष्ट्र विरोधी ताकतों के प्रवक्ता बन गए हैं। जब भारत वैश्विक मंचों पर तेजी से आगे बढ़ रहा है, तब देश को कमजोर दिखाने की कोशिश करना दुर्भाग्यपूर्ण है।

# सरकार ने पावर ग्रिड के पूंजी निवेश के अधिकार को बढ़ायाः वैष्णव

**नई दिल्ली, वार्ता**



केंद्रीय मंत्रिमडल ने महारत्न का दर्जा प्राप्त केंद्रीय उपक्रम पावरग्रिड के लिए अनुषंगी कंपनियों में शेयर पूंजी निवेश की सीमा बढ़ाने के प्रस्ताव को मंगलवार को मंजूरी दी। इससे वह अपनी किसी भी अनुषंगी में 7500 करोड़ रुपये तक का निवेश कर सकेगी, जबकि अभी तक यह सीमा 5000 करोड़ रुपये थी।

प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की बैठक के बाद सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कैबिनेट कमेटी ने महारत्न केंद्रीय लोक उपक्रमों पर वर्तमान में लागू लोक उपक्रम विभाग के 4 फरवरी, 2010 के दिशानिर्देशों के तहत पावरग्रिड को ज्यादा अधिक. ार देने को मंजूरी दे दी है। इससे पावरग्रिड की प्रति अनुषंगी शेयर-पूंजी निवेश सीमा 5,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 7,500 करोड़ रुपये प्रति सब्सिडियरी कर दी गई है। यह छूट कंपनी की नेट वर्थ के 15 प्रतिशत की मौजूदा सीमा के अंदर ही होगी। वैष्णव ने बिजली क्षेत्र के लिए ग्रिड की सुविधा के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि विद्युत पारेषण ग्रिड में जिस तरह से पिछले दशक में निवेश हुआ है, उसके कारण भारत का ग्रिड आज दुनिया के सबसे मजबूत ग्रिड में गिना जाता है। इस तरह के ग्रिड की सहायता से आज देश में कुल विद्युत उत्पादन क्षमता में स्वच्छ बिजली उत्पादन, नवीकरणीय बिजली उत्पादन की क्षमता 50 प्रतिशत से अधिक हो गई। श्री वैष्णव ने कहा कि यह लक्ष्य दुनिया के बहुत से समृद्ध देश भी प्राप्त कर सके हैं, हमने 2030 के लक्ष्य को 2025 में ही प्राप्त कर लिया। नवीकरणीय ऊर्जा के लिए ग्रिड को बहुत सशक्त होना पड़ता है, उसके लिए ग्रिड में लगातार और निवेश की जरूरत पड़ती है।

# श्रीनगर हवाई अड्डे पर बनेगा नया एकीकृत टर्मिनल

**नई दिल्ली, वार्ता**

जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में 1,677 करोड़ रुपये की लागत से नया एकीकृत हवाई अड्डा टर्मिनल बनेगा, जिसकी सालाना क्षमता एक करोड़ यात्रियों की होगी।



मंत्रिमंडल की बैठक में 1,677 करोड़ की परियोजना को दी मंजूरी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने 73.18 एकड़ में हवाई अड्डे के नए सिविल एन्क्लेव की परियोजना को स्वीकृति प्रदान की। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के फैसलों की जानकारी देते हुए संवाददाताओं को बताया कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने के बाद वहां परिस्थितियां बदली हैं और लोग वहां जाना चाहते हैं। हवाई यात्रा, रेल और सड़क मार्ग से यात्रा की मांग बढ़ी है। इसी के मद्देनजर टर्मिनल की क्षमता बढ़ाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई है। परियोजना चार साल में पूरी होगी और इसका पूरा खर्च एएआई उठाएगा। परियोजना में सुरक्षा कर्मियों के लिए बैरकों का निर्माण भी शामिल है। भारतीय वायु सेना के बडगाम एयरबेस परिसर में स्थित इस हवाई अड्डे का संचालन भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) करता है जबकि 3,658 किमी के रनवे का संचालन वायु सेना द्वारा किया जाता है।

साल 2005 में इसे अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा घोषित किया गया था। यह श्रीनगर शहर से लगभग 12 किलोमीटर दूर है। श्री वैष्णव ने बताया कि नया टर्मिलन भवन 71,500 वर्ग मीटर में फैला होगा जो मौजूदा ढांचे (20,659 वर्ग मीटर) से काफी बड़ा है। इसे व्यस्ततम समय में प्रति घंटे 2,900 यात्रियों (वर्तमान में 950 यात्री) को सेवा देने के लिए डिजाइन किया गया है। इसकी सालाना क्षमता बढ़कर एक करोड़ यात्रियों की हो जाएगी। नए टर्मिनल में स्थानीय संस्कृति की झलक भी दिखेगी।

नए सिविल एन्कलेव में सीआईएसएफ के 1,344 कर्मचारियों और एएआई के कर्मचारियों के लिए आवासीय सुविधा होगी। टर्मिनल भवन के अलावा हवाई अड्डे के एप्रन का भी विस्तार किया जाएगा, जिसमें 15 विमानों के लिए पार्किंग-बे (एक वाइडबॉडी/कोड ई सहित) उपलब्ध होंगे। वर्तमान में वहां नौ पार्किंग-बे हैं, जबकि छह नए पार्किंग-बे का निर्माण किया जाएगा। एक हजार कारों की क्षमता वाला बहु-स्तरीय कार पार्किंग परिसर भी बनेगा। आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि नए टर्मिनल भवन में पारंपरिक नक्काशीदार लकड़ी के काम और स्थानीय शिल्पकला से प्रेरित तत्वों को शामिल किया जाएगा। इसके साथ ही विशाल लाउंज तथा उन्नत सुरक्षा और चेक-इन सुविधाओं के माध्यम से परिचालन में दक्षता सुनिश्चित की जाएगी।

### कांग्रेस अध्यक्ष ने युकांइयों की गिरफ्तारी की निंदा की

# मोदी डरपोक हैं, युवा कांग्रेस कार्यकर्ता नहींः खड़गे

**नई दिल्ली, वार्ता**



पीएम मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति के आगे घुटने टेके, यूएस से डील करके भारतीय किसानों का नुकसान किया

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भारत मंडपम में विरोध प्रदर्शन करने के आरोप में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी की निंदा करते हुए मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सीधा हमला किया और कहा कि कांग्रेस और उसके कार्यकर्ता नहीं, बल्कि मोदी खुद डरपोक हैं, जो संसद की कार्यवाही में हिस्सा लेने से भी डरते हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सामने घुटने टेकने का आरोप लगाया और कहा कि उन्होंने अमेरिका के साथ व्यापार समझौता कर किसानों का नुकसान किया है और उसके खिलाफ जब युवा कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदर्शन करते हैं, तो उन्हें डराने के लिए गिरफ्तार किया जाता है लेकिन कांग्रेस डरने वाली नहीं है। श्री खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा ष्युवा आज नौकरी के लिए तड़प रहे हैं और देश का माहौल इतना खराब हो चुका है, जिसके कारण मोदी जी के प्रति लोगों में भारी रोष है।

ट्रम्प के सामने उन्होंने घुटने टेक दिए। नाक रगड़कर उनकी सारी शर्तों को मान लिया, जिससे पूरा देश शर्मिंदा हो गया। जो काम हमारे किसानों की भलाई और मदद के लिए किया जाना चाहिए था, उसकी बजाय किसानों का नुकसान करने की बातचीत की गई। इससे यह भी साफ हो गया है कि लोग समझते थे कि मोदी जी देश के हित में ट्रम्प से बात कर रहे हैं, लेकिन हकीकत में ट्रम्प हमें गुलाम बना रहा है और हमें बंधुआ मजदूर बनाने की दिशा में धकेला जा रहा है। यह काम मोदी जी कर रहे हैं। उन्होंने आगे लिखा- कांग्रेस डरने वाली नहीं है और न ही डरपोक है। मोदी साहब खुद डरपोक हैं। डर के कारण वे संसद में आकर अपनी नीतियों का बचाव भी नहीं कर पाते। इसलिए वे हमें डराने की कोशिश कर रहे हैं, हमारे युवाओं को डराने की कोशिश कर रहे हैं, हमारे युवा नेताओं को डराने की कोशिश कर रहे हैं। यह नहीं चलेगा। मैं इसकी निंदा करता हूं। हमारे देश में लो. कतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए जो भी त्याग करना पड़ेगा, हम करेंगे। हम लड़ते रहेंगे और देश को गिरवी रखने वाले लोगों के खिलाफ संघर्ष जारी रखेंगे।

### गिरफ्तारी परेशान करने की राजनीति और लोकतंत्र की हत्याः कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी को लोकतंत्र की हत्या करार देते हुए इसकी कड़ी निंदा की और कहा कि यह सब असली मुद्दों से ध्यान भटकाने तथा परेशान करने वाली राजनीति का हिस्सा है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मंगलवार को यहां जारी बयान में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी को अवैध बताया और कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे युवाओं की गिरफ्तारी लोकतंत्र की हत्या है।

उन्होंने इसे डराने की राजनीति बताया और कहा कि कांग्रेस इससे डरने वाली नहीं है। रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब और उनके साथी कार्यकर्ताओं की खुलेआम अवैध गिरफ्तारी की कांग्रेस कड़े शब्दों में निंदा करती है। साफ तौर पर यह एक शांतिपूर्ण और वैध विरोध प्रदर्शन था। प्रधानमंत्री स्पष्ट रूप से एप्सटीन फाइल्स में हुए खुलासों से विचलित हैं। साथ ही उन्हें किसानों के बढ़ते आक्रोश का भी सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि उन्होंने उनके साथ विश्वासघात किया है और व्यापार समझौते के मुद्दे पर राष्ट्रपति ट्रम्प के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। उन्होंने आगे कहा कि यह सब परेशान करने की राजनीति के अलावा कुछ नहीं है।

# ईरान में फंसे छात्रों से घर लौटने का किया आग्रह

**श्रीनगर, वार्ता**



नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने ईरान पर अमेरिका के संभावित हमले की आशंकाओं को देखते हुए वहां से जम्मू-कश्मीर के छात्रों और निवासियों से तुरंत घर लौटने का आग्रह किया है।

भारत द्वारा अपने नागरिकों को उपलब्ध साधनों का उपयोग कर ईरान छोड़ने के लिए जारी की गई नई सलाह पर प्रतिक्रिया देते हुए अब्दुल्ला ने मंगलवार को चेतावनी दी कि हवाई क्षेत्र बंद होने या संघर्ष के कारण यात्रा बाधित होने की स्थिति में देरी से परिवारों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। अब्दुल्ला ने श्रीनगर में पत्रकारों से कहा कि मैं जम्मू-कश्मीर के छात्रों से कहना चाहता हूं कि वे तुरंत निकल जाएं। अन्यथा, कल जब हवाई क्षेत्र बंद हो जाएगा, तो उनके माता-पिता और परिवार वाले चिंता और घबराहट फैलाएंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने उन्हें सलाह दी कि हालात बिगड़ने से पहले ही लौट जाएं, क्योंकि बाद में निकासी मुश्किल हो सकती है। उन्होंने आगे कहा कि उस स्थिति के उत्पन्न होने से पहले ही निकल जाना बेहतर है, क्योंकि बाद में उन्हें निकालने वाला कोई नहीं होगा। उन्हें अपना सामान पैक करके घर लौट आना चाहिए। भारतीय दूतावास ने सोमवार को जारी अपनी नवीनतम सलाह में अपने नागरिकों से उपलब्ध परिवहन साधनों, जिनमें वाणिज्यिक उड़ानें भी शामिल हैं, के ईरान छोड़ने का आग्रह किया है।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 82225.92
निफ्टी 25424.65



सोना 160394
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 263917
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में गिरावट, प्रमुख सूचकांक तीन सप्ताह के निचले स्तर पर

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिकी आयात शुल्क को लेकर नए सिरे से बनी अनिश्चितता के कारण घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को गिरावट देखी गई और प्रमुख सूचकांक तीन सप्ताह से अींक के निचले स्तर पर बंद हुए।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1,068.74 अंक (1.28 प्रतिशत) लुढ़ककर 82,225.92 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक भी 228.35 अंक यानी 1.12 प्रतिशत की गिरावट में 25,424.65 अंक पर रहा। यह दोनों सूचकांकों का 02 फरवरी के बाद का निचला स्तर है। अमेरिका में आयात शुल्क को लेकर बनी अनिश्चितता के कारण वैश्विक स्तर पर शेयर बाजारों में गिरावट रही जिसका असर घरेलू बाजारों पर भी देखने को मिला। मझौली और छोटी कंपनियों के सूचकांकों में अपेक्षाकृत कम गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचक. ांक 0.32 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचक. ांक 0.55 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। एनएसई में जिन 3,270 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें से 2,101 के शेयर गिरावट में और 1,068 के बढ़त में रहे। अन्य 101 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अतत: अपरिवर्तित रहे। अमेरिका में बीते दिन आईटी कंपनियों पर खासा दबाव रहा था। इससे निफ्टी आईटी सूचकांक 4.74 प्रतिशत टूट गया। रियलटी, रसायन और मीडिया सेक्टरों में भी ज्यादा गिरावट रही। ऑटो और निजी बैंकों के सूचकांक भी लाल निशान में रहे। एफएमसीजी, फार्मा, सार्वजनिक बैंकों, तेल एवं गैस और स्वास्थ्य सेक्टरों में तेजी रही। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा का शेयर 6. 60 प्रतिशत टूट गया।

# सोना और चांदी के धड़ाम से गिरे दाम

**नई दिल्ली।** मंगलवार की सुबह सोने और चांदी दोनों की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज(एमसीएक्स) पर 2 अप्रैल 2026 की एक्सपायरी वाला सोना आज सुबह 1,204 (0.75 प्रतिशत) की गिरावट के साथ 160,394 प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है, वहीं चांदी की कीमतों में भी आज कटौती देखी गई है। 5 मार्च 2026 की एक्सपायरी वाली चांदी आज 1,416 (0.53 प्रतिशत) फिसलकर 263,917 प्रति किलो पर आ गई है। ग्लोबल मार्केट के दबाव और निवेशकों की मुनाफावसूली के चलते आज सर्राफा बाजार में दाम नीचे आए हैं, जिससे खरीदारों को थोड़ी राहत मिली है। आज दिल्ली में 24 कैरेट सोना 16,193 प्रति ग्राम, 22 कैरेट सोना14,845 प्रति ग्राम और 18 कैरेट सोना 12,149 प्रति ग्राम बिका। कॉमेक्स पर अप्रैल डिलीवरी वाले सोने का वायदा भाव 1.1 प्रतिशत गिरकर 5,170.70 डॉलर प्रति औंस पर आ गया, जबकि स्पॉट गोल्ड 1.5 प्रतिशत गिरकर 5,150.38 डॉलर प्रति औंस पर रहा। दिन में इससे पहले सोना तीन सप्ताह के उच्च स्तर पर पहुंचा था। स्पॉट सिल्वर 3.1 प्रतिशत गिरकर 85.50 डॉलर प्रति औंस पर आ गई, जो पिछले सत्र में दो सप्ताह के उच्च स्तर पर थी। एक एक्सपर्ट के अनुसार सोने को 1,60,600 रुपए और 1,58,800 रुपए पर सपोर्ट मिल सकता है।

# चावल, गेहूं और चीनी मजबूत दालों, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। गेहूं और चीनी की कीमतों में भी तेजी रही। दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 13 रुपये बढ़कर 3,859 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं का भाव दो रुपये बढ़ा और यह 2,849 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा भी चार रुपये महंगा हुआ।

दाल-दलहनों में मिलाजुला रुख रहा। तुअर दाल की औसत कीमत 37 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। उड़द दाल में 31 रुपये और मूंग दाल में 15 रुपये की तेजी रही। चना दाल 14 रुपये महंगी हुई। मसूर दाल की कीमत तीन रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 29 रिंगिट टूटकर 4,054 रिंगिट प्रति क्विंटल पर रहा। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.12 प्रतिशत की गिरावट में 59.81 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल की औसत कीमत 26 रुपये और वनस्पति की 22 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। पाम ऑयल नौ रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मूंगफली तेल की कीमत 39 रुपये और सरसों तेल की 17 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। सोया तेल 14 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 26 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी सात रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7784.19 रुपये, मसूर काली 8086.69 रुपये, मूंग दाल 10140.11 रुपये, उड़द दाल 10717.51 रुपये, तुअर दाल 11163.10 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# अखिलेश यादव पर बीजेपी का हमला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

अपने दम पर सरकार बनाने की बात क्यों नहीं कर रहे सपा सुप्रीमोः पंकज

**लखनऊ।** यूपी बीजेपी अध्यक्ष पंकज चौधरी ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा जाति की राजनीति करती है। जनता उन्हें समझ चुकी हैं और जवाब जरूर देगी। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव का ये बयान उनकी हताशा और निराशा का परिचायक है। वो अपने दम पर सरकार बनाने की बात नहीं कर रहे हैं।

पंकज चौधरी ने कहा कि भाजपा सर्व समाज की पार्टी है और बगैर किसी भेदभाव के काम करती है। बीजेपी की सरकार ने यूपी में जंगल राज को तिलांजलि देने का काम किया है। सपा जिस तरह से जाति और धर्म के आधार पर राजनीति कर रही उसे जनता समझ चुकी है और इसका जवाब जरूर देगी। सपा अध्यक्ष द्वारा एसआईआर को लेकर उठाए जा रहे सवालों पर पंकज चौधरी ने कहा कि वो इसके विरोध में कभी सड़क, तो कभी संसद में हल्ला करते हैं। उत्तर प्रदेश में 2 करोड़ 88 लाख वोट कटा है, तो उसमें सभी विधानसभा में 70 से 75 हजार वोट भाजपा के भी कटे हैं। एसआईआर चुनाव आयोग का काम है और कहीं न कहीं यह निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। शंकराचार्य विवाद को लेकर अखिलेश यादव द्वारा किए जा रहे हमलों पर पंकज चौधरी ने कहा कि उनके संगठन में सभी को साथ लेकर चलने की परंपरा है। साधु-संतों का वे लोग सम्मान करते हैं, उन्हें नहीं लगता है कि संगठन में कोई कार्यकर्ता ऐसा है,जो उनका विरोधी है। वे सबको साथ लेकर चलने की विचारधारा रखते हैं, प्रदेश में भी वह सब को साथ लेकर चलेंगे। भाजपा के कार्यकर्ता 365 दिन काम करते हैं, जनता की सेवा करते हैं। उन्होंने कहा कि सालभर के अंदर चुनाव आने वाला है और चुनाव के दृष्टिकोण से हमारे कार्यकर्ता सदैव तैयार रहते हैं। जहां तक रणनीति की बात है, तो अभी समय है। सरकार और संगठन में कोई मतभेद नहीं है, दोनों मिलकर के कार्य कर रहे हैं। जहां सरकार का कार्य होता है, वहां सरकार कार्य करती है, संगठन का कार्य है योजनाओं को जनता के बीच ले जाकर उसे जमीनी धरातल पर लोगों के बीच पहुंचाना है।

वहीं कैबिनेट मंत्री संजय निषाद भदोही में निषाद पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे थे, जहां उन्होंने मीडिया से बात करते हुए शंकराचार्य विवाद पर खुलकर अपनी बात रखी और अखिलेश यादव पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सपा नेतृत्व ने जो बयान दिया है, उससे ही साफ है कि उनके पास खुद सरकार बनाने की ताकत नहीं है। संजय निषाद ने कहा कि इससे स्पष्ट है कि सपा नेतृत्व खुद को कमजोर मान रहा है और दूसरों के सहारे सत्ता में आने का सपना देख रहा है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अखिलेश यादव मुंगेरी लाल के हसीन सपने देख रहे हैं। एक बात तो साफ है कि पीडीए संकट में ही है और यदि यही स्थिति रही, तो 2027 के चुनाव में उनका सूपड़ा साफ हो जाएगा।

# भाजपा से असंतुष्ट सपा के बागियों की होगी घर वापसी

## समाजवादी पार्टी ने अपने बागी विधायकों की वापसी को लेकर मुलायम रुख अपनाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

सत्ताधारी दल से अपेक्षित महत्व न मिलने पर कुछ विधायक असहजः भाजपा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर अब सभी राजनीतिक दल अपनी रणनीति बनाने में जुट गए हैं। इसी कड़ी में समाजवादी पार्टी ने अपने बागी विधायकों की वापसी को लेकर सॉफ्ट स्टैंड अपनाया है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, जो विधायक जिस परिस्थिति में पार्टी से अलग हुए थे, वे उसी रास्ते से वापसी कर सकते हैं। हालांकि इसके लिए उन्हें पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण साबित करना होगा।

भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि पार्टी के भीतर यह चर्चा तेज है कि सत्ताधारी दल में अपेक्षित महत्व न मिलने से कुछ बागी विधायक असहज हैं और उन्होंने दोबारा संपर्क साधना शुरू किया है। सूत्रों का कहना है कि सपा नेतृत्व ने स्पष्ट कर दिया है कि वापसी की राह बंद नहीं है, लेकिन इसके लिए व्यवहारिक प्रमाण देना होगा। आगामी राज्यसभा चुनाव को बागी विधायकों की वापसी की कसौटी माना जा रहा है।

उत्तर प्रदेश से राज्यसभा की 10 सीटों पर 25 नवम्बर को मतदान प्रस्तावित है। माना जा रहा है कि यदि बागी विधायक सपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करते हैं, तो उनके लिए पार्टी में पुन: एंट्री का रास्ता आसान हो सकता है। सूत्रों के अनुसार समा. जवादी पार्टी की ओर से किसी लिखित माफीनामे की शर्त नहीं रखी गई है, बल्कि राजनीतिक आचरण को ही निष्ठा की असली परीक्षा माना जाएगा। 2024 के राज्यसभा चुनाव के दौरान क्रॉस वोटिग कर भारतीय जनता पार्टी को समर्थन देने वाले समाजवादी पार्टी के सात विधायकों को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं कि ये विधायक दोबारा सपा में वापसी की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, कुछ विधायकों ने इन दावों को सिरे से खारिज करते हुए कड़ा रुख अपनाया है। अभय सिंह ने सोशल मीडिया के माध्यम से स्पष्ट किया कि वे सपा में वापस नहीं जा रहे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि उन्हें प्रभु श्री राम मिल गए हैं और अब माया की जरूरत नहीं है। वहीं राकेश प्रताप सिंह ने इन खबरों को भ्रामक और उनकी छवि धूमिल करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि उनका रोम-रोम राम भक्ति में है और सपा में वापसी की अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ वे विधिक कार्रवाई करेंगे। गौरतलब है कि 2024 के राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने वालों में मनोज पांडेय, राकेश प्रताप सिंह, अभय सिंह, राकेश पांडेय, पूजा पाल, विनोद चतुर्वेदी और आशुतोष मौर्य शामिल थे। इस घटनाक्रम के बाद सपा ने मनोज पांडेय, अभय सिंह, राकेश प्रताप सिंह और पूजा पाल को पार्टी से निष्कासित कर दिया था। अब बदलते राजनीतिक समीकरणों के बीच सपा नेतृत्व रणनीतिक रूप से संगठन को मजबूत करने और असंतुष्ट नेताओं को साधने की दिशा में कदम बढ़ाता दिख रहा है। पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव पहले ही यह संकेत दे चुके हैं कि संगठन सर्वोपरि है और जो भी पार्टी की विचारधारा और अनुशासन को स्वीकार करेगा, उसके लिए दरवाजे बंद नहीं हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि राज्यसभा चुनाव से पहले सपा का यह कदम विपक्षी एकजुटता और संगठनात्मक मजबूती की दृष्टि से अहम साबित हो सकता है।

माहे मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



07 वां रोज़ा इफ्तार
25 फरवरी बुधवार
सुन्नी...................... 06:18
शिया...................... 06:30

08 वां रोज़ा सहरी
26 फरवरी गुरूवार
सुन्नी...................... 05:20
शिया...................... 05:28



हाजी ज़ियाउर्रहमान
वरिष्ठ नेता लोकदल

# गंगनहर कांवड़ पटरी मार्ग बना कालः मैजिक-ट्रक की टक्कर में दो बुजुर्गों की मौत

## 20 मजदूर घायल, 17 गंभीर जिला अस्पताल रैफर, मटर तोड़ने पाल्ली गांव जा रहे थे सभी, मुआवजे को लेकर फिर भड़का गुस्सा







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** गंगनहर कांवड़ पटरी मार्ग पर शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे ने दो परिवारों के चिराग बुझा दिए और करीब 20 लोगों को अस्पताल पहुंचा दिया। रतनपुरी थाना क्षेत्र में दुधली गांव के सामने मजदूरों से भरी मैजिक और मेरठ की ओर से आ रहे 14 टायर ट्रक की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों के अगले हिस्से पूरी तरह चकनाचूर हो गए।

जानकारी के अनुसार जानसठ क्षेत्र के गुर्जरहेड़ी और रतनपुरी क्षेत्र के सठेड़ी गांव के करीब 25 महिला-पुरुष मजदूर मैजिक में सवार होकर सरधना थाना क्षेत्र के पाल्ली गांव में मटर तोड़ने जा रहे थे। सुबह-सुबह काम पर पहुंचने की जल्दबाजी में वाहन गंगनहर पटरी मार्ग से गुजर रहा था। जैसे ही मैजिक दुधली गांव के पास पहुंची, सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक से उसकी सीधी टक्कर हो गई। धमाके जैसी आवाज सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे किसान और राहगीर मौके पर दौड़े। मैजिक में कई मजदूर फंस गए थे, जिन्हें पुलिस और ग्रामीणों ने मिलकर बाहर निकाला।

घायलों को तत्काल खतौली सीएचसी पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने 70 वषह्वय रामचंद्र पुत्र बुधसिंह और ताराचंद पुत्र शीशराम को मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही दोनों गांवों में शोक की लहर दौड़ गई। करीब 20 घायलों में से 17 की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। अन्य का उपचार सीएचसी में जारी रहा। घायलों में सोनम, राहुल, सुमित, पूजा, अनु, प्रिया, खुशी, अर्पित, मौसम, सपना, कंबो, सालू, मेधा, सोनिया, ओमवती, अवनी, बाला, पिंकी, कोमल और राकेश सहित अन्य मजदूर शामिल हैं। अधिकांश आपस में रिश्तेदार बताए गए हैं। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंच गए। मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। महिलाओं के विलाप से अस्पताल परिसर का माहौल गमगीन हो गया। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि इसी मार्ग पर 26 जनवरी को भी बड़ा हादसा हुआ था, लेकिन प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। भारी वाहनों की आवाजाही और तेज रफ्तार पर नियंत्रण न होने से यह मार्ग लगातार दुर्घटनाओं का केंद्र बनता जा रहा है। ग्रामीणों ने भारी वाहनों पर रोक, स्पीड ब्रेकर, चेता. वनी बोर्ड और नियमित पुलिस गश्त की मांग की। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की तैयारी शुरू कर दी है।

## 26/1 के पीड़ितों ने किया एसडीएम व कोतवाल का घेराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** इसी बीच 26 जनवरी को हुए सड़क हादसे के पीड़ित परिवारों का आक्रोश भी शुक्रवार को फूट पड़ा। मुआवजा न मिलने से नाराज परिजनों ने सीएचसी पहुंचकर जमकर हंगामा किया और एसडीएम निकिता शर्मा व रतनपुरी कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार का घेराव किया।

पीड़ित बालकिशन का आरोप है कि उसके पुत्र हिमांशु समेत दो युवकों की उस हादसे में मौत हो गई थी। प्रशासन ने पांच-पांच लाख रुपये मुआवजा और घायल का मुफ्त इलाज कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन डेढ़ माह बाद भी सहायता नहीं मिली। आक्रोशित परिजनों ने शव न उठाने देने की चेतावनी दी। सूचना पर आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष दिनेश बावरा और बुढाना क्षेत्राधिकारी गजेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे। काफी देर तक चली वार्ता के बाद अधिका. रियों ने नियमानुसार कार्रवाई और सहायता का भरोसा दिया, तब हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

जाकर मामला शांत हुआ। लगातार हो रहे हादसों ने एक बार फिर गंग. नहर कांवड़ पटरी मार्ग की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो यह मार्ग आगे भी जानलेवा साबित होता है।

प्रशासन के आश्वासनों से पीड़ित तंग आ चुके है। उनका कहना है कि आक्रोश को शांत करने के लिए ही अफसर झूठे वादे करते है।

## ट्रेन की चपेट में आकर बिहारगढ़ के व्यक्ति की मौत

**मोरना।** मुरादाबाद गये बिहारगढ़ गांव निवासी व्यक्ति की ट्रेन की चपेट मे आकर मौत हो गयी। व्यक्ति की अचानक मौत से परिवार मे मातम छा गया है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव बिहारगढ़ निवासी सतीश उर्फ़ बंटी 35 वर्ष रोजगार की तलाश मे मुरादाबाद गया हुआ था।की रविवार की देर शाम ट्रेन की चपेट मे आकर उसकी मौत हो गयी सोमवार को बंटी का शव गांव लाया गया। जहां उसका अंतिम संस्कार किया गया। सतीश की मौत से परिवार मे कोहराम मच गया है। मृतक अपने पीछे पत्नी दीपा पुत्र नैतिक 14 वर्ष व आर्यन 12 वर्ष को छोड़ गया है।परिवार मे पिता भागमल के अलावा माता क्रांति देवी भाई लोकेन्द्र व शिवकुमार हैं।मृतक के पास पांच बीघा भूमि है पत्नी दीपा गांव मे ही ब्यूटीपार्लर व श्रंगार के सामान की दुकान करती है। ग्राम प्रधान संजय सिंह चौहान ने मृतक परिवार के लिए आर्थिक सहायता की मांग प्रशासन से की है।

## पालिका ने बकाएदार विभागों को भेजे नोटिस

**मुजफ्फरनगर।** पालिका प्रशासन ने मंडी समिति सहित बीस सरकारी विभागों पर बकाया चल रहे साढ़े पांच करोड की वसूली हेतू नोटिस जारी किये है। जिससे बकाया दारों में हडकंप मच गया है।

# हादसे के बाद अस्पताल पहुंचे मंत्री कपिल

## जिलाधिकारी ने टीम के साथ अस्पताल पहुंचकर जाना मरीजों का हाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सठेडी चौराहे से नहर पटरी मार्ग पर पीकअप और डम्फर के बीच हुई भीषण भिडंत के बाद दो लोगों की मौत और आधा दर्जन से अधिक लोगों के घायल होने की जानकारी के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने व्यवसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशिलता विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना। उन्होने इस दुर्घटना को अत्यंत ही गंभीर घटना बताई। इसदौरान यहां पर कई मजदूर महिलाएं जिला अस्पताल के बैड पर घायल अवस्था में पडी हुई थी, जबकि दो मजदूरों की मौत हो चुकी थी। यहां पहुंचे मंत्री ने तुरंत ही राहत एवं बचाव कार्यो को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होने चिकित्सालय पहुंचे घायलो और उनके परिजनों का हाल जाना और इलाज कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान यहां पर चिकित्सकों की टीम भी मौजूद रही और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक और सिटी मजिस्ट्रेट तथा पटवारी व अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच चुके थे। उन्होने कहा कि घायलो के इलाज में कोई लापरवाही न बरती जाए।

मंत्री कपिल देव ने कहा कि प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में प्रत्येक परिवार की हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होने संबंधित विभाग के अधिकारी को दुर्घटना की जांच के आदेश भी दिए और साथ ही कहा कि इस तरह की घटनाओं की पुर्णावर्ती न हो।

उधर इस दर्दनाक हादसे की जानकारी के बाद जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायल हुए मजदूरों का हाल जाना और घायल और मृतकों के परिजनों से भी मिलकर उन्हे आश्वासन दिया। उन्होने सीएमएस और चिकित्सकों को मरीजों के लिए बेहतर इलाज के लिए कहा। उन्होने कहा कि यहां पर किसी भी तरह कोई लापरवाही न बरती जाए। घायल के कुछपरिजनों ने डीएम को अपनी पीडा भी सुनाई जहां उन्होने अच्छा इलाज कराने का आश्वासन भी दिया।

आयुष्मान सुविधा उपलब्ध है
माहे रमजान की दिली मुबारकबाद
डॉ० रिजवान अली
एम०बी०बी०एस० (एम०एस०)
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ० मौहसिन अली
एम०बी०बी०एस० (एम०डी०)
डॉ० मौ० शुऐब
एम०बी०बी०एस० (एम०एस०)
डॉ० जैनब इनाम
एम०बी०बी०एस० (डी०जी०ओ०)
(स्त्री रोग विशेषज्ञ)
दिवान हॉस्पिटल
सुजडू चुंगी, मेन रोड मुजफ्फरनगर 251001
0131-2634069-9837 3357 11



मुजफ्फरनगर: पीड़ितों का हाल जानते राज्यमंत्री कपिल देव।

## हनुमान मंदिर में श्री खाटू श्याम फाल्गुन उत्सव 25 से 28 तक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्री खाटू श्याम फाल्गुन उत्सव पर नगर में निकलेगी शोभायात्रा मुजफ्फरनगर। खाटू श्याम फाल्गुन उत्सव इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। 25 फरवरी को शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शिव चौक स्थित हनुमान मन्दिर (लाला कल्लूमल वाला) में हनुमान मन्दिर समिति के अध्यक्ष प्रवीण कुमार गर्ग ने मीडिया को बताया कि बुधवार को यह शोभा यात्रा मेहता क्लब नई मण्डी से प्रात: 10 बजे प्रारम्भ होकर नई मण्डी के मुख्य मार्गो से होते हुए अंसारी रोड, मोती महल, भगत सिंह रोड सदर बाजार से होते हुए हनुमान मन्दिर निकट शिव चौक पर विश्राम लेगी बृहस्पतिवार 26 फरवरी को सांय 6 बजे श्याम नाम की मेंहदी एवं निशान वितरण मंदिर प्रागण से किया जायेगा। उन्होंने बताया शुक्रवार 27 फरवरी सुबह 9 बजे एकादशी निशान यात्रा हनुमान चौक (शामली रोड) से प्रारम्भ होकर भगत सिंह रोड, शिव चोक, होते हुए मंदिर पर सम्पन्न होगी। इसी दिन रात्री 7 बजे से एकादशी भव्य कीर्तन में बाबा का गुणगान होगा, जिसमें मुख्य भजन प्रवाहक अभिषेक माहेश्वरी चित्तौडगढ एवं स्थानीय भजन प्रवाहकों द्वारा बाबा को रिझाया जायेगा। इस दौरान बाबा संग श्याम नाम की केसर-चंदन होली, फूलो की होली, चंग धमाल मंदिर प्रांगण में होगा। पत्रकार वार्ता में प्रवीण कुमार गर्ग, सुरेश गर्ग, प्रदीप गर्ग, सौरभ गर्ग, आदित्य गर्ग, योगेन्द्र गर्ग,सचिन गर्ग, नीशू गर्ग, अंकुर गर्ग, नमन कंसल, डीके कश्यप, संजय गोयल, हिमांशु वर्मा, कार्तिक गर्ग, अंकुश गर्गआदि मौजूद रहे उन्होने बताया कि लाला कल्लू मल वाला श्री हनुमान मंदिर 125 साल पुराना है।




मुजफ्फरनगर: श्री खाटू श्याम फाल्गुन उत्सव की जानकारी देती हनुमान मंदिर समिति।

# शहरी विकास पर 486 करोड़ खर्च कराएंगी मीनाक्षी स्वरूप

## नगरपालिका परिषद् की बोर्ड बैठक 28 को, एजेंडे में बजट के साथ विकास से जुड़े 159 प्रस्ताव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शहर के समग्र विकास को नई दिशा देने की तैयारी पूरी हो चुकी है। नगरपालिका परिषद की आगामी बोर्ड बैठक में व्यापक शहरी विकास के लिए पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप की ओर से इस बार एक महायोजना प्रस्तुत की जाएगी, जिसमें पेयजल, पथ प्रकाश, निर्माण कार्य, कर्मचारियों के हित के साथ ही पहली बार शहरी सौन्दर्यकरण के लिए एक बिग प्लान पर विशेष जोर रहेगा। 28 फरवरी को पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप की अध्यक्षता में टाउनहाल सभाकक्ष में होने वाली बैठक में 159 प्रस्तावों वाले एजेंडे पर विचार होगा और मीनाक्षी स्वरूप के इस विक. ासशील एजेंडे को सम्पूण्र सदन की स्वीकृति मिलने की पूरी संभावना जताई जा रही है।



नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप इस बार फरवरी माह के अंतिम दिन होने जा रही बोर्ड बैठक में एक विशेष प्रस्ताव के सहारे वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बजट के रूप में पालिका प्रशासन की आय-व्यय का अनुमानित मूल बजट प्रस्तुत करेंगी। विशेष बात यह है कि इस बैठक में मीनाक्षी स्वरूप शहरी विकास की सोच के साथ 290 करोड़ रुपये की आय का बजट पेश कर रही है, जबकि आगामी वित्तीय वर्ष में 486 करोड़ रुपये शहरी विकास पर खर्च करने की महत्वाकांक्षी योजना बनाई गई हैं।

अधिशासी अधिकारी डॉ. प्रज्ञा सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप की स्वीकृति के बाद 28 फरवरी को प्रात: 11 बजे टाउनहाल सभाकक्ष में पालिका बोर्ड की बैठक निर्धारित की गई है। बैठक के लिए जारी एजेंडा में कुल 159 प्रस्ताव शामिल किए गए हैं। इन प्रस्तावों में एक विशेष प्रस्ताव वार्षिक बजट से संबंधित है। परिषद द्वारा आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए अनुमानित मूल बजट तैयार कर लिया गया है, जिसे बोर्ड के समक्ष स्वीकृति के लिए प्रस्तुत किया जाएगा।

लेखा विभाग द्वारा तैयार आंकड़ों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 (1 अप्रैल 2025 से 31 जनवरी 2026 तक) की वास्तविक आय 1,82,21,41,198 रुपये दर्ज की गई है, जबकि वास्तविक व्यय 1,52,49,94,023 रुपये रहा है। अब वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए अनुमानित मूल बजट में आय 2,90,34,90,000 रुपये प्रस्तावित की गई है। वहीं अनुमानित व्यय 4,86,76,00,000 रुपये रखा गया है। इस वित्तीय वर्ष में एक फरवरी तक पालिका के पास 2,66,78,87,900 रुपये की धनराशि अवशेश थी। वित्तीय वर्ष 2026-27 की समाप्ति पर 70.37 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अवशेष रहने का अनुमान है। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि मौखिक निर्देशों के अनुपालन में अनुमानित आय और व्यय के आंकड़ों का समुचित आकलन कर यह मूल बजट तैयार किया गया है।

पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि इस बैठक के लिए प्रस्तुत विकास महायोजना में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करना, पथ प्रकाश व्यवस्था का विस्तार, विभिन्न निर्माण कार्यो को गति देना, कर्मचारियों के आर्थिक हितों की सुरक्षा तथा शहर के सौन्दर्यकरण के लिए विशेष परियोजनाएं शामिल हैं। कहा कि शहरी विकास की यह विस्तृत योजना शहर के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के साथ-साथ नागरिक सुविधाओं में व्यापक सुधार का मार्ग प्रशस्त कर सकती है। 28 फरवरी को होने वाली बैठक में यदि 159 प्रस्तावों को मंजूरी मिलती है तो यह नगरपालि. का के इतिहास की सबसे बड़ी विक. ासपरक कार्ययोजना साबित होगी।

## तबलशाह रोड़ के चौड़ीकरण को दिया धरना

**मुजफ्फरनगर।** नगर पालिका वार्ड 25 और 45 के मध्य से होकर गुजर रही तबलशाह रोड काफी जर्जर अवस्था में पहुंच गई है। एक ओर किदवई नगर और दूसरी ओर दक्षिणी कृष्णापुरी आने-जाने वालों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। निर्माण और सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग करते हुए स्थानीय निवासियों ने धरना प्रदर्शन की घोषणा की थी। मंगलवार को गंदे कुएं के समीप किदवई नगर और दक्षिणी कृष्णापुरी वासियों ने धरना दिया। धरने का नेतृत्व कर रहे अली जैदी ने कहा कि लोगों ने दोनों ओर से अतिक्रमण कर रखा है। सड़क पर मंदिर और मस्जिद एवं लड़कियों का इंटर कॉलेज भी है। हजारों लोगों के आवागमन का प्रमुख मार्ग होने के बावजूद वहां से गुजरना मुश्किल रहता है। धरना प्रदर्शन की जानकारी पर निर्माण विभाग के अवर अभियंता कपिल




कुमार भी पहुंचे।उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण का टेंडर निकल चुका है। शीघ्र ही निर्माण शुरू हो जाएगा। सड़क निर्माण के लिए 79 लाख रुपये बजट प्रस्ताव पालिका बोर्ड बैठक में स्वीकृत किया गया था। अतिक्रमण की समस्या के निदान लिए राजस्व् विभाग को जानकारी देनी होगी। वार्ड 25 सभासद राजीव शर्मा ने बताया कि शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ होने वाला है।

इस दौरान राहुल भारद्वाज, मो. हुसैन, मुनव्वर, जिया जैदी आदि शामिल रहे।

# पत्नी व पुत्र ने की मांग हत्यारोपी बहनों को मिले कड़ी सज़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** गांव मोरना मे सोमवार को रोकटोक करने पर अधेड दलित किसान रामप्रसाद की हत्या उसकी दो पुत्रियों द्वारा कर दी गयी। घटना से गांव साहित क्षेत्र मे हड़कंप मच गया था पुलिस ने कुछ देर बाद ही घटना का चौकाने वाला खुलासा किया जहां मृतक की दो पुत्रियों ने पूरे परिवार को नशीली गोलियां से बेहोश कर पिता की हत्या करना स्वीकार किया था। मंगलवार को मृतक के घर पर सांत्वना देने वालों का ताँता लगा हुआ है वहीं मृतक किसान की पत्नी व पुत्र ने दोनों बहनो के लिए कड़ी सज़ा की मांग नयायालय से की है।



भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना में जानसठ मार्ग स्थित गुरु रविदास मंदिर के पीछे 55 वर्षीय रामप्रसाद असोजवाल पुत्र घसीटू पुशतेनी 32 बीघा भूमि पर खेती करता था। बीते रविवार को रामप्रसाद रोज की तरह घर की गैलरी मे खड़े ट्रेक्टर ट्रॉली के पास चारपाई पर लेटा हुआ था। पुत्र अमित व सुमित एक कमरे मे सोये हुए थे की पत्नी चन्द्रकली बराबर मे कुछ ही दूरी पर लेटी थी। पुत्री 32 वर्षीय कोमल तथा 16 वर्षीय पुत्री अलग कमरे मे सोई हुई थी। की सोमवार सुबह सवेरे परिजनों ने रामप्रसाद असोजवाल का शव लहूलुहान हालत मे चारपाई के पास पड़े देखा तो किसी अज्ञात द्वारा रामप्रसाद की हत्या करने को लेकर शोर मचाया।

दलित किसान की हत्या से क्षेत्र मे हड़कंप मच गया।एसपी ग्रामीण आदित्य बंसल, क्षेत्राधिकारी देवव्रत वाजपेयी व थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने फॉरेन्सिक टीम की सहायता से घटना स्थल की गहनता से जांच शुरू कर शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया था।

पुलिस ने तलाशी के दौरान भूसा रखने वाले कमरे से कपड़ो की एक पोटली को बरामद किया जिसमे खून से सनी तीन चुनरियां व शलवार कमीज,जूते बरामद हुए । जिसके बाद पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की और घटना का खुलासा करते हुए पिता की हत्या करना स्वीकार करने वाली एक नाबालिग पुत्री सहित उसकी बड़ी बहन कोमल को गिरफ्तार कर हत्या मे प्रयुक्त सब्जी काटने वाले दो चाकूओ को बरामद करते हुए आरा.पी कोमल को जेल भेज दिया व बाल अपचारी को बाल संप्रेषण गृह भेज दिया। पुत्र अमित ने अपनी दोनों बहनो के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया।

**हत्या का उद्देश्य अनसुलझी पहली:** रामप्रसाद की हत्या को लेकर गांव मे चर्चाएं जारी हैं। गली, नुककड़ से लेकर घरों मे लोग हत्या के कारण को लेकर एक दूसरे से सवाल कर रहे हैं।की मात्र रोकटोक ही अगर हत्या का कारण है तो यह बड़ी सामाजिक क्षति है।घर का जिम्मेदार क्या अब परिवार के बीच ही असुरक्षित महसूस करेगा।

**बड़े लाड़ से भाई को खिलाई थी खीर:** मंगलवार को मृतक की पत्नी चन्द्रकली ने बताया की रविवार को कोमल ने परिवार के लिए गोभी की सब्जी व दूध की खीर बनाई थी।भोजन के बाद बहनो ने बड़े लाड़ चाव के साथ भाई सुमित व अमित को खीर खिलाई थी।

**नशीली गोलियां देने वाले का भी पता चले:** चन्द्रकली ने पुत्रियों को नशीली गोलियां उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति के पता लगाने की मांग पुलिस से की है। चन्द्रकली ने बताया की कोमल घर का सभी कार्य मिलजुल करती थी।

जंगल भी संग जाया करती थी। पिछले कई दिनों से दोनों बहनो का व्यवहार बदला हुआ था।दोनों अक्सर छोटी छोटी बात पर झगड़ती थी। दोनों पर कोई पाबंदी अथवा रोकटोक नहीं थी।

**कोमल की शादी का प्रयास था:** चन्द्रकली ने बताया की कोमल की शादी के प्रयास जारी थे।बीते सप्ताह वह कोमल के रिश्ते को लेकर मुकंदपुर गांव गये थे कोमल आठवीं कक्षा तक पढ़ी है जबकि आरोपी छोटी पुत्री ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा है।

**हत्या के बाद मोबाइल हुआ गायब:** अमित ने बताया की हत्या के बाद पिता का मोबाइल गायब है उसपर कॉल भी जा रही है।

वहीं एक टेबलॉयड भी गायब है जो पढ़ाई के दौरान अमित को मिला था।

अमित ने बताया की फोन की कॉल डिटेल से और भी कुछ जानकारी मिल सकती है।

## बार एसोसिएशन बुढ़ाना की आम सभा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** बार एसोसिएशन बुढ़ाना की नई कार्यकारिणी के चुनाव के लिए ऑडिट रिपोर्ट पेश करने के लिए आज बुधवार के दिन एक आम सभा की बैठक का आयोजन किया जाएगा। आम सभा की इस बैठक में ऑडिटर ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। चुनावी गतिविधियां तथा ऑडिट रिपोर्ट को लेकर अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से भी विरत रहेंगे। इस संबंध में बार एसोघसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद कुमार त्यागी, महासचिव ओमपाल सिंह मलिक डुंगर तथा ऑडिटर ईश्वर दयाल संगल ने संयुक्त रुप से जानकारी देते हुए बताया कि आज बुधवार को ऑडिट रिपोर्ट पेश की जाएगी। जिसके लिए दोपहर एक बजे आम सभा की बैठक का आयोजन होगा। अघधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### चीनी मिल के गेट और काटों का किया निरीक्षण

**बुढ़ाना।** नियंत्रक विधिक माप विज्ञान और गन्ना विभाग के अधिकारियों ने बजाज हिंदुस्थान शुगर मिल शाखा भसाना के गेट और कांटो का औचक निरीक्षण किया। जिला मुख्यालय से मोबाइल टैस्टिंग वैन के साथ मंगलवार के दिन विधिक माप विज्ञान और गन्ना विभाग के अघधिकारी चीनी मिल भसाना में पहुंचे। मोबाइल टैस्टिंग वैन से चीनी मिल के काटों को चौक किया गया। चीनी मिल के 20 टन के बाटों की जांच की गई। विघधिक माप विज्ञान और गन्ना विभाग के अघधिकारियों ने बताया कि जांच के दौरान तौल कांटे बिल्कुल सही पाए गए। इस मौके पर गन्ना महाप्रबंधक ललित तोमर, योगेंद्र डबास और अनिल कुमार आदि अधिकारी और कर्मचारियो की भी उपस्थित देखने को मिली।

### अल्पसंख्यकों को परेशान कर रहे हैं कुछ बीएलओ: सिद्दीकी

**बुढ़ाना।** समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव व गांव सफीपुर पटी चंधेडी रोड निवासी ने बताया कि एसआईआर के अंतिम चरण में हम लोगों को जो नोटिस प्राप्त हुए हैं उनको सही तरीके से आईडी प्रूफ लगाकर जमा करना है वरना जिस तरह से बीते कल हमने नार्मल स्कूल में संघर्ष करके लगभग 170 मतदाताओं के नोटिस जमा कराए हैं और अभी भी बीएलओ के पास 56 नोटिस तो ऐसे हैं जिन्हें वह अपने पास रखे हुए हैं और उनकी समय सीमा जो दी गई थी वह भी निकल गई है लेकिन हम फिर भी उन्हें जमा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। लोग रमजान में लगभग 12 घंटे रोजा रखकर इधर उधर भटक रहे हैं। फिर भी कुछ बीएलओ अपने अपने मोबाइलों के स्विच ऑफ करके बिल्कुल भी काम करने के लिए तैयार नही हैं। अब उप जिला अधिकारी बुढ़ाना से संपर्क करके उन्हें भी जमा कराया जाएगा। इस तरह के आचरण से ऐसा प्रतीत होता है कि कहीं ना कहीं जान बूझकर अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को परेशान किया जा रहा है।

### विद्युत विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान

**बुढ़ाना।** स्थानीय विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने मंगलवार को दिन निकलने से पहले ही जेई शिव कुमार के नेतृत्व बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला नई बस्ती और मौहल्ला शाहवाडा में विद्युत चोरों के विरुद्ध अभियान चलाया हालांकि जागर हो जाने पर दूर के लोगों को पता चलने पर कई लोग अपना कटिया कनेक्शन हटाते मिले। इस दौरान जबरदस्त हड़कंप मच गया। टीम ने दर्जनों चोरों के कटिया केबिलों की वीडियो बनाई और दोपहर के समय उसी स्थान पर आकर विद्युत चोरों के नाम और मोबाइल नंबर अपने साथ लाए हुए रफ रजिस्टर में दर्ज कर सभी के विरुद्ध कार्यवाही की बात कही।

सम्मन वास्ते करारबाद वाद उमूल तनकीह तलब

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

**न्यायालय सिविल जज**

**(जू0डि0) बुढाना जिला मु0नगर**

वाद संख्या 65 सन 2024

विवेक मलिक पुत्र आदित्य मलिक निवासी ग्राम मौहम्मदपुर रायसिह परगना शिकारपुर तहसील बुढाना जिला मुजफ्फरनगर। ....... **वादी**

**बनाम**

महेश पुत्र बिशम्बर निवासी ग्राम खानपुर परगना शिकारपुर तहसील बुढाना जिला मुजफ्फरनगर।

...**प्रतिवादी**

इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि हरगाह विवेक मलिक पुत्र आदित्य मलिक निवासी ग्राम मौहम्मदपुर रायसिह परगना शिकारपुर तहसील बुढाना जिला मुजफ्फरनगर ने आपके नाम नालिस बबाबत वाद वास्ते तकमील माहैदा बैनामा दायर की है। आपको इस वाद का प्रतिवाद पत्र जवाब आदि प्रस्तुत करने के लिये हुक्म होता है कि आप बतारीख 9 के जो माह 04 सन् 2026 ई0 को सुबह 10.30 बवक्त बजे उपस्थित होने अदालयम या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकिफ किया गया हो और जो कुछ उमूल सहन मुत्ताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके हाजिर व जवाबदेही दावा करे और कोई शख्स हो तो और उसी रोज अपना जमला गवाही को उसकी शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजो को जिस पर अपनी जवाबदेही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो, पेश करे। अगर बरोज सूचित किया जाता है यदि उपर वर्णित तिथि को इस न्यायालय में उक्त वाद के निस्तारण हेतु उपसंचार उपस्थित नहीं होंगे तो उक्त दशा में उक्त वाद को निस्तारण बगैर आपके मय समूह अनुपस्थिति में गुण दोष पर कर दिया जाएगा। बरवक्त मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज बतारीख ... माह 12 सन् 2025 ई0 जारी किया गया।

मुनसरीम रीडर

न्यायालय सिविल जज (जू0डि0)

बुढाना (मुजफ्फरनगर)

# कुष्ठ आश्रम में खाद्य सामग्री वितरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भा वि प सम्राट शाखा द्वारा आज 'राधा कृष्ण कुष्ठ आश्रम' रुड़की रोड पर कुष्ठ रोगियों को खाद्य सामग्री वितरित की गई। आज के मुख्य अतिथि 'शिशु कांत गर्ग जी' (प्रां गतिविधि संयोजक पर्यावरण) रहे। जिनका शाखा की ओर से पटका पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में सम्राट शाखा और उसके अध्यक्ष का बहुत-बहुत आभार एवं धन्यवाद किया जिन्होंने कि उन्हें अपनी शाखा के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बनाकर उनका सम्मान बढ़ाया है। तथा कहा कि सम्राट शाखा इस प्रकार के अनेक पुण्य के कार्य करती रहती है जो कि बहुत ही सराहनीय एवं प्रशंसनीय है।उन्होंने कुष्ठ रोगियों को खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के संबंध में भी विशेष जानकारी उपलब्ध कराई। शाखा अध्यक्ष प्रवीन कुमार ने भी कुष्ठ रोगियों को खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के विषय में कुछ विशेष जानकारियां उपलब्ध कराई। तथा सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया।सभा को सुनील गर्ग ने भी संबोधित किया। आज के इस कार्यक्रम में शाखा के 13 सदस्यों पुरुष एवं मातृ शक्ति ने भाग लिया जिन्होंने कि अपने हाथों से कुष्ठ रोगियों को खाद्य सामग्री उपलब्ध कराकर पुण्य लाभ कमाया।

# इंडस्ट्रियल राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस का हुआ भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** राजकीय आई टी आई मुज़फ्फर नगर कैम्पस में स्थित सभागार में कपिल देव अग्रवाल, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व्यावसायिक शिक्षा कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार की दूरदृष्टि सोच/मंशा के अनुरूप एवं निदेशक, प्रशिक्षण निदेशालय, उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा प्रदत्त निर्देशो के अनुपालन में उद्योग-आई टी आई साझेदारी को मजबूत करने के लिये मेधा फाउन्डैशन के सहयोग से मण्डल स्तरीय उद्योग गोलमेज सम्मेलन का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि जगमोहन गोयल, अध्यक्ष - लघु उद्योग भारती मुजफ्फरनगर एवं विशिष्ट अतिथि अमित जैन, अध्यक्ष आई.आई.ए.मुजफ्फरनगर, बीरेन्द्र बहादुर सिंह, संयुक्त निदेशक, (प्रशि./शिक्षु.) सहारनपुर मण्डल सहारनपुर, सु निधि, एच.आर. आई.आई.ए. गाजियाबाद, कमलजीत सिंह महरूक, सी.एस.टी.आई. हैड, एल.एण्ड टी. एवं मेरठ व सहारनपुर मण्डल के समस्त राजकीय आई.टी.आई. के प्रधानाचार्यो व लगभग 21 प्रतिष्ठित उद्योगो के पदाधिकारियों/ प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। उद्योग-आई.टी.आई. साझेदारी को मजबूत करने के लिये गोलमेज सम्मेलन में आये समस्त पदाधिकारियों / अतिथियो द्वारा खुले मंच के माध्यम से अपने-अपने विचार साझा किये गये। बीरेन्द्र बहादुर सिंह, संयुक्त निदेशक, (प्रशि./ शिक्षु.) सहारनपुर मण्डल सहारनपुर द्वारा विभागीय योजनाओं-डी.एस.टी., ओ.जे.टी., शिक्षुता प्रशिक्षण, प्लेसमेन्ट, उद्योग भ्रमण, उद्योग टॉक को लेकर मुख्य अतिथि जगमोहन गोयल, अध्यक्ष लघु उद्योग भारती मुजफ्फरनगर से विचार साझा किये गये तथा डी.एस.टी., ओ. जे.टी., शिक्षुता प्रशिक्षण, प्लेसमेन्ट, उद्योग भ्रमण, उद्योग टॉक के प्रभावी कियान्वन के विषय में चर्चा कर योजना तैयार करने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये। मेधा फाउन्डैशन की ओर से उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा उद्योग-आई टी आई साझेदारी को मजबूत करने हेतु मध्यस्थता बनाने पर बल दिया गया तथा उद्योगो एवं आई टी आई के बीच लगभग 20 सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर कराया गया। मुकेश प्रताप सिंह, नोडल प्रधानाचार्य ने धन्यवाद ज्ञापित किया गया। सम्मेलन का संचालन डॉ राजीव कुमार द्वारा किया गया।

## एसडी कॉलेज की एथलेटिक मीट का समापन

**मुजफ्फरनगर।** एसडी कॉलेज में दो दिवसीय एथलेटिक मीट के दूसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं में पुरुष वर्ग में शाकिर मलिक (बीपीईएस) तथा महिला वर्ग में तनु पुण्डीर(बीए) ने सर्वोच्च अंक प्राप्त कर चैम्पियन ट्राफी पर अपना कब्ज़ा किया। महाविद्यालय के सचिव अखिलेश दत्त ने लक्ष्मी सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके आज के समारोह का शुभारम्भ किया, तथा सभी खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. सुधीर कुमार पुण्डीर ने सभी विजेता खिलाड़ियों को मैडल तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में 100 मी. महिला वर्ग में तनु, लक्ष्मी, कीर्ति बालियान प्रथम, द्वितीय, तृतीय। 200 मी. महिला वर्ग में पलक प्रथम, प्रज्ञा द्वितीय, दीया तृतीय, 400 मी. महिला वर्ग में तनु प्रथम, कीर्ति बालियान द्वितीय, लक्ष्मी तृतीय। शाटपुट पुरुष- विशाल मलिक प्रथम, अनिकेत द्वितीय, आदित्य मलिक तृतीय। डिस्कास महिला - मन्नू प्रथम, रीना मावी द्वितीय, शिवानी तृतीय। शाट पुट महिला - लक्ष्मी प्रथम, तनु द्वितीय, कीर्ति बालियान तृतीय, लम्बीकूद पुरुष, देवा प्रथम, अनिकेत द्वितीय, बादल तृतीय, लम्बी कूद महिला - तनु पुण्डीर प्रथम, पल्लवी द्वितीय, तनु चौधरी तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# एसडी मैनेजमेंट में एआई के युग में करियर संभावनाओं पर सेमिनार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, मुजफ्फरनगर के बीसीए विभाग में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में केरियर की संभावनाएं विषय पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में उभरते करियर अवसरों एवं इसकी मूलभूत अवधारणाओं से अवगत कराना था। यह सेमिनार एजूकेशन फ्यूचर वन स्टॉप के सहयोग से आयोजित किया गया ।




कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम को विद्यार्थियों का उत्साहपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ । अपने संदेश में डॉ. संदीप मित्तल ने कहा कि वर्तमान समय में ।ए, मशीन लर्निंग और डेटा साइंस जैसे क्षेत्र भविष्य की दिशा निर्धारित कर रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीकी दक्षता विकसित करने और नवाचार को अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीसीए विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव तयाल ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता केवल एक तकनीकी विषय नहीं, बल्कि आने वाले समय की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को उद्योग की मांग के अनुरूप स्वयं को तैयार करने पर बल दिया।

सेमिनार के मुख्य वक्ता के रूप में एजूकेशन फ्यूचर वन स्टॉप पद के संस्थापक सचिन जैन उपस्थित रहे। उन्होंने एआई की मूल अवधारणाओं को सरल एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया। उन्होंने बताया कि । का उपयोग स्वास्थ्य, शिक्षा, बैंकिंग, ई-कॉमर्स, रोबोटिक्स एवं साइबर सिक्योरिटी जैसे अनेक क्षेत्रों में किया जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को जैसी प्रोग्रामिंग भाषाओं, लॉजिकल थिंकिंग एवं समस्या समाधान कौशल विकसित करने की सलाह दी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आने वाले समय में ऑटोमेशन और डेटा आधारित निर्णय प्रणाली प्रत्येक उद्योग का आधार बनने वाली है, इसलिए विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित न रहकर प्रोजेक्ट - आधारित शिक्षण पर भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने।, मशीन लर्निंग और डेटा साइंस के बीच अंतर को उदाहरण सहित समझाया तथा बताया कि कैसे छोटे-छोटे प्रैक्टिकल प्रोजेक्ट्स से बड़े करियर की शुरुआत की जा सकती है।

सचिन जैन ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन कोर्स, इंटर्नशिप एवं हैकाथॉन में भाग लेने के लिए प्रेरित किया, ताकि वे वास्तविक समस्याओं के समाधान पर कार्य कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि निरंतर अभ्यास, नई तकनीकों के प्रति जिज्ञासा और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है। अंत में उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों को अवसर में बदलने का संदेश देते हुए सभी को अपनी शुभकामनाएं दी।

**नाम शुद्धिकरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट संख्या H6309954 में त्रुटिवश मेरा नाम SALIM NAWAZ दर्ज हो गया था। मेरा वास्तविक एवं सही नाम **सलीम अहमद (SALEEM AHMED)** है, जो मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड तथा अन्य सभी सरकारी दस्तावेजों में स्पष्ट रूप से अंकित है।

SALEEM AHMED
S/o BASHIR AHMED
R/o- 394-KHALAPAR
MUZAFFARNAGAR

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपनी पुत्री नजफ मलिक की जन्म प्रमाण पत्र पंजीकरण सं. B-2021:9-90024-000211 दिनाँक 18.02.2021 को ऑन लाईन बनवाया था। मैं ब्यान करती हूँ कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में मेरी पुत्री के नाम की अंग्रेजी नजफ मलिक (NAZF MALIK) तथा माता के नाम की अंग्रेजी हिना मलिक (HEENA MALIK) दर्ज है जो गलत है। जबकि मेरी पुत्री के नाम की सही अंग्रेजी (NAZAF MALIK) तथा माता के नाम की सही अंग्रेजी हिना प्रवीन (HEENA PARVEEN) है। भविष्य मे मेरी पुत्री को उसके नाम की सही अग्रेजी नजफ मलिक (NAZAF MALIK) तथा माता के नाम की सही अग्रेजी हिना प्रवीन (HEENA PARVEEN) के नाम से ही जाना जाये।

**श्रीमति हिना प्रवीण**
**पत्नी श्री शाहरूख मलिक**
**मौहल्ला ठठेरान**
**कस्बा शाहपुर तहसील बुढ़ाना**
**जिला मुजफ्फरनगर**

# श्रीराम कॉलेज में एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आगाज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज़ के खेल प्रांगण में चल रहे 'वार्षिक खेलकूद-2026' के अन्तर्गत आज एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गजेन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, मुजफ्फरनगर तथा विशिष्ट अतिथि यश गर्ग, राज्य खिलाडी, उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन रहे।




आज से शुरू हुई एथलेटिक्स मीट-2026 में पुरूष और महिला वर्ग में 100 मी0, 200 मी0 400 मी0, 800मी, 1500मी0, 3000 मी0, की दौड़ के साथ-साथ शॉटपुट तथा डिस्कस, लम्बी कूद आदि के मुकाबले खेले गए। आज 800 मी0 महिला वर्ग की दौड़ का खिताब शारीरिक शिक्षा विभाग की राधिका को तथा 800 मी0 पुरूष वर्ग की दौड का खिताब शारीरिक शिक्षा विभाग के छात्र रवि भाटी को मिला। वहीं 100 मी0 पुरूष वर्ग की दौड़ में सबको छकाते हुये पहला स्थान शारीरिक शिक्षा विभाग के अर्जुन गोलियान ने प्राप्त किया तथा 100 मी0 महिला वर्ग की दौड मे शारीरिक शिक्षा विभाग की रीया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 3000 मी0 महिला वर्ग की दौड़ में बायोसाइंस विभाग की अनुभा सबसे आगे रही। वहीं 3000 मी0 पुरूष वर्ग की दौड में शारीरिक शिक्षा विभाग के शिवा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं शॉटपुट (गोला फेंक) पुरूष वर्ग की प्रतियोगिता में शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रियांशु ने पहला स्थान तथा महिला वर्ग में शारीरिक शिक्षा विभाग की चाहत ने पहला स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि गजेन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, मुजफ्फरनगर तथा विशिष्ट अतिथि यश गर्ग, राज्य खिलाडी, उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन, राम कालेज आफ इंजीनियरिंग के निदेशक डा0 एसएन चौहान, राम कॉलेज की प्राचार्या डा0 प्रेरणा मित्तल, राम कॉलेज के निदेशक डा अशोक कुमार, राम कॉलेज के उप-प्राचार्य डा सौरभ मित्तल, राम कॉलेज ऑफ फार्मेसी के निदेशक डा0 गिरेन्द्र गौतम, राम पालिटैक्निक के प्राचार्य डा अश्वनी कुमार, राम कॉलेज के डीन एकेडमिक्स डा0 विनीत कुमार शर्मा, ललित कला विभाग के निदेशक डा0 मनोज धीमान, आदि द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा एथेलेटिक्स मीट-2026 के आरम्भ होने की विधिवत् घोषणा की गई।

# बाट माप निरीक्षक ने की तौल कांटों की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मोबाइल टेस्टिंग वैन से की रोहाना चीनी मिल के मिल गेट के तोल कांटों की जांच। इसके लिए विधिक बाट माप विज्ञान विभाग ने मोबाइल टेस्टिंग वैन से , अभिषेक गोयल नियंत्रक (लखनऊ) और पंचशील बोध सहायक नियंत्रक(सहारनपुर )के आदेशानुसार रोहाना चीनी मिल के मिल गेट पर तौल कांटों की जांच की गई । सभी काटे सही पाएं गए।जांच के दौरान मौके पर चीनी मिल क्षेत्र के किसान मौजूद रहे और किसानों की मौजूदगी में जांच हुई। मिल गेट पर काटो की जांच के दौरान विधिक बाट माप निरीक्षक अनिल चौहान ( मुजफ्फरनगर), अनुराग वास्तव (एससीडीआई) रोहाना कलां, सतीश कुमार



(एससीडीआई) खाई खेड़ी, केपी मलिक (विभागाध्यक्ष गन्ना) रोहाना चीनी मिल संजीव चौधरी (अतिरिक्त गन्ना प्रबंधक ) अमित राणा (उप गन्ना प्रबंधक) व रोहाना चीनी मिल क्षेत्र के सम्मानित कृषक गण मौजूद रहे किसानों ने जांच से संतोष जताया।

# गन्ना क्रय केन्द्र का औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तम शुगर मिल खाइखेडी के दत्तियाना में स्थित गन्ना क्रय केंद्र का विधिक माप निरीक्षक ने औचक निरीक्षण किया। और बाट रखवाकर काटे की शुद्धता को परखा। इस दौरान काटा सही पाया गया। इसके अलावा दत्तियाना में दो धर्म कान्टा का निरीक्षण किया गया। जहां पर मानकों की कमी पाई गई है।



गांव दत्तियाना में मंगलवार को विधिक माप निरीक्षक अनिल कुमार व नायब तहसीलदार अमित कुमार, वरिष्ठ गन्ना निरीक्षक खाइखेडी सतीश कुमार व वरिष्ठ गन्ना निरीक्षक रोहाना मिल के साथ पहुंचे। उन्होंने दत्तियाना में स्थित उत्तम शुगर मिल खाइखेडी के गन्ना क्रय केंद्र सी का निरीक्षण करते हुए सरकारी मोबाइल वैन से 45 कुंतल के बांट कांटे पर रखवाकर कांटे की शुद्धता को परखा। जहां पर कांटे का तौल सही पाया गया। वहां पर किसान भी मौजूद रहे। इस दौरान डीजीएम पवन जैनर, अरुण कुमार व गन्ना प्रबंधक प्रदीप त्यागी मौजूद रहे। इसके अलावा उन्होंने दो धर्म कान्टों का भी निरीक्षण किया गया। जहां पर मानकों की कमी भी पाई गई है। बांट रखने पर 10 किलोग्राम की बढतौली पाइ गई।

# ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिशासी अभियंता के खिलाफ हुंकार

**अधिशासी अभियंता पर अश्लील डिमांड करने का आरोप**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** विकास भवन कर्मचारी एसोसिएशन के बैनर तले मंगलवार को ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिशासी अभियंता अनिल कुमार के खिलाफ कर्मचारियों ने विकास भवन परिसर में धरना-प्रदर्शन करते हुए कर्मचारियों ने अधिशासी अभियंता पर अभद्र व्यवहार और अमर्यादित टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की। धरना-प्रदर्शन के चलते कुछ समय के लिए कार्य प्रभावित रहा।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि हाल ही में एक कर्मचारी के साथ कथित रूप से अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया गया, जिससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। इस संबंध में पहले भी उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया था, लेकिन ठोस कार्रवाई न होने पर कर्मचारियों ने धरने का रास्ता अपनाया। संघ अध्यक्ष रविन्द्र नागर ने कहा कि कर्मचारियों के परिजनों पर गलत निगाहे बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# घर से बाजार गई किशोरी नहीं लौटी वापस

## सिसौली निवासी युवती के लापता होने से पुलिस की बढ़ी मुश्किलें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना/सिसौली।** अपने घर से बाजार में किसी घरेलू काम से गयी एक किशोरी अपने घर पर वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद पिता ने एक युवक पर शक जाहिर करते हुए अपनी पुत्री की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उधर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए रहस्यमय ढंग से गायब हुई किशोरी की तलाश शुरु कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार कस्बा सिसौली निवासी एक व्यक्ति ने भौरांकला पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि उसकी लगभग 17 साल की पुत्री बीती फरवरी की सायं लगभग 04 बजे घर से बाजार में गयी थी। जो वापस नहीं आयी। जिसे काफी तलाश किया मगर वह कहीं पर भी नहीं मिली। अब मुझे शक है कि उसकी पुत्री को कोई युवक बहला फुसलाकर ले गया है। पीड़ित पिता ने पुलिस से अपनी पुत्री की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। उधर भौरांकला पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर रहस्यमय ढंग से गायब हुई किशोरी की तलाश शुरु कर दी है।

पुलिस ने तहरीर के बाद लडकी की बरामदगी और आरोपी तक पहुंचने के लिए अपना जाल बिछा दिया है उधर लडकी के परिजन भी अपनी बेटी की बरामदगी के लिए इधर-उधर पूछताछ में लगे है।

# भैंसा बोगी से टकराकर बाईक सवार युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** मोरना शुक्रताल मार्ग पर भैंसा बोगी से टकराकर बाईक सवार युवक घायल हो गया घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

बिजनौर जनपद के थाना मंडावर क्षेत्र के गांव इंछावाला निवासी 20 वर्षीय अता खान पुत्र बन्ने मियां मंगलवार की दोपहर अपने चाचा अशरफ अली के साथ बाइक द्वारा मोरना जा रहा था।जैसे ही वह शुक्रताल- मोरना मार्ग के बीच स्थित सूखे राजबाहे की पुलिया के पास पहुंचा तभी बंदर को बचाने के प्रयास मे उसे सामने से गुजर रही भैंसा बोगी की साईड लग गयी जिसमे अताखान घायल हो गया। एम्बुलेंस द्वारा घायल को भोपा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर उपचार के लिए लाया गया। बाएं पैर मे गंभीर चोट के चलते उसे परिजनों द्वारा जिला मुख्यालय पर निजी अस्पताल मे ले जाया गया।

# रोमांचक मुकाबले में वसुंधरा सुपर किंग्स की 1 विकेट से जीत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित एमपीएल -2 के लीग मैच में अंबा वॉरियर्स और वसुंधरा सुपर किंग्स के बीच खेले गए रोमांचक मुकाबले में वसुंधरा सुपर किंग्स ने आखिरी ओवर तक चले संघर्ष के बाद 1 विकेट से शानदार जीत दर्ज की।

मैच चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम, मुजफ्फरनगर में खेला गया। मैन ऑफ द मैचरू अभिषेक अहलावत पहले बल्लेबाजी करते हुए अंबा वॉरियर्स ने बनाए 133 रन, टॉस जीतकर वसुंधरा सुपर किंग्स ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। अंबा वॉरियर्स की टीम ने 20 ओवर में 10 विकेट खोकर 133 रन बनाए। मोहम्मद अमान ने 30 रन की अहम पारी खेली। तरुण चौधरी ने 23 रन का योगदान दिया।

समीर चौधरी ने 29 रन बनाए। वसुंधरा की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए: अभिषेक अहलावत ने 4 ओवर में 17 रन देकर 2 विकेट लिए। ऋतिक वत्स ने 4 ओवर में 36 रन देकर 2 विकेट झटके। विवेक कुमार को भी 2 सफलताएं मिलीं।

अंबा वॉरियर्स को 15 रन अतिरिक्त के रूप में मिले। वसुंधरा सुपर किंग्स ने 19.3 ओवर में लक्ष्य किया हासिल, 134 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए वसुंधरा सुपर किंग्स ने 19.3 ओवर में 9 विकेट खोकर 137 रन बनाते हुए मैच अपने नाम कर लिया। अनिवेश चौधरी ने 38 रन की कप्तानी पारी खेली।

ऋतिक वत्स ने 23 रन बनाए। उवाश चौधरी ने 20 रन का योगदान दिया। अंबा वॉरियर्स की ओर से, प्रियांशु गौतम ने 2 विकेट लिए, रोहन अहलावत और विवेक सरोहा ने भी अहम विकेट हासिल किए। वसुंधरा को 4 रन अतिरिक्त के रूप में मिले। आखिरी ओवर तक चला रोमांच मुक. ाबला बेहद रोमांचक रहा और अंतिम ओवर में जीत का फैसला हुआ। संयमित बल्लेबाजी और सधी हुई गेंदबाजी के दम पर वसुंधरा सुपर किंग्स ने 1 विकेट से जीत दर्ज कर ली।




# मंदिर मस्जिद गीत के जरिए नफरतें मिटाने का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** बॉलीवुड अभिनेता नवा. जुद्दीन सिद्दीकी के भाई फैजुद्दीन सिद्दीकी का नया गीत मंदिर मस्जिद डिजिटल मंचों पर रिलीज कर दिया गया है। गीत के माध्यम से साम्प्रदायिक सौहार्द, भाईचारे और इंसानियत का संदेश दिया गया है। रमजान के पवित्र महीने में जारी इस गीत को श्रोताओं से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। बुढ़ाना कस्बा निवासी फैजुद्दीन सिद्दीकी के निर्देशन में तैयार इस गीत को डिजिटल मंच गीत फ्यूजन पर प्रस्तुत किया गया है। गीत की विषय वस्तु समाज में बढ़ती कटुता के बीच प्रेम, सद्भाव और मानवीय मूल्यों को स्थापित करने का प्रयास करती है। मंदिर मस्जिद शीर्षक से ही स्पष्ट है कि यह गीत धर्मो के बीच एकता और आपसी सम्मान का संदेश देता है। गीत में अलमासुद्दीन सिद्दीकी और निशा राजपूत ने अभिनय किया है। दोनों कलाकारों ने अपने सशक्त अभिनय से गीत के भाव को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया है। कृश्यांकन में मंदिर और मस्जिद दोनों प्रतीकों के माध्यम से यह दर्शाया गया है कि ईश्वर तक पहुंचने के मार्ग भले अलग हों, लेकिन मूल भावना इंसा. नियत ही है। फैजुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि इंसानियत ही सबसे बड़ा धर्म है। उनका मानना है कि जो व्यक्ति सच्चे अर्थों में अपने मजहब को मानता है वह इंसानियत को भी उतनी ही शिद्दत से मानता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मजहब के नाम पर मासूमों की हत्या करना आतंकवाद है और इसका किसी भी धर्म से कोई संबंध नहीं है। गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों की सहायता करना ही सच्ची इबादत है। उन्होंने कहा कि आदर्श समाज वही है जहां धर्म मानव सेवा का पाठ पढ़ाए और आपसी सौहार्द को बढ़ावा दे। मंदिर मस्जिद गीत के जरिए उन्होंने यही संदेश जन जन तक पहुंचाने का प्रयास किया है कि नफरत नहीं बल्कि प्रेम और सहयोग ही समाज को आगे बढ़ाता है। फैजुद्दीन सिद्दीकी ने यह भी बताया कि जल्द ही उनके निर्देशन में एक नया प्रोजेक्ट शुरू किया जाएगा जिसमें क्षेत्र के स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। उनका उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर उन्हें आगे बढ़ने का मौका देना है। रमजान के पवित्र अवसर पर रिलीज हुआ यह गीत बुढ़ाना सहित आसपास के क्षेत्रों में चर्चा का विषय बना हुआ है और श्रोताओं के बीच भाईचारे का संदेश मजबूत करने का प्रयास कर रहा है। उल्लेखनीय है कि फैजुद्दीन सिद्दीकी मशहूर फिल्म अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी के सगे भाई हैं।

# देवर अपनी सगी भाभी को लेकर हुआ फरार

**बुढ़ाना।** उकावली पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव में एक युवक अपनी सगी भाभी को प्रेम प्रसंग के चलते भगा ले गया। महिला के दो बच्चे हैं। अपना एक बच्चा घर पर ही छोड़ गयी जबकि दूसरे बच्चे को अपने साथ ले गयी। गांव में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र की उकावली चौकी के समीप स्थित एक गांवध्में कोरी समाज के एक युवक का अपनी भाभी से काफी दिनों से प्रेम प्रसंग का मामला चल रहा था। विगत दिवस युवक मौका पाकर अपने भाई की पत्नि और उसके एक बच्चे को लेकर फरार हो गया। घटना का पता महिला के पति को देर शाम कोध्तब लगा जब घर में उसकी पत्नि और उसका एक बच्चा नहीं था और उसका छोटा भाई भी गायब था। पहले तो महिला के पति ने अपनी पत्नि और अपने बच्चे को इधर उधर तलाश किया लेकिन जब गांव के कुछ लोगों के माध्यम से पति को यह पता लगा कि उसकी पत्नि उसके भाई के साथ प्रेम प्रसंग के चलते फरार हुई है तो उसने फिर अपनी पत्नि, बच्चे और भाई की तलाश नहीं की। पति का साफ कहना था कि जिसकी चीज थी वो उसी के साथ चली गयी। अब में बिना वजह क्यों दोनों का पीछा करूं। उपर वाला तीनों को खुश रखे। वह तो अपने एक बच्चे के साथ ही अपनी जिंदगी का गुजारा कर लेगा। गांव में यह मामला जबरदस्त चर्चा का विषय बना है।

# एमपीएल-2 ऋतिक शर्मा की विस्फोटक पारी, टिहरी फाल्कन्स ने 7 विकेट से दर्ज की जीत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित मुजफ्फरनगर प्रीमियर लीग-2 (एमपीएल-2) के लीग मुकाबले में टिहरी फाल्कन्स ने आरपीएल राइडर्स को 7 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। मुकाबला सीसीएस स्पोर्ट्स स्टेडियम, मुजफ्फरनगर में खेला गया। मैच के हीरो रहे ऋतिक शर्मा, जिन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।

**पहले बल्लेबाजी करते हुए आरपीएल राइडर्स ने बनाए 174 रन:** टॉस जीतकर आरपीएल राइडर्स ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 174 रन बनाए। ऋतिक अरोड़ा ने 40 गेंदों में 64 रन की दमदार पारी खेली। नितिन मिश्रा ने 28 रन का योगदान दिया।

आराध्या यादव ने 30 रन बनाए। सिद्धार्थ यादव ने 32 रन जोड़े। टिहरी फाल्कन्स की ओर से हिमेश कृष्णा और अजय कश्यप को महत्वपूर्ण सफलताएं मिलीं। गेंदबाजों ने बीच के ओवरों में विकेट लेकर मैच में वापसी कराई। आरपीएल राइडर्स को 15 रन अतिरिक्त के रूप में मिले। टिहरी फाल्कन्स ने 18.2 ओवर में लक्ष्य किया हासिल 175 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टिहरी फाल्कन्स ने 18.2 ओवर में 3 विकेट खोकर 178 रन बनाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया।

ऋतिक शर्मा ने 39 गेंदों में 73 रन की नाबाद और मैच जिताऊ पारी खेली। कप्तान शिवम चौधरी ने 29 रन बनाए। हिमेश कृष्णा ने 27 रन का योगदान दिया। ओशो मोहन ने 35 रन की उपयोगी पारी खेली।

आरपीएल राइडर्स की ओर से अब्दुल माजिद और आराध्या यादव को 1-1 विकेट मिला। टिहरी फाल्कन्स को 11 रन अतिरिक्त के रूप में मिले। शानदार रनचेज, दर्शकों में उत्साह टिहरी फाल्कन्स की टीम ने संतुलित बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए बड़े लक्ष्य को आसानी से हासिल किया।

ऋतिक शर्मा की आक्रामक बल्लेबाजी ने मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया और टीम को 7 विकेट से जीत दिलाई।

# एसडीएम ने सुनी क्षेत्र के लोगों की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** मंगलवार के दिन बुढ़ाना एसडीएम कृष्णकांत बिवकर्मा ने बुढ़ाना तहसील परिसर में स्थित अपने कार्यालय में बुढाना क्षेत्र के कई लोगों की समस्याओं को सुना और उनका निस्तारण संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द करने के निर्देश दिए। मिली जानक. ारी के अनुसार आज एसडीएम ने दूर दराज के गांवों से आए ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। उन्होंने एक एक करके सभी फरियादियों की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुना। कई मामलों में उन्होंने संबंधित कानूनगो और लेखपालों को फोन पर फटकार लगाई और निस्तारण के लिए समय सीमा तय की। उनका मुख्य जोर भूमि विवादों, अवैध कब्जों और राजस्व विभाग से जुड़े लंबित प्रकरणों पर रहा। अपने कार्यालय में आने वाले बुजुर्गों और महिला शिकायतकर्ताओं के प्रति उनका व्यवहार विशेष रूप से सम्मानजनक रहा।



ऐसा लगा कि अब शायद स्थानीय अधिकारी और कर्मचारियों को अपनी डड्ूटी के प्रति सजग रहना पड़ेगा। आफिस में आने की लेट लतीफी किसी भी सूरत में स्वीकार्य नही होगी। पीडितों की समस्याओं को अब अनदेखा कर उनको आफिसों के चक्कर नहीं कटाए जाएंगे। कुल मिलाकर एसडीएम कृष्णकांत बिवकर्मा की सक्रियता से भ्रष्ट व लापरवाह कर्मचारियों में जबरदस्त हड़कंप मचा हुआ है।

# बीआईटी के एमसीए छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** बीआईटी के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग एंड एप्लीकेशन विभाग के एमसीए द्वितीय वर्ष (तृतीय सेमेस्टर) का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। घोषित परिणाम में छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

छवि राजपूत ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान हासिल किया। प्रियांशु ने 76.25 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि अंशिका वर्मा ने 76 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्थान के निदेशक डॉ अनुराग विजय अग्रवाल ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई एवं आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

उन्होंने छात्रों को इंजीनियरिंग एवं तकनीकी क्षेत्र में उपलब्ध अपार संभावनाओं के बारे में जानकारी देते हुए निरंतर परिश्रम और समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय विभागाध्यक्ष एवं डीन डॉ अजय सिंह को दिया।

इस अवसर पर उपनिदेशक डॉ पुष्पनील वर्मा सहित अन्य प्राध्यापकों ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

## नई गन्ना प्रजाति के लिए निकाली जागरूकता रैली

**मुजफ्फरनगर।** इंडियन पोटाश लिमिटेड की रोहाना चीनी मिल ने पुरानी गन्ना किस्मों के प्रतिस्थापन एवं नयी गन्ना किस्मों की बुवाई में तेजी लाने के लिए रोहाना चीनी मिल द्वारा एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक लोकेश कुमार , विभागाध्यक्ष गन्ना के पी मलिक जीं,ब्क्प् रोहाना कलां परिषद के अनुराग वास्तव,एवं संजीव कुमार, अमित राणा, संजय मलिक व चीफ इंजीनियर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मिल स्टाफ ने मिल गेट के गांवों में घूम कर किसानों को आधुनिक गन्ना किस्में जैसे,कोशा 18231, कोलख. 16202 व को. 0118, को शा. 19231आदि की बुवाई करने के लिए जागरूक किया एवं गन्ना बुवाई में ट्रेच विधि को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

# कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक का हुआ आयोजन

**जानसठ।** कोतवाली जानसठ परिसर में आगामी त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन कोतवाली प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में किया गया।

कोतवाली में पहुंचे थाना क्षेत्र के गांव के प्रधान व सम्भरात लोगों ने अपनी अपनी समस्या बताई और प्रशासन का हर संभव मदद करने का आश्वाशन दिया।इस दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने वहां मौजूद लोगों से आ]वान करते हुए कहा,कि त्योहार शांति सद्भाव व भाईचारे की पहचान है इसलिए सभी मिलकर के त्योहारों को सद्भावना के साथ मनाएं और कहा, कि पुलिस आपकी मित्र है अगर कोई असामा. जिक तत्व त्योहार के आड़ में कोई टीका टिप्पणी या गलत कार्य करता है तो उसको बक्सा नहीं जाएगा और असामाजिक तत्वों की सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। तो वहीं उन्होंने कहा, कि सभी साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें और आपस में मिल जुलकर त्यौहार को मनाई किसी भी सूरत में माहौल को बिगाड़ने नहीं दिया जाएगा। हम सभी के लिए और सभी के साथ हैं इसलिए लोगों को भी पुलिस प्रशासन का साथ देना चाहिए।तो वहीं कुछ लोगों ने अपनी समस्या बताई तो उन्होंने अपने पास बुलाकर उनकी समस्या को सुना और निदान करने का आश्वासन दिया। मुख्य रूप से डॉटर आबिद हुसैन नगर अध्यक्ष जानसठ, चौधरी नरेंद्र प्रमुख,चौधरी उधम सिंह, मास्टर साजिद,महेंद्र सिंह कवाल, सभासद अब्दुल्ला कुरैशी, सभासद बाबर अंसारी, सभा सद मंसूर आलम, जाकिर पूर्व प्रधान, आँशु कुरैशी, राजकुमार प्रधान भलेड़ी, इरफ़ान काटका, नवाब जैदी उर्फ़ भूरा, बिट्टू ठाकुर, इस्लाम प्रधान कवाल, आकिब पिमोडा, जावेद प्रधान गढ़ी, सत्तार प्रधान पिमोडा, सुभानी प्रधान, चमन सिंह प्रधान, शौकत आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# भाजपाइयों ने बीएलओ की मदद से बनवाई नई वोटें



**बुढ़ाना।** भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष निर्देश अनुसार मंगलवार के दिन बुढ़ाना कस्बे के एक बूथ पर फॉर्म नंबर 06 के माध्यम से कई नई वोटें बनवाने का कार्य भाजपा नेता आशीष जैन ने बीएलओ के सहयोग से किया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे में आज भी पुनरीक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान बीएलओ ने फॉर्म नंबर 06 भरवाकर नए मतदाताओं को सूची में जोड़ने पर विशेष जोर दिया। अभियान के तहत फॉर्म नंबर 06 के माध्यम से नए मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल किया जा रहा है। बीएलओ द्वारा मौके पर ही ये फॉर्म भरवाए गए। यह कार्य एक विद्यालय परिसर में संपन्न हुआ। इसमें भाजपा के काफी कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। इस दौरान मतदाताओं को जागरूक किया गया ताकि मतदाता पुनरीक्षण कार्य में नई और पुरानी दोनों सूचियों में सभी पात्र व्यक्तियों को जोड़ा जा सके। यहां पर भाजपा नेता आशीष जैन ने बीएलओ से फार्म नंबर 06 भरवाकर नए मतदाताओं को सूची से जोड़ने पर पूरा विशेष जोर दिया।

# बजाज मिल में लगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**102 अधिकारी और कर्मचारियों की हुई जांच**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** बजाज हिंदुस्थान शुगर मिल शाखा भसाना में मंगलवार के दिन एक निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण घ्शिविर का आयोजन किया गया। घ्इस शिविर में शुगर मिल के 120 अघ्धिकारियों और कर्मचारियों के स्वास्थ्य की बारीकी से जांच की गई। जिला मुख्यालय से आए मुजफ्फरनगर जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील तेवतिया तथा इकाई प्रमुख चंद्रवीर सिंह ने संयुक्त रूप से रीबन काटकर इस शिविर का उद्घाटन किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना के तत्वाधान में इस निशुल्क स्वास्थ्य घ्परीक्षण शिविर का आयोजन हुआ। मंगलवार को आयोजित शिविर में अधिकारियों,



किसान व मजदूरों के शुगर, बीपी, दंत और नेत्र रोग सहित सामान्य स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य की जांच की। सभी मरीजों को निशुल्क दवाई का वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्य रुप से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रणव तेवतिया, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर उमंग श्रीवास्तव आदि सहित कई चिकित्सक और चीनी मिल के अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# होली व रमजान के मद्देनज़र पुलिस प्रशासन अलर्ट

**धर्मगुरूओं ने पुलिस को दिया सहयोग का आश्वासन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामराज।** आगामी त्यौहार होली और रमजान के दौरान मनाई जाने वाली ईद-उल-फितर को लेकर थाना रामराज में क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों व धर्म गुरुओं के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी रविंद्र सिंह यादव ने की।

बैठक में थाना प्रभारी ने उपस्थित लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी त्योहार शांति, सद्भाव और भाईचारे का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि होली और ईद जैसे पर्व सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं, इसलिए सभी नागरिकों का दायित्व है कि वे इन्हें आपसी सहयोग और सौहार्द के साथ मनाएं।

उन्होंने बताया कि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार गश्त कर रही है और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई। साथ ही अफवाहों से बचने और सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेश साझा न करने की सलाह दी गई।

बैठक में ग्राम प्रधानों, गणमान्य नागरिकों व अन्य जिम्मेदार व्यक्तियों ने भी शांति बनाए रखने का आश्वासन दिया। थाना प्रभारी ने सभी क्षेत्रवासियों से त्योहार शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की।

# चिकित्सा शिविर में 700 छात्राओं की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** रोटरी क्लब मुज़फ्फरनगर मिडटाउन द्वारा एक मेडिकल केम्प भगवंती सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज, नई मंडी मुजफ्फरनगर में किया गया जिसमे क्लब द्वारा दी गयी बस की सुविधायो का उपयोग करते हुए मुज़फ्फरनगर मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर्स द्वारा लगभग 700 छात्राओं की विभिन्न जाँच की गयी एवं आवश्यकता होने पर दवाइयां भी निशुल्क उपलब्ध करवाई गयी, इस अवसर पर क्लब द्वारा छात्राओ को सेल्फ हाईजीन पर ज्ञानवर्धक पुस्तिका का वितरण भी किया गया एवं शिक्षिकाओ को इसी विषय पर वीडियो की पेन ड्राइव भी उपलब्ध करवाई गयी एवं तीन बच्चो को साइकिल भी प्रदान की गई,मुख्य अतिथि पीडीजी रो बिंदु सिंह रोटरी पब्लिक इमेज कॉर्डिनेटर रही

कार्यक्रम संयोजक रो शैलेन्द्र शर्मा , रो विनोद वर्मा , सुनील अग्रवाल रो राजीव गुप्ता एवं रहे द्य अध्यक्ष सुशोभ बिंदल, सचिव गौरव गोयल एवं कोषाध्यक्ष दीपक सिंघल ने मेडिकल कॉलेज की डॉक्टर्स की टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया एवं सम्मानित किया, इस अवसर पर रो मनोज गुप्ता , देवेंद्र अरोड़ा , कौशल कृष्ण आदि उपस्थित रहे। विद्यालय की प्राचार्य डा मती वंदना शर्मा ने आंगतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।




# कृषि गोष्ठी मे किसानों को दी गई गन्ना बुआई की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** दि गंगा किसान सहकारी चीनी मिल में मंगलवार को बसंत कालीन गन्ना बुवाई एवं प्रजाति परिवर्तन अभियान कृषि गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए अनेक किसानों ने भाग लिया। गोष्ठी में किसानों को गन्ना बुवाई व नई प्रजातियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

गोष्ठी में गन्ना शोध संस्थान के गन्ना वैज्ञानिक डा. रामबरन सिंह ने कहा कि किसानों के लिए गन्ना प्रजाति में रेड रोट मुख्य बीमारी है। किसान गन्ना बीज शोधन करे व किट मुक्त गन्ने की बुवाई करें। रेड रोट के लिए ट्राइकोडर्मा रामबाण है। भूमि उपचार व फसल चक्र से किसानों को लाभ होगा। ट्रेंच, रिंगपीट, सिंगल बड, स्पेस प्लाटिंग विधि से गन्ने की बुवाई लाभदायक है। गोष्ठी में सेवानिवृत गन्ना वैज्ञानिक डा. अवधेश डागर ने कहा कि रासायनिक खाद का अधिक प्रयोग जमीन को बंजर बना रहा है , जिसके चलते खेतों में पानी उपरी सतह पर रुका रहता है जड़ों तक नहीं पहुंचता। जून जुलाई में गन्ने की फसल को गर्म शरद होने से ही बीमार कर देती है। इसलिए फसल सुरक्षा के लिए खेतों की गहरी जुताई करें ताकि जमीन की हार्ड परत कुटने से पानी फसल की जड़ों तक पहुंच सकें। जड़ें मजबूत होगी तो गन्ने को गिरने से बचाएंगी। वहीं गोबर की खाद जमीन को भुरभुरी कर उपजाऊ बना देती है। मुख्य गन्ना अधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि किसान स्वीकृति गन्ना प्रजाति की बुवाई करें। इफको के सतीश यादव ने गन्ने की बीमारी से बचाव को दवाइयों का प्रयोग करने का आ]वान किया। संगोष्ठी की अध्यक्षता मिल के प्रधान प्रबंधक बीपी पाण्डेय और संचालन कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष कालूराम ने किया। संगोष्ठी में रेशपाल, नेमपाल प्रधान, तरूण, सुरेंद्र, प्रवेंद्र, सोनू राठी,वीरेंद्र शर्मा, ;षिपाल, मोहित इशरत अली आदि किसान मौजूद रहे।




शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# एसडीएम के आदेश पर तालाब की पैमाइश शुरू, कार्यवाही से खलबली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** विकासखंड क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली में सरकारी तालाब की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत पर उप जिलाधिकारी कैराना निधि भारद्वाज के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर तालाब की भूमि की पैमाइश की। कार्रवाई के दौरान गांव में हलचल मची रही और कब्जाधारियों में हड़कंप की स्थिति बनी रही।गांव निवासी एवं राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के जिला संयोजक बदरू जमा गौरी पठान ने एसडीएम को शिकायत की थी कि ग्राम समाज के अभिलेखों में दर्ज लगभग 52 बीघा तालाब की भूमि पर कुछ लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर पक्के और कच्चे निर्माण कर लिए हैं। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया था कि तालाब की भूमि पर अतिक्रमण के कारण जलभराव की समस्या बढ़ रही है और वर्षा जल संरक्षण प्रभावित हो रहा है।शिकायत पर एसडीएम ने राजस्व विभाग को मौके पर जाकर जांच व सीमांकन,पैमाइश करने के निर्देश दिए। इसके बाद तहसीलदार अर्जुन चौहान, कानूनगो धर्मवीर सिंह, हल्का लेखपाल आदित्य तथा राजस्व टीम पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। टीम ने राजस्व अभिलेखों, खतौनी और नक्शे के आधार पर तालाब की भूमि का सीमांकन किया और मौके पर चिन्हांकन कराया। जैसे ही राजस्व, विभाग की टीम गांव में पहुंची, मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। जिन लोगों पर कब्जे का आरोप है, वह भी मौके पर मौजूद रहे। तहसीलदार अर्जुन चौहान ने बताया कि पैमाइश की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर उप जिलाधिकारी को सौंपी जाएगी। रिपोर्ट के आधार पर संबंधित कब्जाधारियों को नोटिस जारी किए जाएंगे। यदि निर्धारित समयावधि में कब्जा नहीं हटाया गया तो राजस्व विभाग एवं पुलिस की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। अतिक्रमण किसी भी प्रकार से बदाश्त नहीं किया जाएगा तथा आरोपी पर कार्यवाही की जाएगी।

## यूरिया खाद से भरी ई-रिक्शा पलटने से चालक गंभीर रूप से हुआ घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में यूरिया खाद से लदी एक ई-रिक्शा पलटने से चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने डायल 112 पुलिस की सहायता से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कस्बा एलम निवासी पुष्पेंद्र कुमार मंगलवार को कस्बे के इफको केंद्र से अपनी ई-रिक्शा में यूरिया खाद भरकर घर लौट रहा था। परिजनों के अनुसार जैसे ही वह अपने घर के बाहर पहुंचा तो रास्ता ऊंचा होने के कारण ई-रिक्शा असंतुलित होकर पलट गई। ई-रिक्शा के नीचे दबने से चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल की चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और ई-रिक्शा को सीधा कर किसी तरह उसे बाहर निकाला। इसके बाद डायल 112 पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सरकारी अस्पताल मैं भर्ती कराया। हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## पांच दिन से बंद पड़ी टंकी से बूंद-बूंद को तरसे लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** कस्बे की पानी की टंकी से जुड़े चार गांवों में पिछले पांच दिनों से पेयजल संकट गहराया हुआ है। मुख्य पाइप लाइन कई जगह से लीक और दो स्थानों पर मोटी मेन पाइप टूटने के कारण जलापूर्ति ठप पड़ी है। 35000 की आबादी बाल्टियों और डिब्बों के सहारे इधर-उधर से पानी ढोने को मजबूर है, जबकि जल निगम साइज की पाइप नहीं मिलने की दलील दे रहा है। चौसाना कस्बे में पठानपुरा रोड पर बनी पानी की टंकी से चौसाना, पठानपुरा, सुंदरनगर और भडी गांव की सप्लाई जुड़ी है। लेकिन बीते पांच दिनों से हालात बदतर हैं। सरकारी अस्पताल के सामने मुख्य मोटी पाइप लाइन टूटी पड़ी है, जिससे पूरे नेटवर्क में पानी नहीं पहुंच पा रहा। बताया जा रहा है कि जल निगम को उसी साइज की दूसरी पाइप नहीं मिल पा रही है। करीब पचास मीटर दूर बड़े शिव मंदिर के सामने भी मोटी पाइप में लिकेज है। मजदूरों ने मरम्मत का प्रयास किया, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। पठानपुरा में नीरज और योगिन्द्र के घर के सामने पाइप लाइन लिंकेज है। चौसाना में सात स्थानों पर लिकेज बताया जा रहा है, जबकि भडी और सुंदरनगर में भी यही हाल है। ग्रामीणों का आरोप है कि पांच दिन से सप्लाई बंद है, लेकिन विभागीय अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे। लोग खेतों से, सरकारी नलों से और आस-पड़ोस से पानी भर रहे हैं। महिलाओं और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। सरकारी नलों पर खड़े होकर अफजल, कुर्बान, शाहरुख, रहमान और कवरपाल समेत कई ग्रामीणों ने विरोध भी जताया। उनका कहना है कि समय रहते पाइप लाइन दुरुस्त नहीं की गई तो आंदोलन किया जाएगा।

### क्या कहते ग्रामीण

**नीरज, पठानपुरा**

पांच दिन से हमारे घर के सामने पाइप फटी पड़ी है। पानी घरों में एक बूंद नहीं आ रही। कई बार शिकायत की, पर कोई सुनवाई नहीं हुई। बच्चे स्कूल से आकर पानी के लिए तरस रहे हैं। आखिर कब तक ऐसे ही गुजारा करेंगे। पानी की कारण बहुत सी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

## पुत्रों पर धोखाधड़ी कर भूमि बेचने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद के ग्राम करमूखेड़ी निवासी कला पत्नी स्वर्गीय नैन सिंह ने एसडीएम सदर अर्चना शर्मा को प्रार्थना पत्र देकर अपने ही पुत्रों पर धोखाधड़ी कर कृषि भूमि विक्रय कराने और अब भरण-पोषण न करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने विक्रय की गई भूमि का हिस्सा दिलाने तथा दुकान पर कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। आरोप है कि उसके पुत्र तेजपाल आदि ने बहला-फुसलाकर उसकी कृषि भूमि अपने पक्ष में विक्रय करा दी। इसके बाद से वे उसे रोटी-कपड़े तक के लिए नहीं पूछ रहे हैं, जिससे वह दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है। साथ ही बताया कि उसकी दुकान पर भी तेजपाल द्वारा कब्जा किया गया है, जिसे छुड़वाया जाना आवश्यक है। पीडिता ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।

## लक्ष्मी नारायण मंदिर में सुंदरकांड सत्संग का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर के लक्ष्मी नारायण मंदिर में मंगलवार को सुंदरकांड सत्संग का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया। सत्संग में आचार्य पं. हरिओम शर्मा ने श्रद्धालुओं को जीवन के महत्वपूर्ण सूत्र बताते हुए सकारात्मक सोच अपनाने का संदेश दिया। आचार्य हरिओम शर्मा ने कहा कि जीवन को रिक्तता के साथ नहीं, बल्कि पूर्णता के साथ जीना चाहिए। उन्होंने कहा कि अक्सर लोग जीवन को सूर्यास्त की दृष्टि से देखते हैं, जबकि सूर्योदय की दृष्टि से देखना भी उतना ही आवश्यक है। हमारे दुखों का एक प्रमुख कारण यह है कि हम जीवन के केवल एक पक्ष पर यान देते हैं। उन्होंने प्रकृति का उदाहरण देते हुए बताया कि पतझड़ के बाद ही वृक्षों पर नई हरी कोंपलें फूटती हैं और वे पुष्पित व फलित होते हैं। इस संपूर्ण सृष्टि में विसर्जन के साथ सृजन भी जुड़ा हुआ है। आचार्य ने कहा कि परमात्मा से शिकायत नहीं करनी चाहिए, क्योंकि वह हमसे बेहतर जानते हैं कि हमारे लिए क्या उचित है। यदि ईश्वर हमारी झोली खाली करते हैं तो संभव है कि वह उसमें कुछ बेहतर भरने की तैयारी कर रहे हों। उन्होंने कहा कि प्रकृति में अंधकार इसलिए आता है ताकि अरुणोदय की लालिमा का सुख मिल सके और पतझड़ इसलिए होता है ताकि हरियाली छा सके। सत्संग में रामवीर सैनी, संदीप कुमार, सुनील कुमार, अश्वनी कुमार, तेजपाल और राजेश कुमार सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

## मुस्कान चौहान ने बढ़ाया जनपद का मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** विकासखंड क्षेत्र के गांव गढ़ी रामकौर की होनहार बेटी मुस्कान चौहान ने देश की प्रतिष्ठित वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद/राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा सीएसआईआर-नेट रसायन विज्ञान विषय में अखिल भारतीय 33वीं रैंक प्राप्त कर परिवार, गांव और जनपद का नाम रोशन किया है। गांव और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। गांव गढी रामकौर निवासी अनिल कुमार की पुत्री मुस्कान रोहतक में अपने चाचा देवेन्द्र चौहान एवं चाची के साथ रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही थीं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपने लक्ष्य से धयान नहीं हटने दिया और पूरी लगन के साथ अधययन करती रहीं। उनकी



अथक मेहनत का परिणाम आज पूरे क्षेत्र के सामने है।मुस्कान ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, परि. जनों और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया है। उनका लक्ष्य उच्च शिक्षा प्राप्त कर शोध कार्य के क्षेत्र में आगे बढ़ना है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का मान बढ़ा है। क्षेत्रवासियों को आशा है कि मुस्कान भविष्य में और भी ऊंचाइयां हासिल कर जिले व प्रदेश का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगी। छात्र की सफलता को लेकर गांव में खुशी का माहौल है।

## स्कूटी में टक्कर लगने से चौराहे पर जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के बुढाना रोड पर कार सवार द्वारा स्कूटी में टक्कर मार दिए जाने से हंगामा खडा हो गया। हंगामे के बाद जाम की स्थिति पैदा हो गई। सूचना पर पहुंची ट्रेफिक पुलिस ने किसी तरह जाम खुलवाया और कार चालक के खिलाफ चालानी कार्यवाही की गई।

शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव लिलौन निवासी रामबीर सिंह अपनी स्कूटी पर सवार होकर किसी कार्य से बुढाना फाटक गए थे। बताया जाता है कि जब वह वापस लौट रहे थे तो आईसीआईसीआई बैंक के बाहर अचानक एक कार सवार ने स्कूटी में टक्कर मार दी, जिसके बाद हंगामा खडा हो गया। स्कूटी सवार ने कार चालक को पकड लिया और जमकर खरी खोटी सुनाई। इस दौरान आवागमन बाधित होने से बुढाना रोड पर जाम की स्थिति पैदा हो गई। सूचना पर ट्रेफिक पुलिस मौके पर पहुंची और हंगामा कर रहे दोनों पक्षों को शांत किया। ट्रेफिक पुलिस ने कार चालक की गलती मानते हुए चालानी कार्यवाही की, जिसके बाद मामला शांत हो सका। पुलिस ने कार चालक का यातायात के नियमों का पालन करने की भी हिदायत दी है।

## एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के वीवी पीजी कालेज में सोमवार को एनएसएस की तीनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर का उद्घाटन प्राचार्य प्रो. डॉ. सुधीर कुमार ने फीता काटकर किया। तीनों ईकाईयों के कार्यक्रम अधिकारी गिरीश नारायण यादव, डॉ. मुकेश कनौजिया, अर्शी खान तथा नारायण सिंह मौजूद ने अतिथियों का स्वागत किया। गिरीश नारायण यादव ने अपने संबोधन में स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व एवं अपने अनुभवों से अवगत कराया। कार्यक्रम अधिकारी नारायण सिंह ने एनएसएस के प्रतीक चक्र की विस्तृत जानकारी दी, जबकि अर्शी खान ने राष्ट्रीय सेवा योजना के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्य प्रो. डॉ. सुधीर कुमार ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए एनएसएस के उद्देश्य, विशेषताओं एवं उसके धयेय वाक्य स्वयं से पहले आप की भावना को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक कार्यो के माधयम से स्वयंसेवक समाज और शासन के बीच सेतु का कार्य करते हैं। इस अवसर पर डॉ. बबली रानी, डॉ. छवि मौजूद रही।

## प्रेमधाम आश्रम का सराहनीय कार्य

**नजीबाबाद।** प्रेमधाम आश्रम ने एक बार फिर मानव सेवा की सच्ची भावना का परिचय देते हुए बिछड़े हुए बालक मोहित, पुत्र कमलेश तिवारी, निवासी बसंत विहार, घाटमघाट, कानपुर को उसके परिवार से मिलवाया। बालक सबसे पहले बिजनौर निवासी समाजसेवी समर सिंह राजपूत को मिला था। उन्होंने नजीबाबाद गायत्री शक्ति पीठ के पंडित दीपक के सहयोग से उसे प्रेमधाम आश्रम पहुंचाया था। जब बालक आश्रम लाया गया था, तब उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। लेकिन पिछले एक वर्ष में आश्रम की देखरेख और प्रेमपूर्ण वातावरण से उसमें काफी सुधार हुआ। इसके बाद वह अपना पता और फोन नंबर बताने में सक्षम हुआ। प्रेमधाम आश्रम की टीम ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए चाइल्ड वेलफेयर कमेटी से संपर्क किया और आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर बालक को उसके परिजनों को सौंप दिया।

# जानलेवा हमले का वांछित आरोपी वर्तमान प्रधान को पुलिस ने दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गांव हिंगोखेड़ी में धारदार हथियार से किए गए जानलेवा हमले के मामले में थाना कैराना पुलिस ने वांछित आरोपी वर्तमान ग्राम प्रधान को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त डंडा भी बरामद किया गया है।

पुलिस के अनुसार, विगत 21 फरवरी को लोकेश कुमार पुत्र जयसिंह निवासी ग्राम हिंगोखेड़ी ने कोतवाली पर तहरीर देकर बताया था कि उसके भाई संजय के घर पर गांव के ही वर्तमान ग्राम प्रधान अमित, जगपाल और सागर आदि ने धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया हैं। तहरीर के आधार पर थाना कैराना में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। उत्तर प्रदेश पुलिस के



तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक एन. पी. सिंह ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में मंगलवार को संदिग्ध वाहन व व्यक्ति चेकिंग अभियान के दौरान थाना कैराना पुलिस ने वांछित आरोपी ग्राम प्रधान अमित पुत्र महेंद्र निवासी ग्राम हिंगोखेड़ी को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी कैराना हेमंत कुमार के नेतृत्व में की गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त डंडा बरामद किया गया हैं। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में वैधानिक कार्रवाई करते हुए आरोपी ग्राम प्रधान को जेल भेज दिया है। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक यशपाल सोम, हेड कांस्टेबल यतेन्द्र कुमार व कांस्टेबल अरुण कुमार शामिल रहे। पुलिस अन्य नामजद आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है।

## राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय के मंत्री के नाम एक ज्ञापन डीएम को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

शामली। मंगलवार को भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने प्रदेश के सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय के मंत्री के नाम एक ज्ञापन डीएम अरविन्द कुमार चौहान को सौंपा।

ज्ञापन के माधयम से बिजनौर जनपद में निर्माणाधीन मेरठ-पौड़ी हाईवे के निकट हेमराज कॉलोनी चौराहे पर चल रहे धरने को हटाए जाने का विरोध किया गया। ज्ञापन में बताया गया कि हेमराज कॉलोनी चौराहे पर ग्रामीणों द्वारा पिछले नौ महीनों से अंडरपास निर्माण की मांग को लेकर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया जा रहा था। संघ का कहना है कि यह मांग जायज है और कई बार अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिए जाने के बावजूद समाधान नहीं निकला। आरोप है कि एनएचएआई अधिकारियों और जिला प्रशासन, बिजनौर ने कुछ राजनीतिक स्वार्थों व भू-माफियाओं के दबाव में धरने को अमर्यादित तरीके से हटाया



तथा भारी पुलिस बल लगाकर ग्रामीणों को रातभर नजरबंद रखा। किसानों के खिलाफ मुकदमे दर्ज किए जाने की जानकारी मिली है, जिसे संगठन ने निंदनीय बताया है। भारतीय किसान संघ, जनपद शामली मेरठ प्रांत ने इस कार्रवाई का कड़ा विरोध करते हुए दोषी जिला प्रशासन एवं एनएचएआई अधिकारियों को तत्काल हटाने तथा दर्ज मुकदमों को तुरंत वापस लेने की मांग की है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि ग्रामीणों की मांगों की अनदेखी की गई और मुकदमे वापस नहीं लिए गए तो मेरठ प्रांत स्तर पर बिजनौर में बड़ा आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। इस अवसर पर देशराज शर्मा, बबीता चौधरी, विजय राणा, धीरेन्द्र सिंह, अरविन्द शर्मा, योगेन्द्र कुमार, बबलू राणा, धर्मेन्द्र देशवाल आदि मौजूद रहे।

## विद्युत कनेक्शन की मांग को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** देहात क्षेत्र की कई बस्तियों में विद्युत कनेक्शन न होने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में देहात क्षेत्र से प्रधान प्रत्याशी एवं समाजसेवी जावेद हसन ने अधिशासी अभियंता को शिकायती पत्र सौंपकर समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की है। अधिशासी अभियंता ने मामले का जल्द निस्तारण कराने का आश्वासन दिया है।

देहात क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग, बिजलीघर रोड, इदरीश बैंग बिहार,जन्नत कॉलोनी, एकता नगर, शांति नगर सहित आसपास की कई बस्तियों में आज तक विद्युत कनेक्शन उपलब्ध नहीं हो सके हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि वे लगातार विद्युत विभाग को आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराते हुए कनेक्शन की मांग कर रहे हैं, लेकिन दूरी अधिक होने का हवाला देकर उनके आवेदन निरस्त कर दिए जाते हैं।

बिजली ना होने के कारण लोगों को अंधेरे में जीवन यापन करना पड़ रहा है। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और दैनिक कार्यों में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों में इसको लेकर रोष व्याप्त है।प्रधान प्रत्याशी जावेद हसन ने अधिशासी अभियंता से मिलकर एसडीओ व अवर अभियंता को निर्देशित करते हुए संबंधित क्षेत्रों में विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने तथा जहां विद्युत लाइन नहीं है वहां नई लाइन बिछाने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीणों के साथ आंदोलन किया जाएगा। अधिशासी अभियंता ने समस्या का शीघ्र निस्तारण करने का आश्वासन दिया है।

## सिटी स्कैन कराने पहुंचे एक ग्रामीण की जेब से नकदी चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला अस्पताल में पत्नी का सिटी स्कैन कराने पहुंचे एक ग्रामीण की जेब से नकदी चोरी कर ली गई। पीडित को जब जेब कटने का अहसास हुआ तो उसने हंगामा किया, लेकिन चोर पकड में नही आ सका। पीडित की शिकायत पर पुलिस सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है। कैराना क्षेत्र के गांव बराला निवासी मारूफ पुत्र आलमद. ीन मंगलवार को अपनी पत्नी मोमिना के सीने में दर्द होने के कारण सिटी स्कैन कराने के लिए जिला संयुक्त चिकित्सालय शामली में लाईन में खडा था। बताया जाता है कि जब वह सिटी स्कैन कराकर बाहर लौटा तो उसकी जेब में रखी 6500 रूपये की



नकदी चोरी कर चुकी थी। भीड में खडे किसी अज्ञात चोर द्वारा ग्रामीण के जेब से नकदी चोरी की थी। पीडित ने शोर खराबा मचाया, लेकिन चोर का कोई सुराग नही लग सका। आसपास मौजूद पुलिसकर्मियों को मामले की शिकायत की गई। पीडित की शिकायत पर पुलिस ने हक्क्स्पिटल में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली है। पुलिस चोर की तलाश में जुट गई है। कहा कि सीसीटीवी के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

## वार्षिक क्रीड़ा समारोह में छात्राओं ने दिखाया उत्साह और खेल प्रतिभा

**कांधला।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दो दिवसीय 45वें वार्षिक क्रीड़ा समारोह का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. बृज भूषण ने किया। उद्घाटन समारोह के उपरांत छात्राओं ने आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत कर प्राचार्य को सलामी दी। इस दौरान प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों को खेल भावना एवं अनुशासन के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने की शपथ दिलाई।प्राचार्य प्रो. बृज भूषण ने अपने संबोधन में कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास करते हैं। उन्होंने छात्राओं को निष्पक्ष खेल और निर्णायक मंडल के निर्णय का सम्मान करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा प्रभारी डॉ. प्रदीप कुमार ने किया और विभिन्न प्रतियोगिताओं की जानकारी दी।समारोह की शुरुआत 100 मीटर बाधा दौड़ से हुई, जिसमें बीए तृतीय वर्ष की काजल ने प्रथम, बीए प्रथम वर्ष की राधिका ने द्वितीय तथा बीए द्वितीय वर्ष की निशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।200 मीटर दौड़ में तंशु शर्मा प्रथम, राधिका द्वितीय और रितु तृतीय रहीं।400 मीटर दौड़ में काजल रानी ने प्रथम, तंशु शर्मा ने द्वितीय और निशा ने तृतीय स्थान हासिल किया।800 मीटर दौड़ में काजल ने प्रथम, शिवानी ने द्वितीय और निशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।मैदानी स्पर्धाओं में हेमर थ्रो में मोनिका प्रथम, दीपिका द्वितीय और सलोनी तृतीय रहीं। गोला प्रक्षेपण में संगीता ने प्रथम, दीपिका ने द्वितीय और सलोनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तश्तरी (डिस्कस) प्रक्षेपण में दीपिका प्रथम, पूजा द्वितीय और बुलबुल तृतीय रहीं। भाला प्रक्षेपण में सलोनी ने प्रथम, संगीता ने द्वितीय और बुलबुल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## व्यापार महोत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान

**शामली।** कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन घनश्याम दास गर्ग ने प्रेस नोट जारी कर देश व प्रदेश के व्यापारियों से भारतीय व्यापार महोत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आहवान किया है। उन्होंने बताया कि यह विश्वस्तरीय प्रदर्शनी 1 से 4 मई तक दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित की जाएगी। महोत्सव में लगभग 2000 प्रदर्शक, 5000 व्यापारिक एसोसिएशन, 2 लाख से अधिक व्यापारी डेलिगेट्स और करीब 10 लाख विजिटर्स के शामिल होने की संभावना है। इसके अलावा 20 से अधिक केंद्रीय मंत्री, लगभग 20 राज्यों के मुख्यमंत्री, 5000 अंत. रराष्ट्रीय व्यापार प्रतिनिधि तथा करीब 200 मीडिया प्रतिनिधि भी भाग लेंगे। इसमें लगभग 8 करोड़ व्यापारी प्रतिभाग करेंगे।

## एक नजर

### तेज बाइक चला रहे युवक दुर्घटना में गंभीर घायल, 108 ने पहुँचाया अस्पताल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** क्षेत्र के झाड़खेड़ी गांव स्थित तित्तरवाड़ा रोड पर मंगलवार दोपहर करीब एक बजे सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नशे की हालत में तेज रफ्तार बाइक चला रहे युवक ने सामने से आ रही दूसरी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बताया गया कि दोपहर के समय तित्तरवाड़ा रोड पर सामान्य आवाजाही चल रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार और नशे में बाइक चला रहे युवक का संतुलन बिगड़ गया और उसने सामने से आ रहे बाइक सवार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि नशे में बाइक चला रहा युवक कई फीट दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। दूसरी बाइक सवार को मामूली चोट आई और वह मौके से चला गया। हादसे के बाद आसपास के दुकानदार और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा घायल को सड़क किनारे सुरक्षित स्थान पर लिटाया। सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस सेवा मौके पर पहुंची। एंबुलेंस चालक रुद्र प्रताप और ईएमटी शुभम कुमार ने प्राथमिक उपचार देकर घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कैराना पहुंचाया। सीएचसी में तैनात चिकित्सकों ने बताया कि युवक के सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। चिकित्सकीय परीक्षण के दौरान उसके नशे में होने की आशंका भी जताई गई। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि तित्तरवाड़ा रोड पर तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही लगातार बढ़ रही है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। उन्होंने प्रशासन से सड़क पर स्पीड ब्रेकर लगाने, यातायात नियंत्रण सख्त करने और नियमित पुलिस गश्त की व्यवस्था करने की मांग की है। वही खबर लिखे जाने तक घायल युवक की पहचान नहीं हो सकी।

### वेद मंत्रों की गूंज के बीच राम-भरत के आदर्शों पर हुआ चिंतन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** आर्य समाज मंदिर में चल रहे चतुर्थ वेद पारायण महायज्ञ एवं संगीतमय वैदिक रामकथा के सप्तम दिवस पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः वैदिक मंत्रोच्चार और यज्ञ के साथ हुई, जिसमें यजमानों ने आहुतियां देकर विश्व शांति और समृद्धि की कामना की। यज्ञ में सोनू बंसल, आलोक गर्ग, राहुल गर्ग, बबलू सिंघल, शिव प्रिय गुप्ता (सहारनपुर), अभिषेक आर्य, अनुज अग्रवाल, राजेश वर्मा सहित कई श्रद्धालु दंपतियों ने भाग लिया। सायंकाल कथा सत्र में भजनोपदेशक संदीप गिल आर्य ने रामायण के प्रेरक प्रसंगों का वर्णन करते हुए राम और भरत के त्याग, प्रेम और मर्यादा को जीवन में अपनाने का आहवान किया। दिल्ली से आए अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता विनय आर्य ने कहा कि रामायण केवल कथा नहीं, बल्कि जीवन जीने की दिशा देती है। उसके आदर्शों को व्यवहार में उतारना ही सच्ची साधना है। कार्यक्रम का मुख्य विषय 'संस्कार' रहा। वद्राओं ने कहा कि परिवार और समाज की नींव मजबूत संस्कारों पर ही टिकी होती है। राम-भरत का आदर्श भाईचारा आज भी समाज के लिए प्रेरणा है। गुरुकुल की बालिकाओं ने शुद्ध उच्चारण के साथ वैदिक मंत्रों का पाठ कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के अंत में भजन-कीर्तन, आरती और प्रसाद वितरण हुआ। आयोजन में संजय राजवंशी, अमन रूहेला, मांगे राम गर्ग, कुलदीप सिंघल, कमल सिंघल, गौरव सिंघल, विजेंद्र आर्य समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### भाजपा नेता ने झूठे मुकदमे में फंसाने की साजिश का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव जसाला निवासी पूर्व कैबिनेट मंत्री के पुत्र व भाजपा नेता मनीष चौहान ने दो लोगों पर षड्यंत्र रचकर उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने और क्षेत्र में जातीय व धार्मिक तनाव फैलाने की साजिश रचने का आरोप लगाया है। उन्होंने थाने पर तहरीर देकर दो नामजद व एक अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। साथ ही अपनी सुरक्षा को लेकर पुलिस से गुहार लगाई है। भाजपा नेता मनीष चौहान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रोहित प्रधान नाम की आईडी से एक ऑडियो लिंक वायरल हो रहा है। उन्होंने संबंधित लिंक व एक पेन ड्राइव भी पुलिस को सौंपी है। वायरल ऑडियो में कथित तौर पर दो व्यक्ति आपस में बातचीत कर रहे हैं। वायरल ऑडियो में बातचीत में एक व्यक्ति का नाम नदीम पुत्र शब्बीरा निवासी ग्राम बराला थाना कैराना बताया गया है, जबकि दूसरे व्यक्ति का नाम नाहिद हसन बताया गया है। तहरीर में आरोप है कि वायरल ऑडियो में कथित रूप से रोहित प्रधान की हत्या कर उसका वीडियो बनाकर मनीष चौहान के नाम से वायरल करने और उन्हें फंसाने की साजिश की बात कही जा रही है। साथ ही क्षेत्र में हिंदू-मुस्लिम तनाव फैलाने, धार्मिक उन्माद भड़काने और राजनीतिक लाभ लेने की मंशा भी जताई जा रही है। ऑडियो में आपत्तिजनक शब्दों व गाली-गलौज का भी उल्लेख किया गया है। मनीष चौहान का कहना है कि यह पूरी साजिश उन्हें राजनीतिक रूप से बदनाम करने और क्षेत्र का माहौल खराब करने के उद्देश्य से रची गई है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।पुलिस ने तहरीर के आधार पर नदीम व नाहिद हसन व एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरक्षक सतीश कुमार का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### भूमि की पैमाइश के लिए एसडीएम सदर को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्षेत्र के ग्राम करौदा हाथी के ग्रामीणों ने एसडीएम सदर को प्रार्थना पत्र देकर भूमि को मौके पर शजरे के अनुसार पैमाइश कर चिन्हित कराए जाने की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार ग्राम करौदा हाथी, परगना व तहसील शामली स्थित भूमि राजस्व अभिलेखों में आबादी के रूप में दर्ज है, लेकिन मौके पर उक्त भूमि शजरे के अनुरूप पूर्ण रूप से उपलब्ध नहीं है। इससे ग्रामीणों को विभिन्न प्रकार की दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मांग की गई है कि संबंधित भूमि की राजस्व विभाग द्वारा मौके पर पैमाइश कर शजरे के अनुसार स्पष्ट रूप से चिन्हांकन कराया जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न न हो। इस संबंध में जयप्रकाश, अश्वनी कुमार, प्रवेश कुमार, लाखन कुमार, राजीव, मनीषा, ज्योति, अमित कुमार सहित समस्त ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

# शब्दों में नहीं बंध सकती महानताः जसवंत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि माँ की महानता को शब्दों में नहीं बांधा जा सकता। माँ से पवित्र,ममतामयी और प्यारा रिश्ता कोई नहीं है।

संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्यमंत्री जसवंत सैनी की माता जी की तृतीय पुण्यतिथि पर हवन यज्ञ कर श्रद्धापूर्वक पुष्पांजलि अर्पित की गई।उनकी तीसरी पुण्यतिथि पर उनकी पावन स्मृति में महात्मा ज्योतिबा फूले विद्यालय में राज्यमंत्री सैनी ने अपने निजी व्यय से लाइब्रेरी भवन का शिलान्यास किया।

राज्यमंत्री जसवंत सैनी ने कहा कि माँ दुनिया का सबसे प्यारा शब्द है और माँ से पवित्र और प्यारा रिश्ता कोई नहीं है।माँ की महानता को शब्दों में नहीं बाँधा जा सकता।सभी को अपने माता पिता की सेवा करनी चाहिए और उनके आदर्शों का पालन करना चाहिए।ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विजयपाल सिंह ने कहा कि बच्चों का माँ से ज्यादा लगाव होता है।जब भी कोई मुश्किल आती है तो माँ ही याद आती है।हर इंसान माँ को हमेशा याद रखता है।

पूर्व जिला महामंत्री प्रमोद कौशिक ने कहा कि माँ बच्चे की पहली शिक्षक होती है और माँ के संस्कार आजीवन बच्चों में रहते हैं।अजीत सिंह राणा ने कहा कि जो माँ की सेवा करते हैं ईश्वर उनसे प्रसन्न रहते हैं।

इस दौरान मंत्री प्रतिनिधि कृष्णचंद सैनी,सचिन पँवार, शिव कुमार सैनी,रामू चौधरी, दीपक सैनी,योगी ओमवीर सिंह,भोपाल सैनी,सभासद संदीप सैनी,अमित सैनी आदि काफी लोग मौजूद रहे।

## साकेत कालोनी में विजिलेंस का छापा

**सहारनपुर।** थाना सदर बाजार क्षेत्र स्थित साकेत कॉलोनी में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब विजिलेंस टीमों ने एक ग्राम पंचायत अधिकारी के आवास पर अचानक छापेमारी की कार्रवाई की। सूत्रों के अनुसार यह कार्रवाई कथित अनियमितताओं एवं आय से अधिक संपत्ति की शिकायतों के आधार पर की गई है।

बताया जा रहा है कि सुबह टीम ने मौके पर पहुंचकर घर के मुख्य द्वार को बंद कर अंदर जांच प्रक्रिया शुरू की। छापेमारी के दौरान दस्तावेजों, बैंक खातों, संपत्ति से जुड़े कागजात तथा अन्य महत्वपूर्ण अभिलेखों की गहन जांच की गई। टीम के साथ स्थानीय पुलिस बल भी मौजूद रहा, ताकि कानून-व्यवस्था की स्थिति बनी रहे। आसपास के लोगों के अनुसार कार्रवाई कई घंटों तक चली। अधिकारियों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, लैपटॉप, मोबाइल फोन तथा अन्य दस्तावेजों को भी जांच के दायरे में लिया गया है।

# किसानों में लाएं जागरूकताः ओ पी सिंह



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उप गन्ना आयुक्त ओ. पी. सिंह ने कहा कि बसंतकालीन गन्ना बुवाई में कृषकों को ट्रेंच विधि से गन्ने की बुवाई करनी चाहिए।

उप गन्ना आयुक्त चीनी मिल बिडवी द्वारा आयोजित बसंत कालीन गन्ना बुवाई जागरूकता रैली को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा की गन्ना बुवाई से पहले गन्ने के टुकड़ो को उपचारित कर लेना चाहिए और बुवाई के लिए साफ, स्वस्थ गन्ना ही लेना चाहिए। अपने चीनी मिल अथवा गन्ने विभाग के फिल्ड स्तरीय सुपरवाइजर, गन्ना विकास निरीक्षक, अपनी गन्ना परिषद से सम्पर्क करते हुए सलाह और सहायता लेते रहें।

उन्होंने किसानों को मृदा स्वास्थ्य एवं गन्ना पेड़ी प्रबन्धन, कीट एवं रोगों के नियंत्रण के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा की गहरी जुताई हेतु कृषि यंत्रो के लिए अपनी गन्ना समिति मे स्थापित फार्म मशीनरी बैंक में उपलब्ध कृषि यंत्र किराये पर लेकर अच्छे से कार्य कर सकते है। उन्होंने कहा की सभी गन्ना समितियों में कृषि यंत्र उपलब्ध है और किसान उन्हें ले सकते है।

उप गन्ना आयुक्त ने वाहन रैली में उपस्थित कर्मियों से कहा कि आपका उद्देश्य अधिकतम किसानो तक पहुंचने का होना चाहिए आप सभी लोग किसानों के लिए बहुत मददगार साबित होंगे और उन तक नवीन तकनिकी ज्ञान पंहुचाकर उनकी गन्ना पैदावार में बढ़ोतरी कराने में सहायक होंगे।उप गन्ना आयुक्त ने इस अवसर पर उपस्थित विभागीय और चीनी मिल अधिकारियो को निर्देश दिए की इसी प्रकार की जागरूकता के साथ साथ गांव गांव में किसानों की गोष्ठीया कराकर किसानों को गन्ने की खेती की जानकारी दी जाये। इस अवसर पर अन्य विभागीय तथा चीनी मिल अधिकारी तथा फिल्ड स्टॉफ उपस्थित रहे।


# युवक की संदिग्ध हालत में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** ग्राम बुड्ढाखेड़ा में एक युवक का शव गांव के बाहर स्थित नर्सरी के समीप पड़ा मिलने से गांव में सनसनी फैल गयी। जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की।

मिली जानकारी के अनुसार चिलकाना क्षेत्र के गांव बुड्ढाखेडा में सोमवार की सुबह ग्रामीणों को खेतों की ओर जाते हुए रास्ते में पड़ने वाली शाकिब की नर्सरी के निकट एक युवक का शव पड़ा दिखाई दिया। शव मिलने की खबर गांव में आग की तरह फैल गई और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गयी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी विनोद कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और आसपास के लोगों से पूछताछ की। ग्रामीणों ने शव की पहचान गांव निवासी राहुल (38) के रूप में की। परिजनों ने बताया कि राहुल रविवार शाम को घर से बाइक पर कहीं गया था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने रात में उसकी काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। सोमवार सुबह उसका शव गांव के बाहर नर्सरी के पास मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक राहुल गांव में कॉस्मेटिक की दुकान एवं पत्नी ब्यूटी पार्लर चलाते थे। उसके परिवार में पत्नी और तीन बेटियां हैं, जिनमें सबसे बड़ी की उम्र करीब 12 वर्ष बतायी जा रही है।घटना के बाद से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। मौके पर क्षेत्राधिकारी सदर मुनीश चंद फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंचे। टीम ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य और नमूने एकत्र किये। सीओ सदर मुनीश चंद ने बताया कि प्रथम दृष्टया शव पर किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं मिले हैं।

# श्रीमद भागवत कथा की अमृत वर्षा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** गांव भागुवाला में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन बोलते हुए कथा वाचक पंडित संजय प्रपन्नाचार्य महाराज ने कहा कि महाभारत युद्ध के उपरांत अश्वत्थामा द्वारा अभिमन्यु की पत्नी पर ब्रह्मास्त्र संधान किया गया, परिणामस्वरूप गर्भस्थ जीव की मृत्यु का आभास होने पर उत्तरा ने भगवान श्रीकृष्ण से करुण पुकार की तो भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी कृपा दृष्टि से मृत जीव को पुनर्जीवित कर सुदर्शन चक्र द्वारा सुरक्षा प्रदान की। जन्म लेते जीव ने संसार मे गर्भ में रक्षा करने वाले ईश्वर को चारों ओर देखा तो ब्राह्मणों द्वारा परीक्षित नाम रखा गया।

गर्भ में भगवान के द्वारा ही भरण पोषण और रक्षण होता होता है, परंतु संसार की मोह माया में फंसकर मनुष्य भगवान की कृपा और शक्ति को भूल कर अपने आप को ही कर्ता धर्ता मान बैठता है। परिणाम स्वरूप जीवन में प्राप्त सुख और आनंद के स्थान पर दुखों का भोक्ता बनकर रह जाता है। प्रपन्नाचार्य जी ने कहा मनुष्य को जीवन में सावधानीपूर्वक परमात्म प्रदत्त शक्तियों का सदुपयोग करते हुए जीवन व्यतीत करना चाहिए। राजा परीक्षित द्वारा अहंकार में संतोष का अपमान हुआ परिणाम में सात दिन में मृत्यु का शाप मिला फिर संतो के मार्ग दर्शन से ही शुकदेव जी के सानिध्य से ही शाप मुक्ति का साधन बना। महाभारत प्रसंग से सत्य असत्य, न्याय, अन्याय, अत्याचार, परोपकार के परिणाम के व्याख्यान में बताया मनुष्य को अपने किए कर्मो का बीज ही मनुष्य को पुण्य फल सुख व पाप दुख रूपी फल के रुप में प्राप्त होता है। कितना भी शक्तिमान हो किए हुए कर्म का फल भोगना ही होगा। इस अवसर पर ब्रजपाल, कबूल सिंह सैनी, महेंद्र राणा, दीपक राणा, अरुण राणा, आदित्य राणा, उषा देवी, सारिका सैनी आदि मौजूद रहे। अंजेस सैनी व दिनेश कुमार सैनी ने भागवत पूजन एवं कथा व्यास पूजन कर धर्म लाभ उठाया।

## शिविर का शुभारंभ

**सहारनपुर।** शिक्षण महाराज सिंह कॉलेज द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शि.विर का शुभारंभ चकदेवली ग्राम स्थित रविदास मंदिर प्रांगण में गरिमामय वातावरण में किया गया।

शिविर का विधिवत उद्घाटन प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ने किया। इसके उपरांत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सरस्वती वंदना एवं एनएसएस गीत की प्रस्तुति से वातावरण पूर्णतः भक्तिमय और राष्ट्रसेवा की भावना से ओतप्रोत हो गया।

कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेविका ट्विंकल सैनी ने देशभक्ति से ओतप्रा.ेत गीत प्रस्तुत कर उपस्थित जनों में जोश और उत्साह का संचार किया। वहीं अंशुल कुमार एवं जाफर ने राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व, उद्देश्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व पर विचार व्यक्त किये।

# संस्थापक सप्ताह के पहले दिन दिव्या व प्रज्ञा बनी विजेता



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महाराज सिंह कॉलेज में संस्थापक सप्ताह 2026 के प्रथम दिन बालिका वर्ग की इनडोर प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गई।

प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य प्रो.अनिल कुमार द्वारा किया गया। जिसके बाद शुरू हुई बैडमिंटन प्रतियोगिता में दिव्या उपाध्याय ने प्रथम, प्रियंका पाल ने द्वितीय, वंशिका प्रजापति ने तृतीय, शतरंज में प्रज्ञा ने प्रथम, कलश ने द्वितीय, सानिया ने तृतीय तथा योग में दिव्या ने प्रथम, आशा ने द्वितीय, सुहानी शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# पत्रकार की छवि धूमिल करने का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** हत्या के एक मामले में जेल काट चुके तथाकथित पत्रकार व पूर्व चेयरमैन के तीन बेटों द्वारा सोशल मीडिया फेसबुक व व्हाट्सअप पर उल्टे सीधे मैसेज चलाकर साफ सुथरी छवि के पत्रकार एम एस सोनू कुरैश की ख्याति व सामाजिक प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयास कहीं कोई बड़ा राजनैतिक षड्यंत्र या हीन भावना तो नही।

सूत्र बतातें है कि पूर्व चेयरमैन के बेटों को पत्रकार एम एस सोनू कुरैश से जहां मुखबिरी का शक रहता है वहीं अपनी राजनैतिक विरासत छिन जाने का खतरा भी उन्हें बना हुआ है, इसीलिए यह लोग उनसे हीन भावना रखते हैं। पत्रकार सोनू कुरैश को धमकाने के साथ साथ हत्याभियुक्त तथाकथित पत्रकार का सहारा लेकर उन्हें बदनाम करने की एक बड़ी साजिश रची जा रही है। वहीं सूत्रों से यह भी ज्ञात होता है कि पत्रकार व परिवार को झूठे मुकदमें में फंसाने की एक बड़ी साजिश भी यह लोग रच रहे हैं, जिसके लिए इन लोगों ने हत्या के आरोप में जेल काट चुके तथाकथित पत्रकार को अपनी ढाल बनाया हुआ है। ज्ञात हो कि विगत 10 फरवरी को पूर्व चेयरमैन व उसके तीन बेटों द्वारा पत्रकार एम एस सोनू कुरैश व परिजनों के साथ घर मे घुसकर मारपीट की गई थी। उक्त मामले में थाना प्रभारी विनोद कुमार ने तत्परता व सख्ती दिखाते हुए सभी आरोपियों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। तत्पश्चात आरोपीयों द्वारा पत्रकार को झूठे मुकदमे में फंसाने की भरपूर कोशिश की गई। लेकिन एसओ विनोद कुमार ने साहस और ईमानदारी का परिचय देते हुए सच्चाई का साथ दिया तथा झूठा मुकदमा दर्ज करने से कतई इंकार कर दिया था। अब पूर्व चेयरमैन के बेटों ने खुद पर दर्ज उक्त मुकदमा वापस कराने को लेकर दबाव बनाने हेतु हत्याभियुक्त रहे हाकिम अली की ओर से धारा 156/3 के तहत एक फर्जी मुकदमा सोनू कुरैश के खिलाफ कोर्ट में डलवाया है।

बड़ा सवाल ? चिलकाना क्षेत्र में बहुत पुराने एवं बड़े प्रतिष्ठित एवं सक्रिय पत्रकार भी मौजूद है, लेकिन पूर्व चेयरमैन के पक्ष में खुलकर सिर्फ और सिर्फ पूर्व में कई बार जेल की हवा खा चुका तथाकथित पत्रकार ही क्यों आया ? क्यों सिर्फ यह तथाकथित पत्रकार ही साफ सुथरी छवि के पत्रकार एम एस सोनू कुरैश की छवि खराब करना चाहता है ? पूर्व चेयरमैन के बेटों और पूर्व हत्याभियुक्त तथाकथित पत्रकार का यह रिश्ता क्या कहलाता है ?

# नो एंट्री का बदले समयः संदीप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर क्षेत्र के निवासियों ने भारी और खनन वाहनों के प्रवेश समय में बदलाव की मांग की है।

मिली जानकारी के मुताबिक क्षेत्र निवासी एडवोकेट संदीप काम्बोज ने एसपी ट्रैफिक को प्रार्थना पत्र सौंपा है वर्तमान में इन वाहनों को रात 10 बजे से सुबह 9 बजे तक ही प्रवेश की अनुमति है लेकिन अधिकांश स्कूलों का समय सुबह 8 बजे से शुरू होता है निवा.सियों का आरोप है कि खनन ट्रक और भारी वाहन चालक तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है

प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया गया कि पहले भी ऐसे वाहनों की चपेट में आकर स्कूल के 5 बच्चों की मौत हो चुकी है मंगलवार की सुबह भी 8:30 बजे स्कूल जाते समय एक तेज रफ्तार 20 टायर वाले खनन ट्रक से बच्चे भरी ई-रिक्शा बाल-बाल बची

मांग की गई है कि कस्बे में भारी/खनन वाहनों का प्रवेश सुबह 7 बजे से रात 11 बजे तक पूरी तरह बंद किया जाए, ताकि स्कूली बच्चों और आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके एडवोकेट संदीप कांबोज उम्मीद जता रहे हैं कि ट्रैफिक पुलिस इस मसले पर जल्द संज्ञान लेगी और आवश्यक आदेश जारी करेगी।

# फिल्म को लेकर यादव समाज का ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर/गागलहेडी।** यादव समाज के लोगो ने फिल्म यादव जी की लव स्टोरी के विरोध में मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सौंपा और इस फिल्म का विरोध करते हुए कड़ी से कड़ी कार्यवाही की मांग की।

मंगलवार को यादव महासभा के जिलाध्यक्ष नरेंद्र यादव ने कहा कि ये जो फिल्म बनाई गई है इसमें लड़की यादव समाज की दिखाई गई है और लड़का मुस्लिम समाज का दिखाया गया है जो हमारे समाज को बदनाम करने की साजिश है और लव जेहाद को दर्शाती है हम सब इस फिल्म का विरोध करते है। वहीं नितिन यादव ने कहा कि ये जो मूवी बनाई गई ये सामाजिक सौहार्द को खराब करने वाली मूवी है जिसका हम सब विरोध करते है। लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सिद्धार्थ यादव ने कहा कि ये जो यादव जी की लव स्टोरी मूवी बनाई गई है ये हमारे खूबसूरत समाज को खराब व बदनाम करने के उदेश्य से ये मूवी बनी है जिसका हम विरोध करते है। दुष्यंत यादव ने कहा कि ये मूवी हमारे यादव समाज को टारगेट करके बनाई है और ये मूवी हमारे समाज को बदनाम कर रही है और पुरे भारत के अंदर यादव समाज इस फिल्म का विरोध कर रहा है

इस दौरान नरेंद्र यादव, प्रवीण यादव, विपुल यादव, नितिन यादव, एडवोकेट अक्षय यादव, सिद्धार्थ यादव, दुष्यंत यादव, सुमित यादव, ललित यादव, जसवीर यादव, अमित यादव, अनित चौधरी, विभोर यादव, दीपक यादव, गौरव यादव आदि मौजूद रहे।

# तिलफरा ऐनाबाद बनी शूटिंग बॉल चैंपियन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** क्षेत्र के निकटवर्तीय गांव किशनपुरा में आयोजित तीन दिवसीय शूटिंग बॉल प्रतियोगिता का समापन रोमांचक फाइनल मुकाबले के साथ हुआ, जिसमें तिलफरा ऐनाबाद की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुरड़ी गांव की टीम को पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया। जीत के बाद खिलाड़ियों और समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। प्रतियोगिता में आसपास के गांवों के साथ-साथ बाहरी क्षेत्रों से भी कई टीमों ने हिस्सा लिया।

तीन दिनों तक चले मुकाबलों में खिलाड़ियों ने दमखम, अनुशासन और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मैदान में दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी, जिससे पूरा वातावरण खेलमय हो गया। शूटिंग बॉल, जो वॉलीबॉल से प्रेरित एक स्वदेशी खेल है और जिसमें ताकत, फुर्ती तथा सटीक शॉट की आवश्यकता होती है, क्षेत्र के युवाओं में तेजी से लोकप्रिय होता जा रहा है। ग्रामीण अंचल में इस खेल के प्रति बढ़ते रुझान का प्रमाण इस प्रतियोगिता में उमड़ी खिलाड़ियों और दर्शकों की संख्या से साफ दिखाई दिया।

फाइनल मुकाबला तिलफरा ऐनाबाद और कुरड़ी के बीच बेहद कांटे का रहा। दोनों टीमों ने जीत के लिए पूरा दम लगाया, लेकिन निर्णायक क्षणों में तिलफरा ऐनाबाद के खिलाड़ियों ने संयम और रणनीति के दम पर बढ़त बनाते हुए मुक.ाबला अपने नाम कर लिया। विजेता टीम तिलफरा ऐनाबाद को ट्रॉफी के साथ ₹7100 नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विजेता टीम तिलफरा ऐनाबाद के खिलाड़ीः करण सिंह, विश्वास राणा, रोहित पुंडीर, संदीप पुंडीर, विक्रम राणा, अल्बर्ट सिंह, अंकित मुखिया, सागर पुंडीर एवं कन्हैया पुंडीर आदि शामिल रहे।

**सूचना**

मैने अपने पुत्रों इमरान व इरशाद को नाफरमानी के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**रिजवान पुत्र मौ.यूसूफ निवासी बेहट रोड, चौधरी विहार कालोनी, थाना कोतवाली देहात, सहारनपुर।**

**सूचना**

मैने अपने पुत्र मौ.शाहरूख व पुत्रवधू श्रीमती मन्तशा को नाफरमानी के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**इकराम पुत्र श्री मीर हसन निवासी बेहट रोड, रमजानपुरा, निकट बाग ए जन्नत मस्जिद, थाना कोतवाली देहात, सहारनपुर।**

## कार्यालय नगर पंचायत रामपुर मनिहारान, सहारनपुर

पत्रांक : 840/न.प.रा.म.-नि.सू./2025-26 दिनांक:19/02/2026

**ई- निविदा हेतु सूचना**

समस्त ठेकेदारो/फर्मो को सूचित किया जाता है, कि नगर पंचायत रामपुर मनिहारान मुख्यमन्त्री नगर सृजन योजना के अन्तर्गत दिनांक 14/03/2026 को दोपहर 12:00 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर निविदाएं, नगर पंचायत रामपुर मनिहारान की शर्तों पर आमंत्रित की जाती है। निविदा अभिलेख एवं शर्तो वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 20/02/2026 से 14/03/2026 तक अपरान्ह 12:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है।

| Tender Reference | |
|---|---|
| Publish and Time for Ref | 20-02-2026 04.00 PM |
| Last Date time for submission of Tender | 14-03-2026 at 12.00 AM |
| Date/Time/Palace of Opening of E-Tender | 14-03-2026 04.00 PM Office Of Nagar Panchayat Rampur Maniharan |
| E-Tender Security | As per Tender List |
| E-tender Document Processing | As per Tender List |

**( सविता वर्मा )**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत रामपुर मनि.**
**सहारनपुर।**

**( रेनू )**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत रामपुर मनि.**
**सहारनपुर।**

# तंबाकू उत्पादों की खुली कालाबाजारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** बीड़ी सिगरेट पान मसाला प्रिंट मूल्य से 25 से 40 परसेंट तक अधिक कीमत पर बेचा जा रहा है।गली मौहल्लों में भी खूब काला बाजारी की जा रही है।शासन प्रशासन को काला बाजारी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाही करनी चाहिए।

बीड़ी सिगरेट गुटखा के शौकीनों को जोर का झटका जोर से ही लग रहा है।छोटी बड़ी दुकानों से लेकर गली मौहल्लों की दुकानों और ठियों पर इन शौकीनों से बीड़ी सिगरेट, पान मसाला गुटखा आदि पर 25 प्रतिशत से 40 प्रतिशत तक अधिक पैसा वसूल किया जा रहा है।जबकि उन तमाम पैकेट्स पर वही पुराना मूल्य लिखा हुआ है।इन चीजों पर टैक्स बढ़ाए जाने का निर्णय लिया गया था लेकिन मुनाफाखोरों ने इस का लाभ उठा कर ब्लैक करना ही शुरू कर दिया। हर गुटखे सिगरेट बीड़ी आदि की कीमत बढ़ा दी गई है।यदि कोई जागरूक व्यक्ति इस पर सवाल खडा करता है तो विवाद जैसी स्थिति बन जाती है।

बिना नये मूल्य का माल आए पुराने को इस काला बाजारी करने में लगे लोग कानून का खुलेआम उल्लंघन कर रहे हैं।कोई भी किसी भी चीज के प्रिंट मूल्य से ज्यादा ले ही नहीं सकता।अगर कोई लेता है तो वह अपराध करता है।ऐसे में प्रशासन की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि वह आम जनता का मानसिक आर्थिक उत्पीड़न न होने दे।यदि इन तंबाकू उत्पादों पर यह काला बाजारी चलती रही तो अन्य आवश्यक उत्पादों के बारे में क्या क्या हो सकता है।प्रशासन को चाहिए कि ऐसे मुनाफाखोरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाही करे ताकि कोई भी किसी भी चीज के निर्धारित मूल्य से अधिक वसूल न कर सके।

वहीं फुटकर दुकानदारों का कहना है कि उन्हें होलसेल में ही महंगा सामान मिल रहा है।अगर कम में मिलेगा तो हम कम में बेचेंगे।

# कार्यशाला का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कोतवाली बेहट प्रांगन मे अस्तित्व सामाजिक संस्था सेवा प्रदाताओं एवं मिशन शक्ति इकाई के साथ एक कार्यशाला का आयोजन किए गाया जिसे में सढोली कदीम व मुजफराबाद ब्लॉक के गांवो की महिला सेवा प्रदाताओं एवं महिला वोलिएंटरों ने प्रतिभाग किया।

मंगलवार को अस्तित्व सामा.जिक संस्था द्वारा आयोजित कार्यशाला में प्रतिभा एवं गुरमीत ने विस्तार पूर्वक संस्था के उद्देश्य की जानकारी देते हुए बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य है सेवा प्रदाताओं व वोलिएंटर की जानकारी को बढ़ाना तथा महिलाओं के मुद्दों को उठाने व साथ देने के लिए पुलिस के साथ समन्वय स्थापित करना है। मिशन शक्ति इकाई की कांस्टेबल शीतल ने मिशन शक्ति के उद्देश्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं की मदद के लिए हेल्पलाइन नम्बरों का उपयोग करना चाहिए। अपनी पहचान गुप्त रखते हुए आप सब पीडिता की मदद कर सकती हो।

इंस्पेक्टर गौतम शर्मा ने साइबर क्राइम, जीरो एफ. आई. आर. व महिला हिंसा पर की जाने वाली कार्यवाही के बारे विस्तार से बताया। बाबेल से कल्पना द्वारा उठाये गये साइबर ठगी के मामले में तथा महिलाओं पर बढ़ती हिंसा के मुद्दे पर गोतम ने कार्यवाही की रणनीतियों को बनाने का सुझाव दिया। साथ ही भरोसा दिया कि पुलिस आपकी हमेशा मदद करेगी।

कार्यक्रम के अंत में सोनिया ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में संस्था की ओर से , मो. निका, सोनिया, मौसम, रेनू, मीरजहां, कल्पना, निक्की सहित दर्जनों क्षेत्र की महिलाएं मौजूद रही।

# मां शाकम्भरी मेले का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तीतरों।** गाँव धानवा में माँ शाकुम्भरी मेले का शुभारंभ हवन यज्ञ के साथ हुआ। तीन दिवसीय मेले के दौरान मंदिर को ग्रामीणों के द्वारा सजाया गया है। मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। हवन यज्ञ के बाद मां की आरती उतारी गई तथा प्रसाद वितरण किया गया।

हवन यज्ञ को पंडित सेठपाल शर्मा ने संपन्न कराया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जो भी प्राणी मां भगवती से सच्चे मन से मन्नत मांगता है मां उसकी मन्नत को पूरा करती है तथा अपने भक्तों पर विशेष कृपा बरसाती है। मां भगवती की पूजा करने से सभी कष्टों का नाश होता है।

इस दौरान बलराज सैनी, मान.सिंह सैनी, ग्राम पंचायत सहायक विशाल सैनी, संदीप पांचाल, पंडित सेठपाल शर्मा, अंकित सैनी, कंव.रपाल सैनी, बृजेश सैनी, सोनू सैनी, रजत, अनुज, अमित सैनी आदि उपस्थित रहे।

# चैकिंग करने गई विद्युत टीम पर महिला ने अभद्र व्यवहार और मारपीट करने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** विद्युत चैकिंग करने गई टीम पर ग्रामीण महिला ने अभद्र व्यवहार और मारपीट करने का आरा. प लगाया है। महिला के पति ने पुलिस को तहरीर देकर लाइनमैन समेत विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

गांव कुलसत निवासी प्रशांत पुत्र प्रदीप कुमार अपनी पत्नी व अन्य महिलाओं के साथ कोतवाली पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में कहा गया है कि वह मंगलवार को काम के सिलसिले में गांव से बाहर गया हुआ था और घर पर पत्नी अकेली थी। आरोप है कि इसी दौरान लाइनमैन एक अधिकारी व दो अन्य लोगों के साथ घर में घुस आए। और केबिल में कट होने की बात कहते हुए अभद्रता करने लगे। उसके द्वारा पति के आने पर बात करने की बात कहने पर उक्त लोगों ने गाली गलौज करते



हुए लात घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। शोर शराबे की आवाज सुनकर मौके पर आए पड़ोसियों ने बमुश्किल उसे बचाया। तहरीर में लाइनमैन समेत सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# देश व समाज सेवा में बढ़चढ़ कर भागीदारी करें युवा : रामकुमार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** राजकीय माडल महाविद्यालय कपूरी गोविंदपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय शिविर आरंभ हुआ। एनएसएस शिविर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से देश व समाज सेवा में बढ़चढ़ कर भागीदारी करने का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डा. रामकुमार ने शिविर का उद्घाटन करते हुए कहा कि ऐसे शिविर न केवल सामाजिक उत्तरदायित्व का बोध कराती है, बल्कि व्यक्तित्व विकास में भी सहायक सिद्ध होती है। उन्होंने युवाओं से समाजसेवा के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। प्राचार्य डा. राकेश कुमार ने कहा कि इस तरह के शिविर छात्रों में अनुशासन, सेवा भावना और नेतृत्व कौशल का विकास करते हैं। डा.



त्रिसुख सिंह ने बताया कि सात दिवसीय शिविर में छात्रों को स्वच्छता अभियान, शिक्षा जागरुकता, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवा तथा पर्यावरण संरक्षण आदि गतिविधियां सिखाई जाएंगी। इस मौके पर डा. रेणु रानी, डा. पूर्णिमा सिंह, डा. सचिन कुमार, डा. मदनपाल सिंह, डा. धीर सिंह, व डा. सचिन कुमार आदि शामिल रहे।

मुकद्दस रमजान
सातवां रोजा इफ्तार
25 फरवरी
---
सुन्नी 06.16 बजे
शिया 06.31 बजे
-------------------
आठवां रोजा सहरी
26 फरवरी
-----
सुन्नी 05.26 बजे
शिया 05.18 बजे
----------
नोट: सहरी और इफ्तार के समय में क्षेत्रवार परिवर्तन संभव है।

## समिति की बैठक

**चांदपुर।** थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने सभी लोगों से आने वाले पर्व ईदुल फितर एवं होली पर आपसी सौहार्द, शांति एवं भाईचारा बनाए रखने की अपील की। पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक वर्मा ने भी क्षेत्रीय जनता से अपने-अपने पर्वों को भाईचारे के साथ मनाने की अपील की।

# पुरानी पेंशन में भविष्य सुरक्षित: चंद्रहास

## एनपीएस-यूपीएस को लेकर शिक्षक एवं कर्मचारी आक्रोशित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एनपीएस व यूपीएस के विरोध व पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर कृषि विभाग के सभागार में अधीनस्थ कृषि सेवा संघ के जिला अध्यक्ष लखबीर सिंह की अध्यक्षता एवं जिला मंत्री रामप्रसाद के संचालन में बैठक आयोजित हुई।

बैठक में अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि एनपीएस-यूपीएस केवल पूंजीपतियों का षड़यंत्र है, जिसमें केवल पूंजीपतियों का लाभ है। पुरानी पेंशन में ही शिक्षकों एवं कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित है। अब पुरानी पेंशन बहाली का संघर्ष निर्णायक मोड़ पर है। ये हमारे बुढ़ापे लाठी है, जिसके लिए ईमानदारी से संघर्ष करने की आवश्यकता है। कृषि मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष कपिल कुमार ने कहा कि यह हमारे भविष्य का सवाल है, हम अटेवा के प्रत्येक संघर्ष में साथ हैं। सिंचाई संघ के जिला अध्यक्ष शूरवीर



सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारा संवैधानिक अधिकार जिसके लिए अटेवा ईमानदारी से संघर्षरत है। डिप्लोमा फार्मासिस्ट संगठन के जिला अध्यक्ष राजेश कुमार रवि एवं विद्युत प्राविधिक कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी ने सभी कर्मचारियों से पुरानी पेंशन बहाली के लिए सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों को संगठित होने की आवश्यकता है।

बैठक में जिला मंत्री निर्भय कुमार, नरेश कुमार सैनी, सचिन कुमार, रवि कुमार, राजविंदर सिंह, अरुण कुमार, राजेंद्र कुमार, मनीष चौधरी, अरुण कुमार, महेश कुमार, रजत चौधरी, जितेंद्र कुमार, गजेन्द्र कुमार, राजीव कुमार, विशाल तोमर, आदित्य वीर आदि मौजूद रहे।

## घायल की उपचार के दौरान मौत

**शेरकोट।** मौहल्ला फतेहनगर निवासी शिवम सैनी (21 वर्ष) पुत्र रामदयाल सैनी सोमवार को किसी काम से ग्राम शहजादपुर गया था। बताया जाता है कि देर शाम वापसी के समय एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें तत्काल नगर के एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सक ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान आज दोपहर उनकी मृत्यु हो गई। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटे थे और एक ब्रश फैक्ट्री में काम कर परिवार का सहयोग करते थे।

# कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता, हमें समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए: कुमार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चल रहे रोवर-रेंजर शिविर में दूसरे दिन छात्रों को विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिया गया।

मंगलवार को आयोजित हुए शि. विर में प्रशिक्षक राजपाल सिंह पुंडीर ने छात्रों को ध्वजारोहण, झंडा गीत, सिटी संकेत, व्यायाम, टेंट लगाना, गांठ बंधन, प्रतिज्ञा, नियम, वर्दी, दीक्षा संस्कार, पेट्रोल सिस्टम, टोली ज्ञान आदि गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया। रोवर प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता है। हमें समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। रेंजर प्रभारी टीना ने अनुशासित बनने और आकस्मिक



घटनाओं में सहयोग की भावना को सहज रूप में विकसित करने पर बल दिया। प्राचार्य डा. गौरव बालियान, डा. मोहम्मद आरिफ, डा. विनीत कुमार, विश्वास चंद शर्मा, लोकेश शर्मा, प्रमोद कुमार व राजीव कुमार आदि छात्र-छात्राएं व स्कूल का समस्त स्टाफ शामिल रहे।

# जरूरतमंदों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहते हैं डा. मनोज वर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं चिकित्सक अपने सेवा भाव और जनहित कार्यों के कारण क्षेत्र में एक अलग पहचान बना चुके हैं। वर्तमान मौसम परिवर्तन के दौर में जहां वायरल सर्दी-जुकाम और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। वहीं डा. मनोज वर्मा लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वे समय-समय पर मरीजों को आवश्यक सावधानियां अपनाने, साफ-सफाई रखने तथा संतुलित आहार लेने की सलाह देते रहते हैं। कई स्थानों पर उनके द्वारा निःशुल्क परामर्श और स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाने से गरीब एवं असहाय लोगों को विशेष लाभ मिलता है तो वही चल रहें रमजान



माह और होली जैसे प्रमुख त्योहारों को देखते हुए डा. वर्मा ने सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का संदेश भी दिया है। उनका कहना है कि त्योहार केवल उत्सव नहीं बल्कि आपसी प्रेम, सहयोग और एकता का प्रतीक होते हैं। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि सभी लोग मिल-जुलकर त्यौहार मनाएं।

# तालाब की भूमि कब्जाने का प्रयास

## लेखपाल ने मौके पर पहुंच कर काम रुकवाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** कुछ तालाब की भूमि को कब्जाने के लिए जेसीबी से तालाब की खुदाई करा रहे थे। शिकायत पर लेखपाल मौके पर पहुंचे, जिसके बाद लेखपाल ने उक्त कार्य को रुकवा दिया। कब्जा करने वाले लोग लेखपाल को अपनी भूमि होने का कोई कागज नहीं दिखा सके।

नांगल में खसरा 60 में लगभग साढ़े 10 बीघा भूमि में तालाब दर्ज है। दशकों पूर्व उक्त तालाब में गांव के तीन लोगों को पट्टे आवंटित किए



गए थे, जिसके बाद शासन ने तीनों पट्टे खारिज कर दिए थे। खारिज होने बाद से उक्त तालाब की भूमि लगभग 20 वर्षों से खाली पड़ी है। मंगलवार को एक पक्ष राजवीर और धीर सिंह तालाब की भूमि की जेसीबी से खुदाई शुरू करा दी। जिसकी शिकायत कुछ ग्रामीणों ने एसडीएम नजीबाबाद शैलेन्द्र प्रताप सिंह की। शिकायत के बाद हल्का लेखपाल लेशवंत सिंह मौके पर पहुंचे और तालाब की भूमि की पैमाईश की। इसके साथ ही उन्होंने जेसीबी से की जा रही खुदाई के कार्य को तुरंत बंद करा दिया। पूछताछ करने पर तालाब की खुदाई करने वाले धीर सिंह ने बताया कि उनके दादा मनहोरी सिंह के नाम उक्त पट्टा किया गया था। उनकी मृत्यु के बाद वारिसों के नाम फर्द में दर्ज चल रहे है। पट्टा खारिज होने पर वे न्यायालय चले गए थे, जो मुकदमा उनके पक्ष में हो गया है। लेकिन वे लेखपाल को मुकदमे से संबंधित कोई कागजात नहीं दिखा सके, जिसके बाद लेखपाल ने उक्त कार्य को बंद करा दिया और भूमि से संबंधित कागज दिखाने के बाद ही कार्य करने की हिदायद दी।

उक्त तालाब काफी पुराना है, इस तालाब में बीते वर्षों में ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा के माध्यम से कई बार खुदान करके चारों ओर पालट का निर्माण किया गया था। जिसे जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया गया। सूचना के बाद ग्राम प्रधान फरमान अहमद मौके पर नहीं पहुंचे।

# एआरटीओ ने किए छह वाहन सीज

■ सीज वाहनों पर बकाया हैं तीन लाख रुपये

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन के निर्देशन मे की गयी कार्यवाही के दौरान 6 वाहनों को मखियली चौकी वह व खतौली मंडी में निरुद्ध किया गया।

आज दिनांक 24 फरवरी 2026 को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी महोदय प्रवर्तन सुशील कुमार मिश्रा के निर्देशन मे की गयी कार्यवाही के दौरान 6 वाहनों को मखियली चौकी वह व खतौली मंडी में निरुद्ध किया गया चार वाहन माल के तथा दो वाहन खनन के निरुद्ध किए गए और वहलना औद्योगिक क्षेत्र मेरठ रोड पर सड़क के किनारे खड़ी वाहनों को नो पार्किंग में चालान भी किया गया जिसमें 20 वाहन सम्मिलित है इन सभी पर कुल रुपया 3 लाख 93000 जुर्माना आरोपित किया गया सभी वाहन स्वामियों से अपील है कि सड़क के किनारे वाहन ना खड़ी करें यदि ऐसा करते हैं तो नियमानुसार कार्रवाई आगे भी की जाती रहेगी उपरोक्त कार्यवाही जिलाधिकारी के निर्देश पर संचालित किया गया।

## वन विभाग की टीम ने रुकवाया खनन

**नांगल सोती।** वाल्मीकि बस्ती के समीप से मिट्टी उठाकर एक ईंट भट्टे पर डाली जा रही थी। कुछ लोगों द्वार प्रशासनिक व वन विभाग के अधिकारियों से वन परिक्षेत्र में खनन होने की शिकायत की गई। बीती शाम राजगढ़ वन रेंज के रेंजर देव ऋषि सक्सेना ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर मिट्टी के खनन को रुकवा दिया। रेंजर ने बताया कि वन परिक्षेत्र के 100 मीटर की दूरी तक मिट्टी का खनन नहीं किया जा सकता है। जांच में यदि वन क्षेत्र में खनन पाया जाता है तो कार्रवाई की जाएगी। वहीं नांगल थाना प्रभारी अमर सिंह राठौर ने बताया कि इस मामले कोई तहरीर नहीं मिली है।

## कार्यवाही न होने पर आंदोलन की चेतावनी

**नगीना।** नगर के सम्मानित लोगों के एक प्रतिनिधिमंडल ने सीओ डा. अंजनी कुमार चतुर्वेदी से मुलाकात की और शिवरात्रि कांवड़ यात्रा के दौरान कुछ लोगों द्वारा रायपुर रोड पर चौधरी दिग्विजय सिंह के पेट्रोल पंप पर मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ पुलिस द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई। प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि ग्राम-माथीपुर गांवड़ी निवासी सिद्धार्थ कुमार पुत्र दिग्विजय सिंह के रायपुर रोड नगीना स्थित पैट्रोल पम्प पर हुई संगीन घटना के सम्बन्ध में दिग्विजय सिंह द्वारा प्रार्थना पत्र थाना प्रभारी नगीना व सीओ नगीना को दिये गये थे। परन्तु उस पर अभी तक भी प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। सिद्धार्थ कुमार के साथ हुई संगीन वारदात की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर अभियुक्तगण के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कराने की मांग को लेकर समाज के प्रबुद्ध व सम्मानित लोगों ने सीओ से मिलकर कहा कि समाज के सम्मानित व्यक्तियों ने यह भी निर्णय लिया है कि यदि प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई और अभियुक्तगण की गिरफ्तारी नहीं होती है तो कोई बड़ा आन्दोलन करने के लिये बाध्य होना पड़ेगा।

## डा. मन्नान जैदी सम्मानित

**स्योहारा।** मेडफो हेल्थ केयर द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में नई लहर फाउंडेशन के संस्थापक डा. मन्नान जैदी को प्रशंसा-पत्र एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान मेडफो हेल्थ केयर के माध्यम से अब तक हजारों सफल ऑपरेशन कराने तथा जरूरतमंद मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम में संस्था के व्यवसाय विकास प्रबंधक सचिन कुमार ने डा. मन्नान जैदी को सम्मानित करते हुए स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवा क्षेत्र में उनके योगदान की सराहना की। इस दौरान सचिन कुमार के कार्यों की भी प्रशंसा की गई।

आवश्यकता है।
देवबंद कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन देवबंद
बी.एड. पाठ्यक्रम में असिस्टेंट प्रोफेसर्स
विषय :-उर्दू शिक्षण, हिंदी शिक्षण एवं गणित शिक्षण
योग्यता: सम्बंधित विषयों के स्नातकोत्तर एवं एम.एड. में 55% अंकों के साथ शिक्षा शास्त्र में NET या PhD
वेतनमान: यू.जी.सी. एवं माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी 2 अप्रैल 2026 को प्रात: 10 बजे महाविद्यालय में साक्षात्कार हेतु अपने समस्त मूल अभिलेखों के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करे।
प्राचार्य
डा. मो. आबिद
(9411298511)
वेबसाइट
http://www.dcheducation.co.in
ई-मेल
dchedeoband763@gmail.com
पता -देवबंद कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन देवबंद, देवबंद-सहारनपुर जी.टी. रोड/ (हाईवे) देवबंद (सहारनपुर)
पिन: 247554

# सिंगापुर में सीएम के निवेश संवाद कार्यक्रम में अमित सिंह चौहान की सक्रिय सहभागिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** लक्ष्य कॉलेज के संस्थापक तथा भाजपा मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष राज्यपाल सिंह चौहान के पुत्र अमित सिंह चौहान ने अंत. रराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाते हुए सिंगापुर में आयोजित विशेष कार्यक्रम में उल्लेखनीय सहभागिता दर्ज कराई।

यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित दौरे के अवसर पर आयोजित हुआ, जिसका उद्देश्य प्रवासी भारतीयों के साथ संवाद स्थापित करना तथा उत्तर प्रदेश में निवेश की संभावनाओं को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करना रहा। बताया गया कि सिंगापुर में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संगठनों, उद्योग जगत से जुड़े प्रतिनिधियों और प्रवासी भारतीय समुदाय ने भाग लिया। अमित सिंह चौहान ने कार्यक्रम के समन्वय संपर्क और सहभागिता सुनिश्चित करने में सक्रिय भूमिका निभाई, जिससे आयोजन को गति और प्रभावशीलता मिली। युवा सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में पहचान बना चुके अमित सिंह



चौहान शिक्षा, समाजसेवा और संगठनात्मक गतिविधियों में निरंतर सक्रिय रहते हैं। लक्ष्य कॉलेज के माध्यम से शिक्षा क्षेत्र में योगदान के साथ-साथ वे क्षेत्रीय युवाओं को सामाजिक एवं राष्ट्रीय कार्यक्रमों से जोड़ने का कार्य भी कर रहे हैं। उनकी मिलनसार कार्यशैली और संगठन क्षमता के कारण उन्हें स्थानीय स्तर पर एक उभरते युवा चेहरे के रूप में देखा जा रहा है। उनके पिता राजपाल सिंह चौहान द्वारा वर्षों से किए जा रहे जनसेवा एवं संगठनात्मक कार्यों की प्रेरणा अमित सिंह चौहान के कार्यों में स्पष्ट दिखाई देती है। यही कारण है कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर उनकी सक्रिय उपस्थिति को क्षेत्र के लोगों ने गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है। कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास आधारभूत संरचना शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में हो रहे कार्यों की जानकारी साझा की गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में बन रहे निवेश अनुकूल वातावरण की चर्चा ने प्रवासी भारतीयों में सकारात्मक विश्वास उत्पन्न किया। क्षेत्रीय नागरिकों एवं शुभचिंतकों ने अमित सिंह चौहान के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्र से निकलकर वैश्विक मंच पर सक्रिय भागीदारी निभाना युवाओं के लिए प्रेरणादायक है तथा इससे क्षेत्र का मान सम्मान निरंतर बढ़ रहा है।

# जीएसटी विभाग और व्यापारियों के बीच संवाद

## केदारनाथ धर्मशाला में हुई बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** जीएसटी विभाग द्वारा असमंजस की स्थिति को स्पष्ट करने और टैक्स संबंधी प्रक्रियाओं को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सर्राफा व्यापारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक केदारनाथ धर्मशाला में पूर्वाह्न 11 बजे संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में सर्राफा व्यापारी उपस्थित रहे।

बैठक में जीएसटी विभाग की ओर से ज्वाइंट असिस्टेंट कमिश्नर आशुतोष सिंह, कमिश्नर राजीव रसार तथा डिप्टी कमिश्नर संदीप वर्मा शामिल हुए। अधिकारियों ने व्यापारियों से अपने-अपने टैक्स समय पर जमा करने, खरीद-बिक्री में आ रहे अंतर (डिफरेंस) को दूर करने और जीएसटी नियमों का पूर्ण रूप से पालन करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि दस्तावेजों को अद्यतन और दुरुस्त रखना सभी व्यापारियों की जिम्मेदारी है, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कार्रवाई की नौबत न आए।



जीएसटी विभाग की टीम ने बैठक के दौरान व्यापारियों से संवाद कर उनकी व्यावहारिक समस्याओं को भी सुना और नियमों के अंतर्गत समाधान का भरोसा दिलाया। अधिकारियों ने कहा कि विभाग का उद्देश्य व्यापारियों का उत्पीड़न करना नहीं, बल्कि कर व्यवस्था को पारदर्शी और सुदृढ़ बनाना है।

इस अवसर पर सर्राफा संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र रस्तोगी ने व्यापारियों की ओर से पक्ष रखते हुए कहा कि सर्राफा व्यापारी हमेशा कानून के दायरे में रहकर व्यापार करना चाहते हैं। उन्होंने जीएसटी विभाग से किसी भी व्यापारी का अनावश्यक उत्पीड़न न करने का आग्रह किया और भरोसा दिलाया कि सर्राफा संघ विभाग के साथ समन्वय बनाकर नियमों का पालन सुनिश्चित करेगा।

बैठक के दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि भविष्य में इस तरह की जागरूकता बैठकों का आयोजन समय-समय पर किया जाएगा, जिससे व्यापारियों को जीएसटी से जुड़े नियमों और प्रक्रियाओं की सही जानकारी मिल सके। व्यापारियों ने भी बैठक को सकारात्मक बताते हुए कहा कि प्रत्यक्ष संवाद से कई भ्रांतियां दूर हुई हैं और नियमों को समझने में आसानी हुई है।

जीएसटी विभाग और सर्राफा संघ के बीच हुई इस बैठक को व्यापारिक पारदर्शिता और आपसी समन्वय की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है। इस दौरान सर्राफा संघ से जुड़े अनेक व्यापारी मौजूद रहे।

# ग्राम प्रधान के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार सीज

## कार्रवाई के बाद पंचायत क्षेत्र में मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** ग्राम पंचायत नवादा तुल्ला में विकास कार्यों में कथित अनियमितताओं के मामले में जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए ग्राम प्रधान के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार सीज कर दिए हैं। इस कार्रवाई के बाद पंचायत क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत नवादा तुल्ला की ग्राम प्रधान सोनम के विरुद्ध गांव निवासी जगत सिंह ने जिलाधिकारी से शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि पंचायत क्षेत्र में कराए गए विभिन्न विकास कार्यों में धांधली एवं अनियमितताएं बरती गई हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने जांच के आदेश दिए थे। जांच की जिम्मेदारी सहायक ग्राम विकास अधिकारी को सौंपी गई। प्राथमिक जांच में विकास कार्यों में अनियमितताओं के संकेत मिलने पर जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधान के अधिकार सीज करने की कार्रवाई की। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार अधिकार सीज होने के बाद अब पंचायत के विकास कार्यों और वित्तीय लेन-देन की जिम्मेदारी नियमानुसार संबंधित अधिकारी की निगरानी में संपादित की जाएगी। साथ ही मामले की विस्तृत जांच जारी है और अंतिम रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। ग्राम पंचायत क्षेत्र में इस कार्रवाई को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जांच में आरोप सिद्ध होते हैं तो दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि विकास कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके।

## साइबर क्राइम विषय पर निबंध प्रति.

**चांदपुर।** ग्राम फीना स्थित श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम मुस्तफाबाद तथा ग्राम सरकथल में चल रहा है। विशेष शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवियों द्वारा ग्राम मुस्तफाबाद तथा ग्राम सरकथल में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी दलीप कुमार, डा. शिवाली राजपूत व विवेक कुमार के नेतृत्व में डोर डोर टू डोर जाकर ग्रामीणों को साइबर क्राइम की जानकारी दी। इस अवसर पर स्वयंसेवियों ने ग्रामीणों से अपील करते कहा गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी शेयर नहीं करें, यदि कोई व्यक्ति व्हाट्सएप पर कोई लिंक भेजता है तो उसे नजरअंदाज करें और लिंक पर क्लिक करने से बचें। इसके साथ ही सार्वजनिक स्थल पर मोबाइल चार्जिंग पर नहीं लगाएं। अन्यथा साइबर क्राइम का शिकार हो सकते हैं। शिविर के द्वितीय सत्र में साइबर क्राइम विषय पर एक प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

## रमजान मुबारक



**आठवां रोजा**

| | | |
|---|---|---|
| सहरी | सुन्नी | 5.26 |
| | शिया | 5.17 |
| इफ्तार | सुन्नी | 6.17 |
| | शिया | 6.32 |

रोजा इतनी बड़ी और अल्लाह को खुश करने वाली इबादत है कि खुद अल्लाह का फरमान है कि रोजा सिर्फ मेरे लिए है और इसका बदल मैं खुद दूँगा।यानि इससे ये साफ है कि रोजा बेहद खास इबादत है इसलिए रोजे में हर तरह से पूरी एहतियात रखें।कोई कोताही न करें और रोजे के साथ साथ नमाज और तरावीह वक्त पर अदा करते रहें।

कुरआन करीम

# उत्तराखंड के हालात ज्यादा चिंताजनकः रावत

## उत्तराखंड के पूर्व सीएम ने कांग्रेस ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव मुजतबा के आवास पर की वार्ता





के हालात चिंताजनक

सहारनपुर। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि उत्तराखण्ड में खुले आम हत्याये हो रही है और अराजकता चारो ओर फैली हुई, जबकि आज भाजपा की सरकार केवल जाति धर्म संप्रदाय के नाम पर राजनीति कर रही है।

पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने यह बात देहरादून से भगवानपुर के भलस्वा गांव में कांग्रेस नेता ठाकुर वीरेंद्र राणा के युवा पुत्र की सड़क दुर्घटना में कल हुई मौत पर शोक प्रकट करने और मंगलोर विधानसभा के उदलहेड़ी में आदित्य राणा के यहाँ जाने से पहले कुछ समय के लिये छुटमलपुर में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव मुजतबा एडवोकेट के निवास पर पत्रकारों से कही। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड भाजपा विधायक खुले आम सरकारी दफ्तरों में जा कर मारपीट कर रहे है परसों ही भाजपा विधायक और उनके समर्थकों ने शिक्षा निदेशक के कार्यालय में जा कर मारपीट की जो निंदनीय है। उत्तराखण्ड सरकार के मंत्री विधायक खुले आम खनन में व्यस्त है भाजपा सरकार और उनके नेता केवल अपने विकास में लगे है अंकिता भंडारी का मामला जब तक सुप्रीम कोर्ट के किसी न्यायाधीश की अध्यक्षता में सीबीआई जाँच के लिये नहीं होगा तब तक केवल खानापूर्ति ही होगी। मुझे ये समझ नहीं आ रहा हैं की बीजेपी के प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम आखिरकार क्यों नहीं अपने ऊपर लग रहें आरोपों पर मुकदमा दर्ज कराए या फिर कोर्ट मे मानहानि का दावा कर रहें। कांग्रेस ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव मुजतबा एडवोकेट ने कहा कि भाजपा सरकारों पर देश की गंगा जमुनी तहजीब को तोड़ने का कार्य कर रही है।

इस अवसर पर अब्दुल हसीब मलिक, प्रधान फरमान मलिक, प्रधान नासिर अली, ईशा त्यागी, मनोज चौधरी, रामबीर सिंह, पदम् चौधरी, अरशद एडवोकेट, याहीया मलिक, कारी आबिद, अजीम मलिक, महबूब तलहेड़ी, राव यूसुफ, हाजी छोटा, परवीन ठेकेदार, धर्मेंद्र चौधरी, परवीन चौधरी मोजूद थे।

# ठेकेदार ब्लैकलिस्ट, 50 हजार का लगाया जुर्माना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज एक ठेकेदार के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई कर दी। नगरायुक्त द्वारा 62 फुटा रोड पर नाला निर्माण की गुणवत्ता में अनियमितता पाये जाने पर ठेकेदार फर्म को छह महीने के लिए निगम के कार्यो से ब्लैक लिस्ट कर उस पर 50 हजार रुपये अर्थदण्ड लगाया है। नगरायुक्त ने सम्बंधित जेई के खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।

मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश चंद ने बताया कि वार्ड नंबर 61 में 62 फुटा रोड स्थित वेंडिंग जोन पर नाला निर्माण कार्य कराया गया था। नगरायुक्त ने उन्हें गुणवत्ता की जांच करने के लिए निरीक्षण के आदेश दिए थे। जिस पर गत 20 जनवरी 2026 को उनके द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर नाला निर्माण में कमियां पायी गयी। इस पर सम्बंधित अवर अभियंता एवं ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस देकर उनका स्पष्टीकरण मांगा गया था।

मुख्य अभियंता ने बताया कि निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि नाले पर रखे जाने के लिए आरसीसी स्लैब हेतु ईंट की शटरिंग लगाकर स्लैब काष्ट किये गए, जिससे स्लैब के किनारे व कोने टूट गए थे। इसके अलावा स्लैब की मोटाई 10 सेमी प्राविधानित है जबकि कुछ स्लैब की मोटाई कम पायी गयी।

प्रथम दृष्टया निर्माण में सीमेंट कम डाली गयी थी। यह भी पाया गया कि नाला एक आलाइनमेंट में नहीं बनाया गया है, दीवार की मोटाई एक सी नहीं हैं। कहीं कम व कहीं अधिक पायी गयी। वेंडिंग जोन के पीछे एक जगह नाले की दीवार 15 सेमी पायी गयी जबकि आगणन में 20 सेमी. का प्रावधान है।

# पूर्व सांसद प्रदीप व विधायक चौ.किरत सम्मानित

## मात्र एक रुपया लेकर पुत्रों का विवाह करने का अखिल भारतीय गुर्जर महासभा ने किया स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** दहेज प्रथा के खिलाफ सराहनीय पहल करते हुए अपने पुत्रों का विवाह मात्र 1 रुपया दहेज लेकर करने वाले विधायक कीरत सिंह एवं पूर्व सांसद प्रदीप चौधरी का अखिल भारतीय गुर्जर महासभा ने सम्मान किया।

महासभा ने इस कदम को समाज के लिए प्रेरणादायक बताते हुए सादगीपूर्ण विवाह को बढ़ावा देने की अपील की। जिला ध्यक्ष नवाब चौधरी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने दोनों जनप्रतिनिधियों के आवास पर पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया और कहा कि इस पहल से समाज में सकारात्मक संदेश जाएगा तथा दहेज जैसी कुरीति पर अंकुश लगेगा। इस अवसर पर दोनों नेताओं ने कहा कि यह निर्णय उन्होंने सामाजिक जिम्मेदारी के तहत लिया है और समाज से दहेज प्रथा समाप्त करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में अमर सिंह गुर्जर, वीरेंद्र गुर्जर, राजेश गुर्जर, बाबूराम गुर्जर, किशोर गुर्जर सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## निस्तारण कराया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम में आज जनसुनवाई के दौरान आठ समस्याएं आयी जिनमें से नगरायुक्त शिपू गिरि द्वारा सफाई सम्बंधी दो समस्याओं का तत्काल निस्तारण कराया गया।

वार्ड 53, न्यू रुप विहार कॉलोनी निवासी सुरेश पाल ने तथा वार्ड संख्या 46 नील कण्ठ विहार निवासी बबलू चौहान ने अपनी-अपनी कॉलोनियों में साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिए। जिस पर नगरायुक्त शिपू गिरि ने तत्काल क्षेत्रीय सफाई निरीक्षकों व सफाई मित्रों को भेजकर सफाई कराते हुए समस्याओं का समाधान करा दिया। इसके अलावा वार्ड संख्या 6 बजाज कॉलोनी निवासी फिरोज ने चिलकाना रोड स्थित बजाज कॉलोनी में और वार्ड 63 आली की चुंगी निवासी अब्दुल हफीज ने भी अपने अपने क्षेत्रों में सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिए।

# यूपी के सीएम बनेंगे जयन्तः चौ.नीरपाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व राज्यमंत्री चौ नीरपाल सिंह ने दलित समाज के लोगों को रालोद में शामिल करते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोकदल हर वर्ग की पहली पसंद बनता जा रहा है।

गांव दौलतपुर में चौ.नीरपाल सिंह ने कहा कि जयंत चौधरी की बढ़ती लोकप्रियता से आज हर जाति धर्म के लोग ज्यादा से ज्यादा रालोद से जुड़ रहे है और 2027 के विधानसभा चुनाव में सभी वर्गों का समर्थन ही जयंत चौधरी को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाएगा। मुस्लिम समुदाय भी रालोद के साथ बड़ी संख्या में जुड़ रहा है। जयंत चौधरी किसानों के अलावा युवाओं के भी नेता बन गए। पूरे प्रदेश का युवा उन्हें अपना आइडियल मान रहा है।

इस अवसर पर शीशपाल,नानकचंद, प्रेमपाल, वीर सिंह, राकेश, यूसुफ, फैजान, अनिल कुमार, राज सिंह, मुकेश, गजेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# 17 को लखनऊ में आत्मदाह की घोषणा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** निजी स्कूलों की समस्या, बकाया भुगतान और शिक्षा विभाग में बढते भ्रष्टाचार को लेकर उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मंडल बीएसए से मिला और समस्याओं का समाधान न होने पर 17 मार्च को बेसिक शिक्षा निदेशालय लखनऊ में आत्मदाह की घोषणा की।

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अशोक मलिक ने कहा कि सरकारी अधिकारी और कर्मचारी सरकार की जड़ों में मट्ठा डालने का काम कर रहे हैं इन हालातो में सरकारी मशीनरी जनता की नहीं सुन रहे हैं तो आने वाले चुनाव के समय में जनता भी सरकार के नहीं सुनेगी। सरकार को चाहिए अपने सरकारी मशीनरी पर लगाम कसे। उन्होंने कहा कि 2016 से अब तक फीस प्रतिपूर्ति का सरकार बकाया भुगतान देना नहीं चाहती। सुप्रीम कोर्ट की एडवोकेट फरहा फैज, जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा, वीरेंद्र पवार, महामंत्री अरविंद शर्मा, अजय सिंह रावत, प्रदेश उपाध्यक्ष केपी सिंह, ईश्वर चंद्र फौजी ने भी विचार रखे।

इस अवसर पर गययूर आलम महामंत्री हंस कुमार धनंजय शर्मा श्रीकांत शर्मा संदीप कुमार दिनेश रूपडी फरहा फैज प्रमोद कुमार महेश बिजोला मोहित कुमार प्रशांत त्यागी जैनब अंजुम मेहरा अंकुश बटला श्रीमती उमा बटला विनोद कुमार संजय सुरेंद्र आदि उपस्थित रहे।

## शिक्षा नीति पर जोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** माँ शाकुंभरी विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ कम्युनिटी एजुकेशन एंड डिसेबिलिटी स्टडीज द्वारा मंगलवार को दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

मुख्य अतिथि के रूप में जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर से पधारे प्रो. प्रवीण चंद्र त्रिवेदी उपस्थित रहे। उद्घाटन अवसर पर कुलपति प्रो. विमला वाई. , कुलसचिव कमल कृष्ण, परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजीव कुमार, वित्त अधिकारी सिद्धार्थ शंकर त्रिपाठी एवं प्रो. ममता सिंगल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर सेमिनार का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में प्रो. त्रिवेदी ने नई शिक्षा नीति को शिक्षा का नया राजमार्ग बताया।

# हरे भरे पेड़ों की कटाई पर जताया विरोध



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गौरव वर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने सहारनपुर के वार्ड संख्या 48 स्थित आवास विकास क्षेत्र में निर्माणाधीन सड़क के किनारे खड़े हरे-भरे वृक्षों की कटाई पर कड़ा विरोध जताते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया कि जैन कन्फेक्शनरी से लेकर डॉ. विनय जोशी के सामने तक सड़क निर्माण कार्य चल रहा है, जिसके दोनों ओर वर्षों पुराने फलदार एवं नीम के वृक्ष खड़े हैं। पूर्व में भी प्रशासन से इन वृक्षों को संरक्षित करने की मांग की गई थी, लेकिन इसके बावजूद नगर निगम द्वारा 23 फरवरी से वृक्षों की कटाई शुरू कर दी गई, जिसमें कई हरे-भरे पेड़ों को काट दिया गया। युवा कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि यह कदम क्षेत्रवासियों की भावनाओं एवं पर्यावरण संरक्षण के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि ये वृक्ष सड़क पर किसी प्रकार का अतिक्रमण नहीं कर रहे हैं, जबकि सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे पेड़ों से आगे स्थित हैं। ऐसे में विकास के नाम पर पेड़ों की कटाई उचित नहीं है। ज्ञापन में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर दिए गए संदेश एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान का उल्लेख करते हुए कहा गया कि सरकार स्वयं पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दे रही है, ऐसे में हरे-भरे वृक्षों की कटाई चिंता का विषय है। युवा कांग्रेस ने जिलाधिकारी से मांग की है कि निर्माणाधीन सड़क के किनारे चल रही वृक्षों की कटाई को तत्काल प्रभाव से रोका जाए। इस अवसर पर, वरुण शर्मा, प्रभजीत सिंह लाम्बा जिला सचिव, राजीव, वेदप्रकाश आदि मौजूद रहे।

## उत्कृष्ट कार्य को विभुतियां सम्मानित

**सहारनपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की स्थानीय शाखा, नवीन नगर द्वारा चमन पैलेस में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें संस्था के मुख्यालय माउंट आबू तथा अहमदाबाद से वरिष्ठ भाई-बहनों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में लगभग डेढ़ हजार लोगों ने सहभागिता कर आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। समारोह में उन विशिष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देकर जिले का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है।वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका चंद्रिका दीदी ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में परिवार में समन्वय, प्रेम एवं मधुरता बनाए रखने के महत्वपूर्ण सूत्र बताए।

# कुंतलों मिलावटी पनीर पकड़ा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा कार्रवाही करते हुए 6 कुंतल से अधिक मिलवटी पनीर नष्ट किया गया। पनीर के कारोबार से जुड़े लोगों में मचा हड़कंप।

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मंगलवार को कस्बे के दिल्ली रोड स्थित एक पनीर फैक्ट्री पर छापा मारा। इस दौरान टीम ने लगभग 6 कुंतल से अधिक मिलावटी पनीर जब्त किया। प्रारंभिक जांच में पनीर मिलावटी पाया गया। जिसके बाद तत्काल कार्रवाई की गई। सहायक खाद्य आयुक्त मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर होली पर्व को देखते हुए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि मंगलवार को विभाग को सूचना मिली थी कि रामपुर मनिहारान के दिल्ली रोड पर अवैध रूप से पनीर का भंडारण किया जा रहा है। सूचना की पुष्टि के बाद टीम गठित कर छापेमारी की गई, जिसमें लगभग 6 से 6.30 कुंतल पनीर बरामद हुआ। वर्मा ने बताया कि संबंधित फैक्ट्री संचालक के पास पनीर भंडारण का कोई लाइसेंस नहीं था और न ही माल से जुड़े कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत किए जा सके। जांच के लिए पनीर के दो नमूने संग्रहित कर प्रयोगशाला भेजे गए हैं। शेष पनीर को स्वास्थ्य के लिए हानिकारक मानते हुए मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इस कार्रवही के बाद क्षेत्र के पनीर कारोबारियों में भय का माहौल देखा गया। खाद्य सुरक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि मिलावटखोरी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और यह अभियान लगातार जारी रहेगा। छापेमारी करने वाली टीम में डीओ के साथ जगदम्बा प्रसाद, जवाहर लाल और सुमन पाल भी शामिल थे।

**स्थापना दिवस मनायाः गंगोह।** न्यू मॉर्डन जूनियर स्कूल इस्सापुर कलालहटी का द्वितीय स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। शुभारंभ मान्यता प्राप्त महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष पवन सिंह राठौड़, नरेश शर्मा, ब्लॉकाध्यक्ष ओमपाल सैनी, अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा व प्रबंधक हिमांशु शर्मा मोहन तंवर ने किया। कार्यक्रम में देश की विविधता को दर्शाते हुए विभिन्न राज्यों के लोक नृत्यों की प्रस्तुति पर दर्शक झूम उठे। ताईकमांडो प्रतियोगिता में गंगोह, अंबेहटा, लखनौती मुजफ्फरनगर, चरथावल, थानाभवन की टीमों ने शानदार प्रस्तुति दी। प्रधानाचार्य बसंत शर्मा ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। मेधावी छात्रों और प्रतियोगिता विजेताओं को पदक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# विधायक निम के साथ डीएम से मिले ग्रामीण

## लंढौरा गुर्जर, सराय अब्दुल फतेह व नवादा भजडू को सटे गांवों के बराबर रेट देने की मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** तीन गांवों के लोगों ने आज रामपुर मनिहारान विधायक देवेंद्र निम के साथ जिलाधिकारी से मिलकर लंढौरा गुर्जर, सराय अब्दुल फतेह व नवादा भजडू के रेट सीमा से सटे गांवों के बराबर किये जाने की मांग की।

ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को बताया कि ग्राम मनानी, मोहनपुर गाडा, कांकरकुई, लंढौरा गुर्जर, सराय अब्दुल फतेह व नवादा भजडू में उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद योजना संख्या 11 हेतु जमीन अधिग्रहण करना चाहता है। जो पुनरीक्षित मूल्यांकन सूची सर्किल रेट लिस्ट 2025-26 के रेट अनुसार मुआवजा देने की बात कर रहे है, लेकिन पिछले कई वर्षो से लंढौरा गुर्जर, सराय अब्दुल फतेह व नवादा भजडू के रेट बहुत ही कम बढाये गये है, जबकि ग्राम लंढौरा गुर्जर सर्किल रेट सूची में विकासशील गांवों की सूची के अंर्तगत है। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग चंडगढ देहरादून हाईवे लंढौरा गुर्जर के बीचोबीच कई वर्षो से चल रहा है। इसके बावजूद भी सर्किल रेट सूची में राष्ट्रीय राजमार्ग का रेट लंढौरा गुर्जर में नहीं है, जबकि राष्ट्रीय राजमार्ग चलने के बाद कई बार मूल्यांकन सूचित में रेटों में वृद्धि की गई है और लंढौरा गुर्जर में राष्ट्रीय राजमार्ग का कोई रेट नहीं दिया गया है। गांव लढौरा गुर्जर से लगी हुई सीमाएं मोहनपुर गाडा, मनानी, कांकरकुई, मल्हीपुर सभी गांवों के सर्किल रेट लंढौरा गुर्जर से दोगुने से भी अधिक है। उन्होंने कहा कि यदि इन्ही दरों पर किसानों की जमीन अधिग्रहण की जायेगी तो किसान मिलने वाली धनराशि से बाहर भी जमीन नहीं खरीद पायेगा। उन्होंने लंढौरा गुर्जर, सराय अब्दुल फतेह व नवादा भजडू के रेट सीमा से सटे गांवों के बराबर किये जाने की मांग की।

इस दौरान मांगेराम, अकबर हसन, श्याम सिंह, प्रियांशु, इकराम, रविंद्र, आजाद सिंह, देवांश, सोनू कुमार, सुधांशु, सादिक, धम्रसिंह, करणपाल सिंह, संदीप, इकबाल, अब्बास, प्रवेज आदि मौजूद रहे।





















# सम्पादकीय

बुधवार, 25 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## तीसरी वार्ता पर नजर

एक तरफ जहां गुरुवार से अमेरिका और ईरान के बीच जिनेवा में तीसरे दौर की बातचीत होने जा रही है, तो वहीं दूसरी तरफ जिस तरह के हालात बन रहे हैं, वह बिल्कुल भी आश्वस्त करते दिखाई नहीं दे रहे हैं। अमेरिका-ईरान की ही बात करें, एक तरफ वे वार्ता के माध्यम से किसी हल पर पहुंचने की कोशिश करते दिखाई दे रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ युद्ध की तैयारी में भी लगे हुए हैं। अमेरिका जहां ईरान को घेरने के लिए अपने सबसे बड़े बेड़े व आधुनिक युद्ध पोतों से ईरान को घेरे हुए है, तो वहीं ईरान भी किसी भी हमले का जवाब देने के लिए पूरी तरह से तैयार होने की बात कह रहा है। अब कोई भी समझ सकता है कि इस तरह के वातावरण में किसी भी वार्ता का क्या हल निकल सकता है। इसलिए लोग गुरुवार को होने वाली वार्ता के विषय में भी ज्यादा शांति की उम्मीद नहीं लगा रहे हैं। पश्चिम देश तो पहले से ही अपने नागरिकों को ईरान छोड़ने की नसीहत दे रहे हैं और अब भारत भी उन देशों में शामिल हो गया है, जिसको अपने नागरिकों की सुरक्षा की चिंता है। भारत ने भी कह दिया है कि जहां भी ईरान में भारतीय नागरिक हों, वे सुरक्षित स्थानों पर जमे रहें और संभव हो तो ईरान को तुरंत छोड़ दें। जाहिर है इस तरह की चेतावनियां तभी दी जाती हैं, जब हालातों के बिगड़ने का अंदेशा होता है। यूं तो अमनपसंद लोग यह चाहते हैं कि ईरान व अमेरिका के बीच परमाणु बेलेस्टिक मिसाइल को लेकर बढ़ता तनाव शांतिपूर्वक तरीके से कम हो जाए, अगर ऐसा नहीं होता, तो इसके बहुत विनाशकारी परिणाम सामने आ सकते हैं। अगर अमेरिका-ईरान के बीच टकराव होता है तो यह केवल दो देशों के बीच का टकराव नहीं होगा। अमेरिका के साथ जहां इजरायल व पश्चिमी देश खड़े दिखाई दे रहे हैं, तो वहीं ईरान के साथ रूस, चीन, उ. कोरिया जैसे देश ईरान को सहयोग देते दिखाई दे रहे हैं। रूस ने तो कह भी दिया है कि वह ईरान के साथ खड़ा है, तो वहीं चीन ने भी ईरान पर हमले की सूरत में गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है। ऐसा नहीं है कि अमेरिकी राष्ट्रपति आज के समय की गंभीरता को नहीं समझते, अगर वह ऐसा न करते तो अब तक कभी का हमला कर चुके होते, लेकिन यहां दूसरी दिक्कत यह भी है कि दोनों ही पक्ष इतनी दूर तक आगे बढ़ चुके हैं जहां से पीछे लौटना इतना आसान भी नहीं है। हालांकि ईरान की इस बात के लिए प्रशंसा करनी होगी कि उसने तनाव कम करने के लिए परमाणु मुद्दों पर बात करने पर अपनी रजामंदी जाहिर की है और कहा है कि अगर उस पर से अमेरिका प्रतिबंध हटाता है तो वह यूरेनियम संवर्धन पर विचार कर सकता है। जबकि अमेरिका बेलेस्टिक मिसाइल कार्यक्रम को बंद करने के लिए दबाव डाल रहा है। ईरान ने इससे साफ इन्कार कर दिया है, ऐसे में गेंद अब अमेरिका के पाले में है। वह शांति का रास्ता चुनता है या दुनिया को विनाश के रास्ते पर डालता है।

### कांग्रेस डरने वाली नहीं है



कांग्रेस और उसके कार्यकर्ता नहीं, बल्कि श्री मोदी खुद डरपोक हैं जो संसद की कार्यवाही में हिस्सा लेने से भी डरते हैं, उन्होंने अमेरिका के साथ व्यापार समझौता कर किसानों का नुकसान किया है और उसके खिलाफ जब युवा कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदर्शन करते हैं, तो उन्हें डराने के लिए गिरफ्तार किया जाता है, लेकिन कांग्रेस डरने वाली नहीं है, युवा आज नौकरी के लिए तड़प रहे हैं और देश का माहौल खराब हो चुका है, जिसके कारण मोदी जी के प्रति लोगों में भारी रोष है, श्री ट्रम्प के सामने उन्होंने घुटने टेक दिए, नाक रगड़कर उनकी सारी शर्तों को मान लिया, जिससे पूरा देश शर्मिंदा हो गया। जो काम हमारे किसानों की भलाई और मदद के लिए किया जाना चाहिए था, उसकी बजाय किसानों का नुकसान करने की बातचीत की गई।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

## कानूनी ब्लैक होल्स की धारणा

30 अप्रैल 2020 के दिन नासा ने तीन निजी कंपनियों को 2024 का चंद्र अभियान पूरा करने के लिए 96.7 करोड़ डॉलर का एक संयुक्त ठेका दिया था। नासा के प्रशासक जिम ब्राइंडस्टोन ने दावा किया था कि यह वह अंतिम मोहरा है जिसकी जरूरत अमेरिका को चंद्रमा तक पहुंचने के लिए थी। इस बात को मीडिया में तो खूब प्रसारित किया गया था, लेकिन इस बात पर बहुत कम चर्चा हुई थी कि अंतरिक्ष अभियानों को लेकर जो मौजूदा कानून संधियां हैं वे निजी कंपनियों के उपक्रमों पर किस हद तक लागू होते हैं। दरअसल, कॉर्पोरेट जगत द्वारा धरती से बाहर कदम जमाने के चलते आशाओं और चिंताओं दोनों को हवा मिली है। चिंताएं और आशाएं अंतरिक्ष में बढ़ते पूंजीगत निवेश के संभावित लाभों को लेकर हैं।

1967 में राष्ट्र संघ बाह्य अंतरिक्ष संधि OST मंजूर की गई थी। यह यूएस के तथाकथित नव-अंतरिक्ष किरदारों के उदय के संदर्भ में विश्लेषण का एक ढांचा माना गया था। इस लेख का तर्क है कि बाह्य अंतरिक्ष में निजी कंपनियों की मौजूदगी को लेकर कई महत्वपूर्ण कानूनी अस्पष्टताएं हैं। इन खामियों की वजह से ही यूएस सरकार को यह गुंजाइश मिली है कि वह OST के अंतर्गत अपने दायित्वों को दरकिनार कर सके और साथ ही संरचना को परिवर्तित करके अंतरिक्ष की वैश्विक साझा संसाधन की धारणा को ठेस पहुंचा सके। OST के अंदर अंतरिक्ष के संसाधनों को लेकर निजी संपदा अधिकारों को लेकर विशिष्ट प्रावधान न होने के कारण यह जोखिम पैदा हो रहा है कि धरती के संसाधनों में जो गैर-बराबरी है वह, और अंतरिक्ष में यूएस का दबदबा दोनों अंतरिक्ष के संसाधनों पर भी लागू हो जाएंगे। इस तरह से, अंतरिक्ष के लाभ एक व्यापक विश्व समुदाय की बजाय मुट्ठीभर धनवान अमेरिकी निवेशकों के हाथों में सिमट जाएंगे।

इसके अलावा, OST में अंतरिक्ष निरीक्षण के नियमन को लेकर जो कमजोर प्रावधान हैं, उनके चलते यूएस उपग्रहों के नेटवर्क global panopticon को बढ़ावा मिलेगा। दोहरे उपयोग वाली टेक्नॉलॉजी के उभार की वजह से सैन्य और नागरिक अवलोकनों के बीच का अंतर धुंधला पड़ रहा है। इसके चलते यूएस द्वारा अंतरिक्ष-आधारित डैटा संग्रह की प्रकृति को लेकर गंभीर नैतिक चिंताएं पैदा हुई हैं और अंतिम बात कि निजी उपग्रहों की बढ़ती संख्या इस बात की संभावना बढ़ा रही है कि अंतरिक्ष में फैले मलबे के बीच भयानक टक्करें होंगी और भू-राजनैतिक तनाव बढ़ेंगे। इस तरह के विकास की वजह से अंतरिक्ष में ऐसे अपमिश्रण की आशंका भी कई गुना बढ़ गई है, जिसकी कल्पना OST में नहीं की गई थी।

### राष्ट्र संघ बाह्य अंतरिक्ष संधि और नव-अंतरिक्ष किरदार

हालांकि OST 1967 में अस्तित्व में आई थी, लेकिन संभवत: आज भी यही एक प्रासंगिक उपकरण है जिसके तहत बाह्य अंतरिक्ष में राज्य तथा गैर-राज्य गतिविधियों का विश्लेषण किया जा सके। शीत युद्ध के चरमोत्कर्ष पर अंतरिक्ष के सैन्यकरण तथा राष्ट्रों द्वारा आकाशीय पिंडों पर कब्जे, दोनों की रोकथाम के संदर्भ में OST का प्रमुख स्थान है। 100 से ज्यादा राष्ट्रों ने इसका अनुमोदन किया है, जिनमें यूएस, रूस व चीन जैसे प्रमुख अंतरिक्ष यात्री राष्ट्र शामिल हैं और इस प्रकार से यह संधि एक अधिकारिक दस्तावेज के तौर पर व्यापक रूप से मान्य है और यही बाद में बनने वाली अन्य अंतरिक्ष संधियों का आधार रही है। यह संधि बाद के दस्तावेजों से इस मायने में भिन्न है कि कई देश इन पर हस्ताक्षर करने से कतराते रहे हैं। उदाहरण के तौर पर 1972 की चंद्रमा संधि जिसका उद्देश्य चंद्र अभियानों और विकास में सहयोग को बढ़ावा देना है। बाह्य अंतरिक्ष के क्षेत्र में शामिल हो रहे अमेरिकी किरदारों में बहुत विविधता आई है। हालांकि ए 1950 के दशक से ही नासा के साथ काम करते रहे हैं, लेकिन तब व्यावसायिक उद्यम मूलत: रॉकेटों तथा अंतरिक्ष गतिविधियों से सम्बंधित अन्य पुर्जों का उत्पादन किया करते थे, लेकिन अपोलो 11 के चांद पर उतरने के बाद से नासा के बजट में कुल मिलाकर तेज गिरावट देखी गई और इसके साथ ही सरकारी कार्यों के निजीकरण की प्रवृत्ति भी बढ़ी। इसकी वजह से निजी अंतरिक्ष कंपनियों की क्षमताएं और नजरिया दोनों बदले हैं। एक ओर अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में विश्व स्तर पर विस्तार हो रहा है, वहीं 2012 से 2013 के दरम्यान सरकारों का खर्च 1.3 प्रतिशत कम हुआ है और व्यावसायिक क्षेत्र में लगभग 7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। निजी अंतरिक्ष क्षेत्र में विस्तार का प्रमुख जोर तथाकथित 'नव-अंतरिक्ष' किरदारों से आया है। यह मूलत: यूएस स्थित उद्यमी हैं जो 30 से अधिक वर्षों से अंतरिक्ष को व्यावसायिक क्षेत्र बनाने का प्रयास करते आए हैं। अर्थव्यवस्था के उदारवादी नजरिए से चालित और अंतरिक्ष खोजबीन में नासा की ऐतिहासिक पकड़ के आलोचक यह किरदार स्वयं को 'अंतिम मोर्चे' के अग्रणि किरदार कहते आए हैं जो निजी वित्तपोषित अंतरिक्ष अभियानों के जरिए मानवता को विलुप्ति से बचाएंगे।

### पृथ्वी के नजदीकी पिंड और संसाधन का खनन, अंतरिक्ष में यूएस की निजी संपत्ति

अपोलो अभियानों की मदद से प्राप्त चंद्रमा की चट्टानों के नमूनों में हीलियम-3 जैसे दुर्लभ तत्व हैं जो पृथ्वी पर पारंपरिक नाभिकीय परमाणु बिजली घरों की अपेक्षा ज्यादा बिजली पैदा कर सकते हैं और इनमें कचरा भी कम पैदा होगा। ऐसे ही संसाधनों ने धरती से परे



संसाधनों के खनन के लिए प्रलोभन-प्रोत्साहन प्रदान किया है। इस विचार को और बल मिला जब यह पता चला कि पृथ्वी के नजदीकी पिंडों (जैसे तथाकथित एंटेरॉस क्षुद्र ग्रह) में शायद पांच खरब डॉलर मूल्य का मैग्नीशियम सिलिकेट और एल्युमिनियम मौजूद है।

अंतरिक्ष-यात्री राष्ट्रों द्वारा अंतरिक्ष के संसाधनों पर कब्जा करने के ऐसे संभावित प्रयासों के मद्देनजर राष्ट्र संघ OST के अनुच्छेद II में घोषित किया गया था कि बाह्य अंतरिक्ष पर राष्ट्रीय संप्रभुता के आधार पर, कब्जा करके, उसका उपयोग करके या अन्य किसी तरीके से, अधिग्रहित करने की अनुमति नहीं है। राष्ट्रीय संप्रभुता के दावों पर जोर देने का मुख्य सरोकार उस समय जारी शीत युद्ध के माहौल से था, जब अंतरिक्ष गतिविधियां पूरी तरह सरकारी संस्थाओं का एकाधिकार थीं और इन्हें सैन्य वर्चस्व या राष्ट्रीय प्रतिष्ठा के उद्देश्य से शुरू किया जाता था। अलबत्ता, 1980 के दशक से अंतरिक्ष उद्योग के निजीकरण का अर्थ हुआ है कि उक्त कानून में अंतरिक्ष में संसाधनों के निजी दोहन के नियमन को लेकर कई कानूनी अस्पष्टताएं हैं और व्याख्या की गुंजाइश है। जैसा कि एम. शेयर ने दर्शाया है, अनुच्छेद आईआई इस समस्या को संबोधित करने में असफल रहता है कि अंतरिक्ष का दोहन वित्तीय लाभ के लिए करने पर या निजी उद्योग द्वारा उस पर अपना अधिकार जताने पर क्या किया जाएगा। बहरहाल, राष्ट्र संघ संधि का अनुच्छेद VI कहता है राष्ट्रीय अंतरिक्ष गतिविधियों के लिए राज्य जिम्मेदार होगा, चाहे वे गतिविधियां सरकारी एजेंसी द्वारा की जाएं या गैर-सरकारी एजंसियों द्वारा। कई विशेषज्ञों का मानना है कि यह अनुच्छेद निजी अंतरिक्ष कॉर्पोरेशन्स की गतिविधियों पर काफी अंकुश लगा सकता है, क्योंकि इसके अंतर्गत निजी एजेंसियों की गतिविधियों का दायित्व भी राज्य पर होगा। अलबत्ता, यूएस सरकार ने हाल ही में एक कानून लागू किया है जिसमें इस अनुच्छेद का फायदा उठाया गया है ताकि अपने प्रतिबंधों को बायपास कर सके और अंतरिक्ष में यूएस के आर्थिक दबदबे को मजबूत कर सके। 2015 के यूएस अंतरिक्ष कानून के पारित होने से यूएस के नागरिकों को अंतरिक्ष से प्राप्त हुए संसाधनों को अपने पास रखने, उनके स्वामित्व, परिवहन और बिक्री का अधिकार मिल गया है अर्थात इसमें सावधानीपूर्वक राष्ट्रीय संप्रभुता के दावे को छोड़ दिया गया है। तो, चाहे वह कोई अमेरिकी निजी कंपनी हो या सार्वजनिक उद्यम हो, यूएस अपने भू-राजनैतिक हितों की पूर्ति कर रहा है जिसके लिए वह अमेरिकी लाभ के लिए अंतरिक्ष के संसाधनों को समेट रहा है। इस तरह से राष्ट्र की सॉफ्ट शक्ति में चीन जैसे अंतरिक्ष-यात्री देशों की कीमत पर इजाफा हो रहा है। दरअसल, नव-अंतरिक्ष किरदारों ने विधेयक के पारित होने से पहले इन सामरिक सरोकारों को चतुराई से उछाला था। जैसे अरबपति अंतरिक्ष उद्यमी रॉबर्ट बिजलो ने दावा किया था कि सबसे बड़ा खतरा चांद पर निजी उद्यमियों से नहीं है बल्कि इस बात से है कि अमेरिका सोता रहे, कुछ न करे जबकि चीन आगे आए। सर्वेक्षण करे और ख्चांद पर, दावा ठोंक दे।

यूएस सरकार द्वारा निजी कंपनियों को समर्थन से संभावना है कि संपदा में पृथ्वी-आधारित गैर-बराबरी को अंतरिक्ष में मजबूत किया जाएगा। कई नव-अंतरिक्ष किरदार अंतरिक्ष में अपनी दीर्घावधि महत्वाकांक्षाओं को मानवीय सुर में ढालते हैं। जैसे, वे यह वादा करेंगे कि वे मानव जाति को आसन्न विलुप्ति के खतरे से बचाने के लिए अंतरिक्ष में बस्तियां बनाएंगे। अलबत्ता, इस तरह का विमर्श शायद ही उनकी खालिस निजी प्रकृति को छुपा सके। वे यह कहते नजर आते हैं कि पूरे मामले में आम नागरिकों का हित जुड़ा है लेकिन हकीकत यह है कि ए अंतरिक्ष अग्रदूत वास्तव में एक छोटे से ब्रह्मांडीय आभिजात्य समूह के सदस्य हैं, Amazon.com, Microsoft, Pay Pal के संस्थापक और तरह-तरह के गेम डिजाइनर तथा होटल व्यवसाई। वास्तव में, निजी अंतरिक्ष उद्यमियों ने स्वयं सुझाव दिया है कि उन पर कोई दायित्व नहीं होना चाहिए कि वे अंतरिक्ष से प्राप्त खनिज संसाधनों को विश्व समुदाय के साथ साझा करें। यह बात नाथन इंग्राहम (टेकसाइट Engad.steroid mining के वरिष्ठ संपादक) के भाषण में साफ प्रतिबिंबित हुई थी। उन्होंने कहा था कि क्षुद्रग्रह खनन कैसा होगा यह इस बात पर निर्भर है कि हअमेरिका अंतरिक्ष में कैसे आगे बढ़ता है और अगली वेगास स्ट्रिप कैसे विकसित करता है। ऐसी टिप्पणियां उस चीज को रेखांकित करती हैं जिसे बीयरी 'स्केलर पोलिटिक्स' कहते हैं।

**...साभार एस.एस.**

### एड्स से बचाव

एड्स से बचाव के लिए सामान्य व्यक्ति को एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के वीर्य, योनि स्राव अथवा रक्त के संपर्क में आने से बचना चाहिए। साथ ही साथ एड्स से बचाव के लिए निम्नलिखित सावधानियां बरतनी चाहिए। पीड़ित साथी या व्यक्ति के साथ योनि सम्बन्ध स्थापित नहीं करना चाहिए, अगर कर रहे हों तो सावधानीपूर्वक कंडोम का प्रयोग करना चाहिए, लेकिन कंडोम इस्तेमाल करने में भी कंडोम के फटने का खतरा रहता है और अपने जीवनसाथी के प्रति वफादार रहें, एक से अधिक व्यक्ति से यौन संबंध ना रखें। खून को अच्छी तरह जांचकर ही उसे चढ़ाना चाहिए। कई बार बिना जांच के खून मरीज को चढ़ा दिया जाता है जो कि गलत है। इसलिए डॉक्टर को खून चढ़ाने से पहले पता करना चाहिए कि कहीं खून एचआईवी दूषित तो नहीं है।

## कैसे बचना है एड्स से, बस यही जरूरी है

एड्स का मतलब है उपार्जित प्रतिरक्षा अपूर्णता सहलक्षण एड्स मानव प्रतिरक्षा अपूर्णता विषाणु से होता है। जो कि मानव की प्राकृतिक प्रतिरोधी क्षमता को कमजोर करता है। एचआईवी शरीर की रोग प्रतिरोधी क्षमता पर आक्रमण करता है, जिसका काम शरीर को संक्रामक बीमारियों, जो कि जीवाणु और विषाणु से होती हैं से बचाना होता है। एचआईवी रक्त में उपस्थित प्रतिरोधी पदार्थ लसीका-कोशो पर हमला करता है। यह पदार्थ मानव को जीवाणु और विषाणु जनित बीमारियों से बचाते हैं और शरीर की रक्षा करते हैं। जब एचआईवी द्वारा आक्रमण करने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता क्षय होने लगती है, तो इस सुरक्षा कवच के बिना एड्स पीड़ित लोग भयानक बीमारियों क्षय रोग और कैंसर आदि से पीड़ित हो जाते हैं और शरीर को कई अवसरवादी संक्रमण यानि आम सर्दी जुकाम, फुफ्फुस प्रदाह इत्यादि घेर लेते हैं। जब क्षय और कर्क रोग शरीर को घेर लेते हैं, तो उनका इलाज करना कठिन हो जाता है और मरीज की मृत्यु भी हो सकती है।

### एड्स कैसे फैलता है

अगर एक सामान्य व्यक्ति एचआईवी संक्रमित व्यक्ति के वीर्य, योनि स्राव अथवा रक्त के संपर्क में आता है, तो उसे एड्स हो सकता है। आमतौर पर लोग एचआईवी पॉजिटिव होने को एड्स समझ लेते हैं, जो कि गलत है, बल्कि एचआईवी पॉजिटिव होने के 8-10 साल के अंदर जब संक्रमित व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता क्षीण हो जाती है। तब उसे घातक रोग घेर लेते हैं और इस स्थिति को एड्स कहते हैं। एड्स ज्यादातर चार माध्यमों से होता है। पीड़ित व्यक्ति के साथ असुरक्षित योनि सम्बन्ध स्थापित करने से। दूषित रक्त से, संक्रमित सुई के उपयोग से, एड्स संक्रमित मां से उसके होने वाली संतान को।

### एड्स के लक्षण

एचआईवी से संक्रमित लोगों में लम्बे समय तक एड्स के कोई लक्षण दिखाई नहीं देते। लंबे समय तक (3, 6 महीने या अधिक) एचआईवी का भी औषधिक परीक्षण से पता नहीं लग पाता। अधिकतर एड्स के मरीजों को सर्दी, जुकाम या विषाणु बुखार हो जाता है पर इससे एड्स होने का पता नहीं लगाया जा सकता। एचआईवी वायरस का संक्रमण होने के बाद उसका शरीर में धीरे-धीरे फैलना शुरू होता है। जब वायरस का संक्रमण शरीर में अधिक हो जाता है, उस समय बीमारी के लक्षण दिखाई देते हैं। एड्स के लक्षण दिखने में आठ से दस साल का समय भी लग सकता है। ऐसे व्यक्ति को, जिसके शरीर में एचआईवी वायरस हों पर एड्स के लक्षण प्रकट न हुए हों, एचआईवी पॉजिटिव कहा जाता है।

### एड्स के कुछ प्रारंभिक लक्षण

वजन का काफी हद तक काम हो जाना, लगातार खांसी बने रहना, बार-बार जुकाम का होना, बुखार, सिरदर्द, थकान, शरीर पर निशान बनना, हैजा, भोजन से अरूचि, लसीकाओं में सूजन, ध्यान रहे कि ऊपर दिए गए लक्षण अन्य सामान्य रोगों के भी हो सकते हैं। अत: एड्स की निश्चित रूप से पहचान केवल और केवल, औषधीय परीक्षण से ही की जा सकती है व की जानी चाहिए। एचआईवी की उपस्थिति का पता लगाने हेतु मुख्यत:



एंजाइम लिंक्ड इम्यूनोएब्जॉर्बेंट एसेस यानि एलिसा टेस्ट किया जाता है।

### एड्स के बारे में फैली हुई भ्रांतियां

बहुत सारे लोग समझते हैं कि एड्स पीड़ित व्यक्ति के साथ खाने, पीने, उठने, बैठने से हो जाता है जो कि गलत है। यह समाज में एड्स के बारे में फैली हुई भ्रांतियां हैं। सच तो यह है कि रोजमर्रा के सामाजिक संपर्कों से एचआईवी नहीं फैलता जैसे कि पीड़ित के साथ खाने-पीने से, बर्तनों की साझीदारी से, हाथ मिलाने या गले मिलने से, एक ही टॉयलेट का प्रयोग करने से, मच्छर या अन्य कीड़ों के काटने से, पशुओं के काटने से, खांसी या छींकों से, एड्स का उपचार, एड्स के उपचार में एंटी रेट्रोवाइरल थेरपी दवाइयों का उपयोग किया जाता है। इन दवाइयों का मुख्य उद्देश्य एचआईवी के प्रभाव को काम करना, शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करना और अवसरवादी रोगों को ठीक करना होता है। समय के साथ-साथ वैज्ञानिक एड्स की नई-नई दवाइयों की खोज कर रहे हैं, लेकिन सच कहा जाए तो एड्स से बचाव ही एड्स का बेहतर इलाज है।

## मानव पहले से इतना हिंसक था!



मानवविज्ञानियों के बीच यह बहस का विषय रहा है कि क्या मनुष्य सदा से इतना ही क्रूर और हिंसक था, या पहले कम हिंसक था और अब अधिक हो गया है और इस मामले में दो मत रहे हैं-पहला, खेती की शुरुआत होने के पहले तक मानव सभ्यताएं शांत-स्वभावी थीं और मैत्रीपूर्ण माहौल थाय दूसरा, कृषि के पहले मानव बस्तियां क्रूर थीं और लड़ने को तत्पर थीं, और जब उन्होंने मिल-जुल कर खेती करना शुरू किया तो शांतिपूर्ण हो गईं, लेकिन इनमें से किसी भी मत के पक्ष में ठोस सबूत नहीं मिले थे और दोनों ही मतों पर संदेह बना रहा। हालिया अध्ययन इसी सवाल पर कोई मत बनाने का प्रयास है और निष्कर्ष है कि इतिहास में मनुष्य की प्रवृत्ति को किसी एक खांचे, अधिक शांत या अधिक हिंसक, में नहीं रखा जा सकता। कोई मानव समाज कब-कितना हिंसक रहा इसे एक सीधी ऊपर जाती या सीधी नीचे उतरती रेखा से नहीं दर्शाया जा सकता है। बार्सिलोना विश्वविद्यालय के आर्थिक इतिहासकार जियोकोमो बेनाटी और उनके साथियों द्वारा नेचर ह्यूमन बिहेवियर में प्रकाशित नतीजों के अनुसार, दुनिया के अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग कारणों से कई बार हिंसा भड़की और शांति बनी। इन निष्कर्षों तक पहुंचने के लिए शोधकर्ताओं ने वर्तमान तुर्की, ईरान, इराक, सीरिया, लेबनान, इस्राइल और जॉर्डन में खुदाई में पाए गए कंकालों का विश्लेषण किया। अध्ययन में इन स्थानों पर 12,000 ईसा पूर्व से 400 ईसा पूर्व काल तक के 3500 से अधिक मानव कंकालों को देखा गया। उन्होंने पाया कि मानव समाज में सामाजिक-आर्थिक उथल-पुथल और बदलती जलवायु के दौर में पारस्परिक हिंसा अधिक दिखती है-मुख्य रूप से सिर पर आघात के मामले काफी मिलते हैं। फिर शोधकर्ताओं ने उन खोपड़ियों को ध्यान से देखा जो टोपी-किनारे की रेखा के ऊपर क्षतिग्रस्त हुई थीं। टोपी-किनारे की रेखा कपाल पर एक ऐसी काल्पनिक रेखा है जिसके आधार पर मानवविज्ञानी बताते हैं कि चोट किसी दुर्घटना के कारण लगी है या इरादतन प्रहार किया गया था। मसलन गिरने के कारण लगने वाली चोटें आंख, नाक और भौंह के आसपास लगती हैं, जबकि खोपड़ी के ऊपरी हिस्से पर चोट किसी प्रहार के कारण लगती है। इसके अलावा उन्होंने हथियार से संबंधी चोटों की पुष्टि के लिए कंकाल के अन्य हिस्सों की भी जांच की, जैसे कि घोंपने के निशान या बचाव करते समय हड्डी में आया फैक्चर वगैरह। हालांकि, शोधकर्ताओं ने चोट के इन निशानों पर कम भरोसा किया, क्योंकि इनमें यह पहचानना मुश्किल है कि यह निशान प्रहार के नतीजे हैं या दुर्घटना के। फिर भी विश्लेषण से यह पता चलता है कि प्राचीन मध्य पूर्व में हिंसा 6500 से 5300 साल पहले तक ताम्रपाषाण युग के दौरान चरम पर थी। इसके बाद प्रारंभिक और मध्य कांस्य युग के दौरान यह बहुत कम हो गई क्योंकि समूहों ने आक्रामक व्यवहार को नियंत्रित करने की अपनी क्षमता को मजबूत कर लिया था। लौह युग की शुरुआत में, करीब 3000 साल पहले, फिर से बढ़ गई थी।

मध्य पूर्वी क्षेत्र में ताम्रपाषाण काल एक संक्रमणकाल था। बस्तियां फैल रही थीं, राज्य बनने लगे थे, और लकड़ी व पत्थर के औजारों की जगह धातु के औजार लेते जा रहे थे। बढ़ती आबादी, अधिक हकदारी तथा बेहतर हथियारों के चलते हिंसा बढ़ने लगी। इसी तरह, लौह युग में हथियारों की गुणवत्ता कांस्य युग से बेहतर हो गई थी और असीरियन साम्राज्य के सत्ता में आने के साथ ही राजनैतिक पुनर्गठन भी हुआ था। और तो और, राजनैतिक और तकनीकी उथल-पुथल के अलावा यह क्षेत्र एक बड़े जलवायु परिवर्तन से भी गुजरा . करीब 300 साल लंबा सूखा पड़ा, जिसने हजारों लोगों को विस्थापित कर दिया और भीषण अकाल पड़ा। यह निष्कर्ष वर्तमान जलवायु परिवर्तन सम्बंधी चुनौती के लिए एक कड़ी चेतावनी देते हैं। कई विशेषज्ञों की चिंता है कि जैसे-जैसे पृथ्वी का तापमान बढ़ेगा, वैसे-वैसे मनुष्यों में हिंसक संघर्ष भी बढ़ेगा, लेकिन साथ ही शोधकर्ता अपने नतीजों के बारे मे आगाह भी करते हैं कि ए नतीजे समूह के व्यवहार को दर्शाते हैं, ए एक व्यक्ति के दूसरे व्यक्ति से बर्ताव के बारे में नहीं हैं। अलबत्ता, इस बात के पर्याप्त सबूत हैं कि चरम जलवायु घटनाओं से संघर्ष उपज सकता है। लेकिन इस बात के भी प्रमाण हैं कि जब ऐसी संस्थाएं मौजूद होती हैं जो हिंसा को कम कर सकती हैं तो संघर्ष को कम किया जा सकता है। बहरहाल, इतिहास से सबक लेकर ऐहतियात बरतने और संघर्षों को टालने की योजना बनाने में कोई बुराई नहीं है।

### आक्रामक नर मेंढक से बचाव

प्रजनन के लिए मेंढक प्रजातियों में नर दो में से किसी एक रणनीति उपयोग करते हैं – या तो वे किसी जगह बैठकर मादा को पुकारते हैं और उनके आने का इंतजार करते हैं, या वे लगातार मादा की तलाश करते हैं और कम समय में अधिक से अधिक मादाओं के साथ संभोग करने की कोशिश करते हैं। अधिक से अधिक मैथुन करने के प्रयास में अक्सर, एक ही मादा पर कई नर चढ़ जाते हैं जिससे मेंढकों का गुत्थमगुत्था सा ढेर बन जाता है, जो मादा को गंभीर रूप से घायल कर सकता है और उसकी जान तक जा सकती है। यूरोपीय मेंढक Rana temporaria संभोग के लिए यही दूसरी रणनीति अपनाते हैं। सर्दियों की लंबी शीतनिद्रा से जागने के बाद युरोपीय नर मेंढक संभोग के लिए मादाओं के पीछे भागते हैं, उन्हें डराते हैं और उन्हें संभोग के लिए मजबूर करते हैं। चूंकि नर मेंढकों की संख्या मादाओं से काफी अधिक होती है इसलिए हालात मादाओं के लिए और भी बुरे हो जाते हैं। वैज्ञानिकों को अब तक लगता था कि नर के इस संभोग हमले से बचने में मादा असहाय होती है, लेकिन रॉयल सोसायटी बी में प्रकाशित नतीजों से पता चलता है कि ए मादाएं इतनी भी असहाय नहीं होती और अवांछित संभोग से बचने के लिए वे कई युक्तियां अपनाती हैं-जैसे वे शरीर को घुमाकर नर के चंगुल से निकल भागती हैं, नर होने का स्वांग रचती हैं, यहां तक कि मरने का नाटक भी करती हैं। इस बात का पता वैकासिक और व्यवहार जीवविज्ञानी कैरोलिन डीट्रिच को तब लगा जब वे युरोपीय मेंढकों में एक अन्य बात की जांच कर रही थी . चूंकि बड़ी साइज की मादाएं अधिक अंडे दे सकती हैं तो क्या नर मेंढक संभोग के लिए शरीर की साइज के आधार पर मादा साथी चुनते हैं? शोधकर्ताओं को नर का किसी विशिष्ट डील-डौल वाली मादा के प्रति झुकाव तो नहीं दिखा, लेकिन उन्होंने पाया कि मादाएं अवांछित नर से बचने के लिए मुख्यत: तीन रणनीति अपना रही थीं। अधिकतर मामलों में वे पानी में नर के नीचे अपने शरीर को घुमाकर उसकी बाहों से निकलने का प्रयास कर रही थीं। मादाएं नर को मूर्ख भी बना रही थीं। वे इस बात का भी फायदा उठाती हैं कि नर संभोग-साथी के मामले में ज्यादा नखरैल नहीं होते। अधिक से अधिक संभोग के चक्कर में युरोपीय नर मेंढकों का जिससे भी सामना होता है वे उसके साथ संभोग कर लेते हैं। यहां तक कि वे अन्य नरों के साथ, युरोपीय मादा मेंढक की तरह दिखने वाले युरोपीय भेक यानी टोड के साथ, और यहां तक कि सर्वथा अलग प्रकार के उभयचरों के साथ भी संभोग कर लेते हैं। अब कोई नर मेंढक दूसरे नर पर चढ़ने की कोशिश करता है तो दूसरा मेंढक घुरघुराने की आवाज निकाल कर गलती का एहसास कराता है।

## संक्षिप्त समाचार

### ईरान में सैन्य हेलीकॉप्टर हादसे में चार लोगों की मौत

**तेहरान।** ईरान के इस्फहान प्रांत में मंगलवार सुबह सेना का एक हेलीकॉप्टर फल और सब्जी मंडी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे चार लोगों की मौत हो गई। अर्ध-सरकारी संवाद समिति फार्स ने यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय समयानुसार सुबह 9:09 बजे विमान बाजार के स्टाल से टकराया, जिससे पायलट, सह-पायलट और दो विक्रेताओं की मौत हो गई। प्रांतीय आपातकालीन चिकित्सा सेवा संगठन के प्रमुख अली नसीरी के हवाले से फार्स ने बताया कि घटना के तुरंत बाद चार एम्बुलेंस मौके पर भेजी गईं।

### जापान में बस और कार की टक्कर, नौ बच्चों सहित 14 घायल

**टोक्यो।** जापान के फुकुओका प्रान्त में मंगलवार सुबह एक स्कूली बच्चों की बस और कार के बीच हुई भिड़ंत में 14 लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह हादसा ओन्गा शहर के एक चौराहे पर स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 9 बजे हुआ। इस दुर्घटना में घायल होने वालों में शुरूआती कक्षाओं में पढ़ रहे नौ बच्चे, स्कूल के 4 कर्मचारी और कार का चालक शामिल है। सभी घायलों को तुरंत पास के अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है ताकि दुर्घटना के सटीक कारणों का पता लगाया जा सके।

### भारत और अमेरिका की सेनाओं के बीच 'वज्र प्रहार' अभ्यास कल से

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका की सैनिक टुकड़ियों के बीच बुधवार से हिमाचल प्रदेश के बकलोह स्थित स्पेशल फोर्स ट्रेनिंग स्कूल में शुरू होने वाले अभ्यास 'वज्र प्रहार' में हिस्सा लेने के लिए अमेरिकी दल भारत पहुंच गया है। तीन सप्ताह तक चलने वाले इस अभ्यास में भारतीय सेना की ओर से स्पेशल फोर्स इकाई के 45 सैनिक हिस्सा ले रहे हैं जबकि अमेरिका की ओर से वहां की स्पेशल फोर्स ग्रीन बेरेट्स के 12 सैनिक शामिल होंगे।

# गर्लफ्रेंड का पीछा कर ड्रग माफिया तक पहुंची सेना

## एल मेंचो की मौत से मेक्सिको के 20 राज्यों में भड़की हिंसा, अब तक 25 सैनिक समेत 25 की मौत



■ कई जगह रोडब्लॉक लगाए गाड़ियों और 20 से ज्यादा सरकारी बैंक शाखाओं में आग लगा दी गई

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको में सेना ने रविवार को एक ऑपरेशन चलाकर देश के सबसे बड़े ड्रग माफिया सरगना एल मेंचो को मार गिराया। मेक्सिको के रक्षा मंत्री रिकार्डो ट्रेविला के मुताबिक मेंचो की लोकेशन का पता उसकी गर्लफ्रेंड के जरिए चला। सेना उसे लंबे समय से ट्रैक कर रही थी।

एल मेंचो की मौत के बाद भी हिंसक प्रदर्शन हुए। बीबीसी के मुताबिक मेंचो के समर्थकों ने 20 राज्यों में हिंसा फैला दी। कई जगह रोडब्लाक लगाए, गाड़ियों और 20 से ज्यादा सरकारी बैंक शाखाओं में आग लगा दी गई। जालिस्को में लॉकडाउन के हालात हैं। ये शहर फीफा 2026 के मेजबान शहरों में शामिल है। अलग-अलग शहरों में कम से कम 32 मौतें हुई हैं, जिसमें 25 सैनिक शामिल है। ऑपरेशन के दौरान सेना ने बख्तरबंद गाड़ियां और राकेट लान्चर सहित बड़ी संख्या में हथियार जब्त किए। सेना के ऑपरेशन के दौरान एल मेंचो घायल हो गया था। उसे एयरलिफ्ट कर मेक्सिको सिटी ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। इस ऑपरेशन में मेंचो के अलावा अन्य 8 अपराधी भी मारे गए। ट्रेविला ने प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि खुफिया एजेंसियों ने एल मेंचो की गर्लफ्रेंड से जुड़े एक भरोसेमंद साथी की पहचान की थी। उसकी गतिविधियों पर नजर रखी गई। इसी व्यक्ति ने एल मेंचो की प्रेमिका को जालिस्को के पास एक कंपाउंड में पहुंचाया था, जिसका पीछा करते-करते सेना कैंपस तक पहुंच गई। जब महिला वहां से निकली तो अधिकारियों को यकीन हो गया कि भारी सुरक्षा के बीच एल मेंचो कंपाउंड के अंदर ही मौजूद है। इसके बाद सुरक्षाबलों ने तुरंत ऑपरेशन शुरू कर दिया और एक दिन बाद पूरे इलाके को घेर लिया। उन्होंने बताया कि सेना की घेराबंदी के दौरान मेंचो के वफादार बंदूकधारियों ने सेना पर फायरिंग शुरू कर दी। सेना ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें मेंचो घायल हो गया। उसके साथी उसे लेकर पास के जंगल में भाग गए। काफी मशक्कत के बाद सैनिकों ने उसे खोज निकाला। घायल माफिया को हेलिकाप्टर से मेडिकल सेंटर ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसने और उसके दो बाडीगार्ड ने दम तोड़ दिया। न्यूयार्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक एल मेंचो, जालिस्को न्यू जनरेशन कार्टेल (सीजेएनजी) का प्रमुख था। जालिस्को कार्टेल मेक्सिको में ड्रग्स बनाने और बेचने, स्थानीय कारोबारियों से वसूली करने और कई इलाकों में लोगों को डराकर रखने के लिए कुख्यात रहा है। इस कार्टेल की मौजूदगी अमेरिका के 50 राज्यों में है। अमेरिकी सरकार ने अल मेंचो के ऊपर 136 करोड़ रुपये का इनाम रखा था। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प काफी समय से मेक्सिको पर एल मेंचो पर एक्शन लेने का दबाव बना रहे थे।



बारामूला। जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में आयोजित 'खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2026' में महिलाओं की स्की पर्वतारोहण वर्टिकल सपर्धा के दौरान प्रतिभागी।

### कंबोडिया ने 3541 वर्ग किलोमीटर जमीन से दबीं बारूदी सुरंगें हटाई

**नाम पेन्ह।** कंबोडिया ने बीते 33 वर्षों में बारूदी सुरंगों और युद्ध के विस्फोटक अवशेषों (ईआरडब्ल्यू) से भरी लगभग 3,541 वर्ग किलोमीटर भूमि को साफ करने में सफलता हासिल की है। प्रधानमंत्री हुन मानेट ने मंगलवार को यह जानकारी राष्ट्रीय बारूदी सुरंग जागरूकता दिवस के अवसर पर दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस अवधि के दौरान 12 लाख से अधिक बारूदी सुरंगों, 26700 टैंक रोधी सुरंगे और 32.4 लाख से अधिक ईआरडब्ल्यू खोजकर नष्ट किए गए हैं। उन्होंने बताया कि साफ की गई भूमि में से 78 प्रतिशत का उपयोग खेती के कामों के लिए, पांच प्रतिशत बुनियादी ढांचे और 17 प्रतिशत आवास, गांवों, स्कूलों और स्वास्थ्य केन्द्रों सहित अन्य उद्देश्यों के लिए किया गया है।

# ट्रम्प के इमरजेंसी टैरिफ की वसूली आज से बंद

## समझौते से पीछे हटने वाले देशों को ट्रम्प की धमकी, कहाः गेम मत खेलो, ऊंचे टैरिफ लगाऊंगा



■ ट्रेड डील के नाम पर यदि किसी देश ने अमेरिका के साथ 'गेम' खेलने की कोशिश की उसके नतीजे बुरे होंगे साथ ही और ऊंचे टैरिफ लगाए जाएंगेः ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सरकार आज से राष्ट्रपति ट्रम्प की तरफ से लगाए गए इमरजेंसी टैरिफ की वसूली बंद कर देगी। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने टैरिफ समझौते से पीछे हटने वाले देशों को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ट्रेड डील के नाम पर यदि किसी देश ने अमेरिका के साथ 'गेम' खेलने की कोशिश की उसके नतीजे बुरे होंगे साथ ही और ऊंचे टैरिफ लगाए जाएंगे। दरअसल, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 3 दिन पहले इन टैरिफ को गैरकानूनी बताया गया था।

अमेरिकी यूएस कस्टम एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन (सीपीबी) ने एक बयान में कहा कि1977 के कानून इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनामिक पावर्स एक्ट (आईईईपीए) के तहत लगाए गए टैरिफ की वसूली मंगलवार रात 12 बजकर 1 मिनट (भारतीय समयानुसार सुबह 10.30 बजे) से बंद कर दी जाएगी। एजेंसी ने इम्पोर्ट्स को निर्देश दिया है कि इन टैरिफ से जुड़े सभी कोड उसके पेन व्हार्टन बजट माडल के अर्थशास्त्रियों के मुताबिक कोर्ट से इस फैसले से अमेरिकी सरकार को 175 अरब डालर (15.75 लाख करोड़ रुपये) से ज्यादा की कमाई वापस करनी पड़ सकती है। रायटर्स के मुताबिक, आईईईपीए के तहत लगाए गए टैरिफ से अमेरिका की हर दिन 50 करोड़ डालर (4,500 करोड़ रुपये) से ज्यादा की कमाई हो रही थी। अब इन्हें रद्द किए जाने के बाद कंपनियां रिफंड की मांग कर सकती हैं। टूथ सोशल पर ट्रम्प ने कहा कि कई देशों ने अमेरिका को व्यापार में बरसों तक नुकसान पहुंचाया है। ट्रम्प का बयान ऐसे समय पर आया है, जब मंगलवार से भारत समेत सभी देशों पर 15 प्रतिशत टैरिफ शुरू हो जाएगा। दरअसल, कुछ देश 15 प्रतिशत टैरिफ का विरोध कर रहे हैं। ट्रम्प ने ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड जैसे देशों से ट्रेड डील कर 10 प्रतिशत अमेरिकी बेस लाइन टैरिफ चुकाने पर सहमति जताई थी। अब 15 प्रतिशत टैरिफ चुकाना पड़ेगा। इन देशों का कहना है कि ट्रेड डील में जब 10 प्रतिशत टैरिफ पर करार हुआ है तो वे ज्यादा टैरिफ नहीं चुकाएंगे। इस पर ट्रम्प प्रशासन ने कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने ग्लोबल टैरिफ को रद्द किए जाने के बाद कहा कि इस फैसले से उल्टा उनकी ताकत और बढ़ गई है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि सुप्रीम कोर्ट ने अनजाने में उन्हें पहले से ज्यादा अधिकार दे दिए हैं। ट्रम्प ने कहा कि मैं कुछ समय तक 'सुप्रीम कोर्ट' स्माल लेटर में लिखूंगा, क्योंकि मुझे इस फैसले का सम्मान नहीं रहा। उन्होंने फैसले को मूर्खतापूर्ण और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बांटने वाला बताया। इसके बावजूद ट्रम्प का कहना है कि इस फैसले ने यह साफ कर दिया है कि वह दूसरे कानूनों के तहत टैरिफ लगाने की अपनी ताकत का और ज्यादा इस्तेमाल कर सकते हैं। कोर्ट ने बाकी बचे टैरिफ को कानूनीतौर पर मजबूत कर दिया है और अब वह उन्हें और ज्यादा सख्त तरीके से लागू कर सकते हैं। ट्रम्प ने यह भी कहा कि वह लाइसेंस जैसे तरीकों का इस्तेमाल करके देशों के खिलाफ कड़े कदम उठा सकते हैं। उन्होंने दावा किया कि कोर्ट ने बाकी सभी टैरिफ को मंजूरी दे दी है और ऐसे टैरिफ की संख्या काफी ज्यादा है। यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के तीन दिन से ज्यादा समय बाद लागू किया जा रहा है। एजेंसी ने यह नहीं बताया कि इन तीन दिनों में टैरिफ क्यों वसूले जाते रहे। यह भी साफ नहीं किया गया है कि जिन लोगों से पैसा लिया गया है, उन्हें वह वापस मिलेगा या नहीं। यह आदेश सिर्फ आईईईपीए कानून के तहत लगाए गए टैरिफ पर लागू होगा। जबकि नेशनल सिक्योरिटी के नाम पर 'सेक्शन 232' के तहत और अनफेयर ट्रेड केस के 'सेक्शन 301' के तहत लगाए गए टैरिफ जारी रहेंगे और उन पर इस फैसले का कोई असर नहीं पड़ेगा। सीपीबी ने कहा है कि वह व्यापार से जुड़े लोगों को आगे की जानकारी आधिकारिक संदेशों के जरिए देती रहेगी।

### मुझे नहीं पता, कब तक जिंदा रहूंगाः ट्रम्प

■ बहुत लोगों के निशाने पर, दो दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति के रिजार्ट में घुसा था शख्स

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि मैं कब तक जिंदा रहूंगा, यह मुझे नहीं पता। मैं बहुत लोगों की गोली के निशाने पर हूं। ट्रम्प ने वाइट हाउस में प्रेस ब्रीफिंग के दौरान यह बात कही। ट्रम्प के इस बयान को दो दिन पहले उनके रिजार्ट में हुई घुसपैठ से जोड़ा जा रहा है।

दरअसल, रविवार को एक शख्स डोनाल्ड ट्रम्प के मार-ए-लागो रिजार्ट में घुसने की कोशिश कर रहा था। सुरक्षाकर्मियों ने गोली मार दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई है। घटना स्थानीय समयानुसार रविवार रात 1.30 बजे हुई। राष्ट्रपति की सुरक्षा करने वाली एजेंसी सीक्रेट सर्विस ने बताया कि युवक गैरकानूनी तरीके से सुरक्षित इलाके में घुसने की कोशिश कर रहा था। वह अपने साथ शाटगन और फ्यूल केन लेकर आया था। मारे गए युवक की उम्र 20 साल थी, वह नार्थ कैरोलीना का रहने वाला था। फिलहाल उसकी पहचान अभी सार्वजनिक नहीं की गई है। मामले की जांच जारी है। घटना के वक्त राष्ट्रपति ट्रम्प वाशिंगटन डीसी में वाइट हाउस में मौजूद थे। आमतौर पर वह वीकेंड पर मार-ए-लागो में समय बिताते हैं। अधिका. रियों ने युवक से बरामद हुई शाटगन की एक तस्वीर जारी की है। इसमें एक लाल फ्यूल केन भी दिख रही है। सीक्रेट सर्विस के अधिकारियों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि रिजार्ट के नार्थ गेट से एक कार के बाहर निकल रही थी, इसी दौरान युवक ने अंदर घुसने की कोशिश की। उसके पास शाटगन और फ्यूल केन थी। सीक्रेट सर्विस के दो एजेंट्स ने उसे रोका और उससे हथियार और केन गिराने को कहा गया।

### पलाऊ ने प्रशांत क्षेत्र में पहली बार ओपन आरएएन किया तैनात

**वाशिंगटन।** पलाऊ ने प्रशांत क्षेत्र में पहली बार ओपन रेडियो एक्सेस नेटवर्क (ओपन आरएएन) तकनीक की राष्ट्रव्यापी तैनाती की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। पलाऊ नेशनल कम्युनिकेशंस कॉरपोरेशन (पीएनसीसी) ने इस परियोजना के लिए तीन अमेरिकी आपूर्तिकर्ताओं के चयन की घोषणा की है, जिससे यह प्रशांत क्षेत्र में इस तरह की पहली पहल बन गई है। यह उपलब्धि पलाऊ को प्रशांत द्वीप देशों में दूरसंचार नवाचार के अगुआ के तौर पर स्थापित करती है और सुरक्षित, विश्वसनीय तथा लचीले डिजिटल बुनियादी ढांचे के लिए एक क्षेत्रीय मानक तय करती है। प्रशांत क्षेत्र के पहले ओपन आरएएन नेटवर्क के रूप में यह पहल भौगोलिक रूप से बिखरे द्वीप राष्ट्रों में अगली पीढ़ी की कनेक्टिविटी को आगे बढ़ाने में पलाऊ की नेतृत्व भूमिका को दर्शाती है। नई नेटवर्क व्यवस्था से सुरक्षित 4जी और 5जी सेवाएं मजबूत होंगी, डिजिटल आपूर्ति श्रृंखला की लचीलापन बढ़ेगा और अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों के लिए व्यावसायिक अवसरों का विस्तार होगा। ओपन आरएएन के जिरए विक्रेताओं में विविधता और बेहतर इंटरऑपरेबिलिटी संभव होगी।

### भेड़ियों से मवेशियों की रक्षा के लिए किसान चला सकेंगे गोली

**पेरिस।** फ्रांस में भेड़ियों की बढ़ती आबादी और पालतू मवेशियों पर उनके बढ़ते हमलों को देखते हुए सरकार ने कहा है कि किसान अब हमलावर भेड़ियों को अपनी बंदूक का निशाना बना सकेंगे। कृषि मंत्री एनी जेनेवर्ड ने बताया कि सरकार ने इस मसले पर बना कानून अब बदल दिया है।

किसान अपने मवेशियों की हिफाजत के लिए भेड़ियों को गोली मार सकेंगे। किसान को तभी गोली दागने का अधिकार होगा, जब उसके पशु बाड़े में सुरक्षित हों या उसने दूसरे सुरक्षा उपाय अपना रखे हों। रेडियो फ्रांस इंटरनेशनल ने खबर दी है कि अब तक के नियमों के अनुसार, किसानों को भेड़ियों पर गोली चलाने की अनुमति तभी मिलती थी, जब उन्होंने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हों। अब सरकार ने इसे 'हकीकत के साथ तालमेल' बताते हुए बदल दिया है। हालांकि, जो किसान इन छूटों का लाभ उठाएंगे, उन्हें एक साल के भीतर सुरक्षा प्रणाली स्थापित करने की प्रतिबद्धता देनी होगी। साल 2025 में फ्रांस में भेड़ियों के हमलों में लगभग 12,000 पालतू जानवर मारे गए। भेड़िए अब फ्रांस के 60 से अधिक इलाकों में फैल चुके हैं, जबकि पहले वे केवल 10 क्षेत्र तक सीमित थे। सरकार ने 2026 के लिए भेड़ियों को मारने का संख्या बढ़ाकर कुल तादाद (1082) का 21 प्रतिशत कर दिया है। इसका मतलब है कि इस साल लगभग 248 भेड़ियों को मारा जा सकेगा।

### अमेरिका के न्यूक्लियर एयरक्राफ्ट कैरियर के टायलेट जाम

#### 45 मिनट लाइन में लगना पड़ रहा, मरम्मत के लिए टेक्नीशियन और सैनिकों में झड़प



■ पिछले साल मार्च में भी चार दिन में 205 टायलेट खराब होने की शिकायत सामने आई थी

**तेल अवीव।** ईरान की तरफ बढ़ रहा अमेरिकी न्यूक्लियर एयरक्राफ्ट कैरियर यूएस जेराल्ड फोर्ड एक अलग ही संकट से जूझ रहा है। जहाज के ज्यादातर टायलेट जाम हो चुके हैं।

इससे 4500 से ज्यादा नौसैनिकों को रोज 45 मिनट तक लाइन में लगना पड़ रहा है। संकरी पाइपलाइन और वैक्यूम-बेस्ड सिस्टम की डिजाइन में खामी के चलते टायलेट बार-बार जाम हो रहे हैं। जहाज वैक्यूम-बेस्ड सीवेज सिस्टम पर चलता है, जिसमें एक वाल्व खराब होने से पूरे डिपार्टमेंट का टायलेट सिस्टम बंद हो जाता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, टेक्नीशियन और सैनिकों के बीच झड़प की भी खबर है, क्योंकि मरम्मत करने वाले इंजीनियर रोज लगभग 19 घंटे काम कर रहे हैं। पिछले साल मार्च में भी चार दिन में 205 टायलेट खराब होने की शिकायत सामने आई थी। यूएस जेराल्ड फोर्ड 600 से ज्यादा मौजूद है, जो 10 अलग-अलग जोन में बंटे हैं। यह एयरक्राफ्ट कैरियर बीते आठ महीने से समुद्र में है, लगातार आपरेशनल मूवमेंट की वजह से रूटीन मेंटेनेंस नहीं हो पाया है। करीब 13 बिलियन डालर की लागत से बना यह युद्धपोत दुनिया का सबसे महंगा माना जाता है। इस एयरक्राफ्ट कैरियर को 2017 में कमीशन किया गया था। सीवेज समस्या के पीछे जिस तकनीक का जिक्र हो रहा है, उसे वैक्यूम-बेस्ड वीसीएचटी सिस्टम कहा जाता है। यह आम घरों में इस्तेमाल होने वाले टायलेट सिस्टम से बिल्कुल अलग तरीके से काम करता है। वीसीएचटी का पूरा नाम वैक्यूम कलेक्शन, होल्डिंग एंड ट्रांसफर सिस्टम है। यह खास तरह का सीवेज मैनेजमेंट सिस्टम होता है, जो बड़े जहाजों और क्रूज शिप में लगाया जाता है। इसका मकसद कम पानी में टायलेट वेस्ट को इकट्ठा करना और सुरक्षित तरीके से स्टोर व ट्रांसफर करना होता है। घर के टायलेट में फ्लश करने पर पानी के दबाव और गुरुत्वाकर्षण (ग्रैविटी) से गंदगी नीचे सीवर में चली जाती है। लेकिन समुद्र में चलने वाले जहाजों पर ऐसा सिस्टम पूरी तरह कारगर नहीं होता वीसीएचटी सिस्टम में फ्लश दबाते ही पाइप में वैक्यूम (सक्शन) बनता है। यह सक्शन गंदगी को खींचकर पाइप के जरिए एक बड़े टैंक तक पहुंचा देता है।


### लागोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आग लगने से छह घायल

**लागोस।** नाइजीरिया के शहर लागोस में मुर्तला मुहम्मद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (एमएमआईए) के ओल्ड टर्मिनल-1 में सोमवार को आग लग गई, लेकिन एयरपोर्ट प्रबंधन ने बिना किसी बड़े नुकसान के इस पर काबू पा लिया और उड़ान परिचालन पूरी तरह बहाल कर दिया गया।

लागोस के एयरपोर्ट पुलिस कमान ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। कमान के जनसंपर्क अधिकारी एएसपी मोहम्मद अदेओला द्वारा जारी बयान में कहा गया कि 23 फरवरी को हुई इस घटना को सफलतापूर्वक नियंत्रित कर लिया गया। आग की घटना के कारण उड़ान परिचालन बाधित हुआ था, कई यात्री फंस गए थे और कुछ अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों को मोड़ना पड़ा था, क्योंकि इससे कंट्रोल टावर की गतिविधियां प्रभावित हुई थीं। आग बुझाने के दौरान टर्मिनल के कुछ हिस्सों से घना धुआं उठता देखा गया और दमकलकर्मियों को कई घंटों तक मशक्कत करनी पड़ी। कमान ने बताया कि उसी दिन बाद में स्थिति को स्थिर कर लिया गया। बयान में कहा गया कि एयरपोर्ट पुलिस कमान, इकेजा, लागोस, जनता को सूचित करते हुए प्रसन्नता व्यक्त करता है कि मुर्तला मुहम्मद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के ओल्ड टर्मिनल-1 भवन में लगी आग को सफलतापूर्वक काबू में कर लिया गया है। अदेओला ने कहा कि ओल्ड टर्मिनल भवन के एक हिस्से में लगी आग को सभी संबंधित एजेंसियों के समन्वित प्रयासों से पूरी तरह बुझा दिया गया।

# चीन ने 2020 में छिपकर न्यूक्लियर टेस्ट कियाः अमेरिका

## वॉशिंगटन ने कहाः 6 साल में 400 परमाणु हथियार बनाए



■ 2030 तक 1000 से ज्यादा होंगे, चीन का आरोप-अमेरिका खुद परीक्षण शुरू करना चाहता है

**वाशिंगटन।** अमेरिका और चीन के बीच परमाणु हथियारों को लेकर तनाव फिर से बढ़ गया है। अमेरिकी अधिकारियों ने आरोप लगाया है कि चीन ने छह साल पहले 2020 में एक सीक्रेट न्यूक्लियर टेस्ट किया था।

अमेरिकी विदेश विभाग के सहायक सचिव क्रिस्टोफर येव ने कहा कि 22 जून 2020 को चीन के पश्चिमी इलाके में स्थित लोप नूर में अंडरग्राउंड न्यूक्लियर टेस्ट सेंटर पर एक विस्फोट हुआ था। यह विस्फोट 2.75 तीव्रता का था, जिसकी जानकारी पड़ोसी देश कजाकिस्तान के स्टेशन से मिली। येव ने इसे एक परमाणु विस्फोट बताया। उन्होंने कहा कि भूंकप माइनिंग विस्फोट से अलग थे। यह एक सिंगल फायर एक्सप्लोजन की तरह था, जो परमाणु परीक्षण की निशानी है। येव ने कहा कि चीन ने जानबूझकर अपनी परमाणु ताकत बढ़ाई है। उन्होने बताया कि 2020 से अब तक चीन के परमाणु हथियार 200 से बढ़कर 600 से ज्यादा हो गए हैं। अनुमान है कि 2030 तक यह संख्या 1000 से ऊपर पहुंच जाएगी। यह दावा ऐसे समय में आया है जब इस महीने अमेरिका और रूस के बीच का आखिरी बड़ा परमाणु समझौता न्यू स्टार्ट संधि खत्म हो गया है। इस संधि के खत्म होने के साथ ही दुनिया की दो सबसे बड़ी परमाणु शक्तियों के हथियारों पर लगी सीमाएं हट गई हैं, जिससे नए न्यूक्लियर हथियारों की दौड़ की आशंका बढ़ गई है। अमेरिका अब चीन और रूस से पारदर्शिता और खतरनाक हथियारों को सीमित करने की मांग कर रहा है, जबकि चीन इन आरोपों को बेबुनियाद बता रहा है। येव ने जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र समर्थित निरस्त्रीकरण (हथियारों का त्याग) कान्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि न्यू स्टार्ट समझौते की सबसे बड़ी कमी यह थी कि इसमें चीन के तेजी से बढ़ते और गोपनीय परमाणु कार्यक्रम को शामिल नहीं किया गया। पिछले कुछ सालों में परमाणु हथियारों को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई विवाद हुए हैं। 2010 में अमेरिका और रूस ने न्यू स्टार्ट संधि पर हस्ताक्षर किए थे, जो दोनों देशों के रणनी. तिक परमाणु हथियारों की संख्या को सीमित करती थी। इस संधि के तहत दोनों देशों को अपने परमाणु वारहेड्स को 1550 तक सीमित रखना था और मिसाइलों और बाम्बर्स की संख्या पर भी पाबंदी थी। इस संधि में रूस के गैर-रणनीतिक परमाणु हथियारों, जैसे छोटी दूरी के हथियारों को शामिल नहीं किया गया था। ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल में अमे. रिका, रूस और चीन के बीच तीन तरफा परमाणु समझौते की को. शिश की थी, लेकिन यह असफल रही।


### भारत-जर्मनी के उद्योग जगत के बीच बाधाओं को दूर करता आईजीएसटीसीः डॉ. कुसुमिता

**नई दिल्ली।** भारत-जर्मन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र (आईजीएसटीसी) की निदेशक डॉ. कुसुमिता अरोरा ने कहा कि आईजीएसटीसी भारत और जर्मनी दोनों के शिक्षाविदों और उद्योग जगत को एकजुट करके विभिन्न क्षेत्रों के बीच की बाधाओं को दूर करता है।

भारत-जर्मन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र ने आज यहां 'एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन' पर रणनीतिक सम्मेलन 2026 का आयोजन किया। इस अवसर पर आईजीएसटीसी की निदेशक डॉ. कुसुमिता अरोरा ने कहा कि यह सम्मेलन प्रमुख हितधारकों यानी सरक. ारी क्षेत्र की हस्तियों, संरक्षण विशेषज्ञों, अकादमिक अनुसंधानकर्ताओं और उद्योग जगत के विशेषज्ञों को एक साझा मंच पर लाने का प्रयास है। आईजीएसटीसी भारत और जर्मनी दोनों के शिक्षाविदों और उद्योग जगत को एकजुट करके विभिन्न क्षेत्रों के बीच की बाधाओं को दूर करता है।

यह अनूठा सहयोग सुनिश्चित करता है कि अनुसंधान केवल जर्नलों तक सीमित न रहे, बल्कि सीधे औद्योगिक समाधानों और सार्वजनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर में परिवर्तित हो। भारत का जलपुरुष के रूप में विख्यात डॉ. राजेंद्र सिह ने सामुदायिक नेतृत्व वाले जल संरक्षण मॉडल और जल संचयन में पारंपरिक ज्ञान पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने नदियों के जीर्णोद्धार, पारंपरिक जलाशयों के पुनरुद्धार और स्थानीय समुदायों को जल संसाधनों के सतत प्रबंधन के लिए सशक्त बनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि जल प्रशासन जन-केंद्रित होना चाहिए।

यौन समस्याएं



यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108